## जिला पोषण समिति की बैठक संपन्न

अंबेडकर नगर, जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराग जैन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश मिश्रा द्वारा अवगत कराया गया कि माह जून 2023 से सितंबर 2023 तक संचालित संभव अभियान के दौरान समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का वजन/ लंबाई/ ऊंचाई लेते हुए सैम, मैम एवं अल्प वजन का चिन्हांकन किया गया तथा सैम बच्चों का एनआरसी संदर्भन एवं ई कवच पोर्टल पर फीडिंग भी किया गया। माह जुलाई में कुल 2089 बच्चे सैम के पाए गए, जिसमें कुल 16 बच्चों का एनआरसी में संदर्भन भी किया गया गर्भवती महिलाओं को फोकस करते हुए प्रथम माह की गर्भवती का गोद भराई कार्यक्रम/ वजन माप / ऊंचाई लेते हुए कुपोषण की पहचान करना, 4 ए एन सी चेकअप, आयरन, फोलिक एसिड के सेवन, पांच का पंच थीम के तहत और 4एएन सी चेकअप, टी एच आर, आयरन, कैल्शियम की गोली वजन पोषण परामर्श संस्थागत प्रसव नवजात शिशु का पहले घंटे में स्तनपान आदि पर कार्य किया जा रहा है।


देवीपाटन मण्डल का प्रथम हिन्दी दैनिक

# त्रिगुट



नासिरा प्रेस

मालवीयनगर-गोण्डा

मो0-9236750993



हमारे यहां शादी कार्ड, मुण्डन कार्ड, हैण्डबिल, पोस्टर, स्टीकर आदि की छपाई उचित दर पर होती है।

एक बार सेवा का अवसर अवश्य दें।



गोण्डा शुक्रवार 25 अगस्त 2023 वर्ष 39 अंक 10 रजि0 नं0 46071/85 (हिन्दी दैनिक समाचार पत्र) फोन/फैक्स–05262-230683 डाक पंजीयन संख्या–NP/GONDA-30/2003 पृष्ठ– 8 मूल्य 2.00 रुपये


# लालफीताशाही से लाल कालीन की ओर बढ़ा है भारत -नरेंद्र मोदी



जोहानसबर्ग (ईएमएस)। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत लालफीताशाही से लाल कालीन की ओर बढ़ गया है। यही वजह है ?कि पिछले नौ वर्षों में निर्बाध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह को सक्षम किया है। गुरुवार को जी20 व्यापार और निवेश मंत्रिस्तरीय बैठक के एक आभासी संबोधन में पीएम मोदी ने जी20 सदस्य देशों से एक लचीला और समावेशी वैश्विक मूल्य श्रृंखला बनाने का आह्वान किया जो भविष्य के झटकों का सामना कर सके। पीएम मोदी ने कहा ?कि हम लालफीताशाही से लाल कालीन की ओर चले गए हैं और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह को उदार बनाया है। हमने मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी पहल ने विनिर्माण को बढ़ावा दिया है। इन सबसे बढ़कर, हम नीतिगत स्थिरता लाए हैं। हम प्रतिबद्ध हैं ?कि अगले कुछ वर्षों में भारत को तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनाने के लिए कमा करेंगे। पीएम ने कहा कि दुनिया भारतीय अर्थव्यवस्था को विश्वास भरी नजरों से देख रही है और भारत को अवसरों तथा खुलेपन का संयोजन माना जा रहा है।

जी 20 व्यापार एवं निवेश मंत्रियों की बैठक को वीसी के जरिए संबोधित करते हुए पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में भारत पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बन गया और उसने प्रतिस्पर्धा का माहौल तथा पारदर्शिता बढ़ाई है। उन्होंने कहा ?कि आज हम भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर वैश्विक स्तर पर आशावाद तथा विश्वास देखते हैं। भारत को खुलेपन, अवसरों और विकल्पों के संयोजन के रूप में देखा जाता है। भारत ने डिजिटलीकरण का विस्तार किया है और नवाचार को बढ़ावा दिया है। मोदी ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं ने विश्व अर्थव्यवस्था की परीक्षा ली और जी20 के सदस्यों के रूप में यह देशों की जिम्मेदारी है कि वे अंतरराष्ट्रीय व्यापार तथा निवेश में विश्वास का पुनर्निर्माण करें। बैठक में पीएम ने कहा कि हमें मजबूत और समावेशी वैश्विक मूल्य श्रृंखलाएं बनानी चाहिए जो भविष्य में पेश होने वाली चुनौतियों का सामना कर सकें। इस संदर्भ में, वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के मानचित्रण के लिए एक सामान्य ढांचा बनाने का भारत का प्रस्ताव महत्वपूर्ण है। उन्होंने ई-वाणिज्य की वृद्धि पर कहा कि बड़े और छोटे विक्रेताओं के बीच समान प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक रूप से काम करने की जरूरत है। एमएसएमई हमारे निरंतर समर्थन की जरूरत है, जो कि सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यमों को अधिकतम समर्थन है। मुझे विश्वास है कि यह सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक रूप से काम करेंगे ता ?कि वैश्विक व्यापार प्रणाली धीरे-धीरे समावेशी भविष्य में बदल जाए।

## जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने आ रहे बाइडेन

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत में अगले माह यानी सितंबर में जी20 देशों का शिखर सम्मेलन होने जा रहा है। भारत इस बार जी20 देशों के शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। इस सम्मेलन में दुनिया के कई देशों के प्रमुख भाग लेने वाले हैं। इसके बाद अमेरिका की ओर से एक आधिकारिक बयान जारी किया गया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने वाले हैं। राष्ट्रपति बाइडन 7-10 सितंबर तक भारत दौरे पर रहने वाले हैं। जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति बाइडन स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और जलवायु परिवर्तन से निपटने, यूक्रेन संघर्ष के आर्थिक और सामाजिक प्रभावों को कम करने सहित वैश्विक मुद्दों से निपटने के लिए कई संयुक्त प्रयासों पर चर्चा करने वाले हैं। साथ ही बाइडन जी20 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की भी सराहना करने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक बयान में कहा गया है कि राष्ट्रपति बाइडन और जी20 साझेदार स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के अलावा वैश्विक मुद्दों से निपटने के लिए कई संयुक्त प्रयासों पर भी चर्चा करने वाले हैं। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक में सुधार पर बल देने वाले हैं, ताकि विकासशील देशों को ज्यादा मदद हो सके।

# जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने दिए प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में हुए पुनर्निर्माण कार्यों की जांच के आदेश

## स्कूलों के निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए की गई कार्यवाही



निज संवाददाता

गोण्डा। जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने जनपद में बेसिक शिक्षा परिषद के निर्माणाधीन प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों की गुणवत्ता की जांच के आदेश गुरुवार को जारी कर दी हैं। बेसिक शिक्षा परिषदीय विद्यालय परिसरों में जीर्ण-शीर्ण 202 प्राथमिक विद्यालय तथा 18 उच्च प्राथमिक विद्यालय भवनों के ध्वस्तीकरण के उपरान्त पुनर्निर्माण का कार्य उत्तर प्रदेश स्टेट कांस्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलेपमेंट कारपोरेशन लि. (सिडको) द्वारा किया जा रहा है। उक्त पुनर्निमाण कार्यों को मानक व गुणवत्तायुक्त कराने के लिए यह तकनीकी जांच शुरू की गई है। जांच के लिए लोक निर्माण विभाग, प्रान्तीय खण्ड तथा ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के सहायक अभियंताओं को तहसीलवार विद्यालय आवंटित किए गए हैं। जांच टीम को आवंटित तहसील के न्यूनतम 10 विद्यालयों के पुनर्निर्माण कार्य की तकनीकी सत्यापन आख्या 10 दिन के अंदर उपलब्ध कराने के आदेश दिए गए हैं। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा है कि निर्माणाधीन प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों पुनर्निमाण कार्यों में मानक व गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता है। स्पष्ट किया कि रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में 10 प्रतिशत भुगतान भी रोका सिडको द्वारा किए जा रहे पुनर्निर्माण कार्य हेतु प्राथमिक विद्यालय की इकाई लागत 15.14 लाख रुपये तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय की ईकाई लागत 28.22 लाख रुपये है। बीते दिनों जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के स्तर पर सिडको के भुगतान की दूसरी किस्त जारी करने का प्रस्ताव भेजा गया था। जिसमें, सिडको की अवशेष धनराशि 1687.751 लाख रुपये में से नियमानुसार तृतीय किस्त 5 प्रतिशत की धनराशि रुपये 169.3964 लाख रोकने हुए दूसरी किस्त जारी करने की अनुमति मांगी गई थी। इस पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा द्वारा सिडको के अवशेष भुगतान में 10 प्रतिशत धनराशि रोकने के भी आदेश दिए गए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, एक्सईएएन प्रान्तीय खंड, निर्माण खंड 1, निर्माण खंड 2, आरईडी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त मोहम्मद अब्बास सहित सभी निर्माण कार्यदायी संस्था के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## उपस्थित न होने पर वेतन रोकने की होगी कार्यवाही

गोण्डा। मण्डलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने उन सभी मण्डलीय अधिकारियों को जो देवीपाटन मण्डल के साथ-साथ अन्य मण्डलों का भी कार्य देख रहे है, को देवीपाटन मण्डल में शासकीय कार्य सम्पादन हेतु प्रत्येक सप्ताह में तीन कार्य दिवस की तिथि तथा मुख्यालय एवं आवास का पता, वाट्सएप मोबाइल नंबर व ई-मेल आईडी की सूचना तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिये है। मण्डलायुक्त ने बताया कि मण्डलीय अधिकारियों द्वारा देवीपाटन मण्डल में तिथि व स्थान निर्धारित नही होने के कारण मण्डल में किये जा रहे शासकीय कार्यों की समीक्षा किया जाना सम्भव नही हो पाता है। मण्डलायुक्त ने सभी मण्डलीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए है कि निर्धारित तिथि पर कार्यालय व मुख्यालय पर उपस्थित नही रहने पर सम्बन्धित अधिकारी वेतन बाधित कर दिया जायेगा तथा अनुशासनिक कार्यवाही भी की जायेगी।

# चांद फतह के बाद अब सूरज की टोह लेने इसरो ने शुरू की तैयारी

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत के चंद्रयान 3 ने भले ही इ ?तिहास रच दिया, लेकिन इसरो की पहल यहीं समाप्त नहीं हुई है। चांद फतह के बाद अब सूरज के रहस्यों का पता लगाने के लिए इसरो ने मिशन आदित्य एल-1 की शुरुआत कर दी है। यह सोलर मिशन पीएम नरेन्द्र मोदी की निगहबानी में होगा। इसरो की मानें तो इसका सफर धरती से 15 लाख किमी का होगा। गौरतलब है ?कि 23 अगस्त 2023 की तारीख इतिहास के पन्नों में दर्ज हो चुकी है। इसरो के चंद्रयान-3 ने बुधवार शाम 6 बजकर 4 मिनट पर चांद पर सफलतापूर्वक लैंडिंग कर दिखाई। लैंडिग होते ही पूरा भारत जोश से झूम उठा। हर तरफ तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई दी। भारत का चंद्रयान जैसे ही चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर पहुंचा, ये इतिहास रचने वाला विश्व का पहला देश भारत बन गया। लेकिन ये तो बस अभी शुरुआत है। चांद के बाद अब सूरज की बारी है। दरअसल, इसरो जल्द ही सूरज के बारे में जानने के लिए एक मिशन की शुरुआत कर रहा है। इस सोलर मिशन का नाम आदित्य एल-1 है। इसका ऐलान खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। आदित्य एल-1 सूरज के रहस्यों का अध्ययन करने वाला भारत का पहला मिशन होगा।

इसरो से मिली जानकारी के अनुसार ये स्पेसक्राफ्ट लॉन्च किए जाने के पूरे चार महीने बाद सूरज-पृथ्वी के सिस्टम में लैगरेंज पॉइंट-1 तक पहुंचेगा, जो कि धरती से 15 लाख किलोमीटर दूर है। लैगरेंज प्वाइंट 1 के चारों तरफ एक हेलो ऑर्बिट में होने के कारण इस प्वाइंट पर सूरज के ग्रहण का असर नहीं पड़ता। जिसके कारण वहां पर आसानी से शोध किया जा सकेगा। जल्दी ही अंतरिक्ष में आदित्य एल-1 नाम की ऑब्जर्वेटरी को भेजा जाएगा। इसे लॉन्च कब किया जाएगा इसकी तारीख तो फिलहाल तय नहीं की गई है। लेकिन इस मिशन को सितंबर के पहले हफ्ते में लॉन्च किया जा सकता है। आदित्य एल-1 स्पेसक्राफ्ट को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च किया जाएगा।

यहां गौरतलब है कि भारत पहली बार सूरज पर रिसर्च करने जा रहा है। लेकिन अब तक सूर्य पर कुल 22 मिशन भेजे जा चुके हैं। इन मिशन को पूरा करने वाले देशों में अमेरिका, जर्मनी, यूरोपियन स्पेस एजेंसी शामिल है। सबसे ज्यादा मिशन नासा ने भेजे हैं। यूरोपियन स्पेस एजेंसी ने भी नासा के साथ मिलकर ही अपना पहला सूर्य मिशन साल 1994 में भेजा था। नासा ने अकेले 14 मिशन सूर्य पर भेजे हैं। नासा के पार्कर सोलर प्रोब नाम के एक व्यक्ति ने सूर्य के आसपास से 26 बार उड़ान भरी है। नासा ने साल 2001 में जेनेसिस मिशन लॉन्च किया था। इसका मकसद था सूरज के चारों तरफ चक्कर लगाते हुए सौर हवाओं का सैंपल लेना।

## चंद्रयान-3 की सफलता को सोनिया गाँधी ने बताया गौरवपूर्ण उपलब्धि, इसरो प्रमुख को दी बधाई

नई दिल्ली (ईएमएस)। कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष सोनिया गाँधी ने चंद्रयान 3 की सफलता पर इसरो प्रमुख को पत्र लिखकर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इसकी उत्कृष्ट क्षमताएं दशकों में विकसित हुई हैं। इसरो अध्यक्ष एस. सोमनाथ को लिखे अपने बधाई पत्र में सोनिया गांधी ने कहा, कि यह आपको बताने के लिए है कि कल (बुधवार) शाम इसरो की शानदार उपलब्धि से मैं कितनी रोमांचित हूँ। यह सभी भारतीयों, विशेषकर युवा पीढ़ी के लिए बहुत गर्व और उत्साह की बात है। पूर्व कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि इसरो की उत्कृष्ट क्षमताएं दशकों में बनी हैं। इसके पास उल्लेखनीय नेतृत्व और सामूहिक प्रयास की भावना ने इसे हमेशा प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि 60 के दशक की शुरुआत से आत्मनिर्भरता पर टिके रहने का इसकी बड़ी सफलताओं में योगदान है। उन्होंने कहा ?कि मैं पूरी इसरो बिरादरी को शुभकामनाएं देती हूं और इस महत्वपूर्ण अवसर पर इसके प्रत्येक सदस्य को हार्दिक बधाई देती हूं।

वहीं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी चंद्रयान की सफल लैंडिंग के बाद इसरो की टीम को बधाई दी। राहुल ने कहा, आज की उपलब्धि के लिए इसरो की टीम को बधाई। चंद्रमा के अज्ञात दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग हमारे वैज्ञानिक समुदाय की दशकों की जबरदस्त प्रतिभा और कड़ी मेहनत का परिणाम है।

# आनन्द अग्रवाल व्यापार संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर नया दायित्व, होगा समाज का कल्याण



आनन्द गुप्ता/जीशान अहमद

बहराइच। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश व राजस्थान में होने वाले विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत उप्र के चर्चित व्यापारी नेता व सांसद पूर्व मंत्री नरेश अग्रवाल को व्यापारियों में केन्द्र सरकार की उपलब्धियों और लघु व कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने व सुरक्षा के साथ उनकी हर समस्या का निदान कराने की बात को लेकर समाज जागरूकता हेतु प्रभारी बना कर नया दायित्व सौंपा है।यह जानकारी श्री नरेश के करीबी और अखिल भारतीय व्यापार संगठन के नव पदारूढ़ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री आनन्द अग्रवाल ने दी। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं पर मंथन व उन्हें एकजुट करने के लिए दिसम्बर माह में व्यापारी सम्मेलन किया जावेगा ।जिसमें व्यापारी समाज अपनी आवाज बुलंद करेंगे। श्री आनन्द अग्रवाल शहर में गुरुवार को व्यापारियों की बैठक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उनके साथ प्रदेश मंत्री विमल डालमिया, जिलाध्यक्ष सुरेश सुल्तानिया, अतीश केडिया ,मनोज गुप्ता सहित व्यापारी समाज के तमाम जिम्मेदार मौजूद रहे।

# चैता कजरी नकटा लोकगीत की प्रस्तुति से दर्शक सराबोर हुए

अयोध्या संवाददाता

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में बुधवार को अवधी महोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में श्रोताओं ने अवधी लोकगीत, लोकनृत्य लोक नाट्य व काव्य सम्मेलन का आनन्द उठाया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल एवं मुख्य अतिथि महापौर गिरीशपति त्रिपाठी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ महोत्सव का शुभारम्भ किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में चैता कजरी नकटा लोकगीत की प्रस्तुति ने दर्शकों को सराबोर कर दिया। इसमें बबीता और ग्रुप के साथ श्वेता, अंजू गिरी, राजू रंगीला और कृष्ण नारायण संगतकार रहे। कार्यक्रम में कहरवा और अहिरवा नृत्य की प्रस्तुति विश्वविद्यालय के अवधी भाषा साहित्य एवं संस्कृति विभाग के विद्यार्थी रामजीत निषाद और उनके सहयोगियों में राम अनुज निषाद, अभिषेक निषाद, अवनीश कुमार द्वारा प्रस्तुत की गई। वहीं लोकनाट्य प्रस्तुति पीके गौण के निर्देशन में पंचवटी में राम शीर्षक से हुई। इसकी प्रस्तुति शिव ओम पांडेय, श्रीकांत, गौरव, अंकित, लता, मानसी, टिया, मंजू गोस्वामी, रामजीत निषाद ने की।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में अवधी काव्य सम्मेलन का भी आयोजन किया गया जिसमें अवधी कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से सुंदर प्रस्तुति की। इसमें नेपाल से आए अवधी के विद्वान एवं कवि निरहू यादव, श्याम प्रकाश लाल श्रीवास्तव, नीरा कोरी, वैरागी, कमलेश चंद गुप्ता, अवधेश यादव, बृजेश यादव, धर्मेंद्र चैधरी काव्य पाठ से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। गोसाईगंज से दीपक वर्मा, प्रीतम श्रावस्तवी श्रावस्ती से, बहराइच से प्रमोद साधक, अयोध्या से हिमांशु श्रीवास्तव, लखीमपुर खीरी से ज्ञान प्रकाश आकुल अवधी कवि सम्मेलन की अध्यक्षता की। इसी क्रम में विश्वविद्यालय की छात्राओं में साक्षी सिंह, लाडली सिंह, कीर्ति मिश्रा ने भी अवधी भजनों कर भाव विवहल कर दिया। कार्यक्रम का संचालन छात्र दीपक चैरसिया ने की। धन्यवाद ज्ञापन अवधी भाषा साहित्य एवं संस्कृति विभाग के डॉ0 प्रत्याशा मिश्रा ने किया। मंचीय सहयोग अंकुर वर्मा, कर्मवीर यादव, रजनीश वर्मा, साक्षी सिंह, संजय मिश्रा, तनु पाण्डेय, सत्यम, एश्वी व आकाश मिश्रा ने किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो0 नीलम पाठक, संयोजक डॉ0 सुरेन्द्र मिश्र, डॉ0 दिनेश कुमार सिंह, डॉ0 प्रभात कुमार सिंह, डॉ0 प्रज्ञा पाण्डेय, वल्लव पाण्डेय, स्वतंत्र कुमार त्रिपाठी, सीमा तिवारी, डॉ0 प्रतिभा देवी, डॉ0 स्नेहा, डॉ0 प्रतिभा सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में विभागीय कार्यो एवं कर-करेत्तर राजस्व वसूली की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न



निज संवाददाता

गोण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में विभागीय कार्यों एवं कर-करेत्तर राजस्व वसूली की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मण्डी समिति, श्रम विभाग, स्टांप, वाणिज्य कर विभाग, वन विभाग, खनन विभाग, नवीन परती, खलिहान, अवैध कब्जा, परिवहन विभाग, आबकारी विभाग, भू-राजस्व, स्टाम्प देय, विद्युत विभाग, बांटमाप, आईजीआरएस आदि पर समीक्षा की गई। जिसमें कम वसूली किये जाने पर संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये हैं कि वसूली में और तेजी लायें। बैठक में सीआरओ ने विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के निर्देश दिए। बैठक में सभी उप जिलाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व वसूली में तेजी लायें। बैठक में सभी उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देश दिए हैं कि पुराने मुकदमों को गहनता पूर्वक देखते हुए अधिक से अधिक निस्तारण करना सुनिश्चित करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

वहीं बैठक में डीएम ने सभी तहसील के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि धारा 24 के मुकदमों को समय से अधिक से अधिक निस्तारण करें, ताकि धारा 24 का मुकदमा किसी भी तहसील स्तर पर लंबित न रहे।

बैठक में सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि अपने अपने कार्यालय में समय से बैठकर जनता की समस्याओं का समाधान समय से करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कर- करेत्तर एवं राजस्व वसूली की मासिक समीक्षा बैठक के दौरान वसूली की प्रगति कम पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए वसूली अधिक से अधिक बढ़ाए जाने की निर्देश दिए हैं।

वहीं समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि सबसे कम वसूली करने वाले अमीनो के खिलाफ विभागीय कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। बैठक में डीएम ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदार, नायब तहसीलदार को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि अपने-अपने कोर्ट में बराबर बैठकर अधिक से अधिक केसों का निस्तारण करें, सभी केसों की बराबर नियमानुसार सुनवाई करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल, प्रभागीय वनाधिकारी पंकज कुमार शुक्ल, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सिटी मजिस्ट्रेट चंद्रशेखर, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, अपर उपजिलाधिकारी द्वितीय, समस्त तहसीलदार, समस्त नायब तहसीलदार, आरटीओ बबीता वर्मा एवं एआरटीओ परवर्तन शैलेंद्र त्रिपाठी, आबकारी अधिकारी, वाणिज्य कर विभाग, चकबंदी विभाग सहित अन्य संबंधित विभाग के अन्य सभी अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# विज्ञान के मॉडल बना करके समाज के लिए उपयोगी संदेश दिया



त्रिगुट संवाददाता

गोण्डा। शहर के गायत्री पुरम में स्थित ए पी एस ग्लोब स्कूल गोंडा में विज्ञान ई एक्स प्रकार की विज्ञान के मॉडल बना करके समाज के लिए उपयोगी संदेश दिया और उक्त मॉडल के द्वारा बताया कि हम अपने जीवन को विज्ञान के माध्यम से कितना आसान बना सकते हैं। कार्यक्रम में नृपेंद्र मिश्रा, अजय विक्रम सिंह, प्रबंधक अजय प्रकाश सिंह ,अतुल श्रीवास्तव ,अंतिम सिंह, अजरा सीमिन ने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की ।इस अवसर पर शुभम श्रीवास्तव ,वर्तिका श्रीवास्तव ,रिशु सिंह, काजल, काजोल वर्मा, शिवानी सिंह, अर्पिता ,प्रीति गौतम, चंदन ,मयंक आदि उपस्थित रहे।

# संस्कृत के विषय में कराया गया जागरुक




त्रिगुट संवाददाता

गोण्डा। संस्कृत भाषा हमारी मातृ भाषा है। संस्कृत भाषा धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है। संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने संस्कृत घर-घर में बोलने तथा विद्यालय में पढ़ाने पर जोर दे रहे है। जिसमें, विनय श्रीवास्तव, धीरज मैदानी, अनिल गौतम डा0 चन्द्रकला शाक्या तथा डा0 स्तुति गोस्वामी के उपस्थिति में शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को संस्कृत के विषय में जागरूक कराया। गृहे-गृहे संस्कृत योजना के माध्यम से संस्कृत संस्था द्वारा 54 जनपदों में योजना चलायी जा रही है। गृहे-गृहे संस्कृत योजना के माध्यम से गोण्डा शहर में प्रशिक्षिका सुशीला सोनी द्वारा प्राथमिक विद्यालय राधाकुण्ड नगर क्षेत्र (गाँधी पार्क) में 11.08.2023 को उद्घाटन किया गया था जिसका समापन सम्पन्न कराया गया जिसमें प्रधानाध्यापक बृजेश शुक्ला, मोनिका व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## रक्षाबंधन पर खरीदारी और व्यापार के लिए शुभ योग

बरेली। श्रावण शुक्ल पूर्णिमा पर पड़ने वाला रक्षाबंधन का पर्व इस बार दो दिन मनाया जाएगा। खास बात यह है कि 24 साल के बाद रवि योग के साथ शतभिषा नक्षत्र और बुधादित्य योग का संयोग है। यह खरीदारी और व्यापार के लिए शुभ है। ज्योतिषियों के अनुसार, रक्षाबंधन के दिन शुभ मुहूर्त में सुकर्मा योग बन रहा है। यह योग 30 अगस्त को रात्रि 9:33 बजे से 31 अगस्त की शाम 5:16 बजे तक रहेगा। इस बार गुरु-शनि वक्री होकर स्वराशि में रहेंगे। स्वराशि में वक्री शनि-गुरु और तीन शुभ योग का संयोग 200 साल बाद बना है। इसमें रवि योग, बुधादित्य योग और सुकर्मा योग हैं। इसलिए मेष, कन्या, मकर तथा मीन राशि के लिए यह पर्व बहुत शुभ होगा। अन्य के लिए सामान्य फल देगा। 30 अगस्त बुधवार को पूरे दिन भद्रा रहेगी। इस दिन रात 9:03 बजे के बाद राखी बंधवा सकते हैं। 31 अगस्त बृहस्पतिवार को सुबह 7:07 बजे तक शुभ समय है। इससे पहले राखी बांध सकते हैं। पंचांग के अनुसार, श्रवण मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 30 अगस्त को सुबह 10:59 बजे से आरंभ होगी और 31 अगस्त को सुबह 7:05 बजे समाप्त हो जाएगी। इस दिन भद्रा काल का निर्माण हो रहा है जो 30 अगस्त की रात्रि 9:01 बजे तक रहेगा। राखी बांधने के लिए शुभ मुहूर्त इसी समय शुरू होगा। 31 अगस्त को सूर्योदय पूर्णिमा में होगा। अतः इस पूरे दिन रक्षा बंधन मना सकते हैं।

## मानदेय भुगतान को लेकर एडी कार्यालय पर आशा का धरना

बस्ती। मानदेय भुगतान को लेकर मंगलवार को एडी हेल्थ कार्यालय पर आशा ने धरना दिया। कर्मियों व अधिकारियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया। सुबह 11 बजे से शुरू धरना देर शाम तक जारी रहा। विभिन्न मांगों को लेकर आशा संगठन की ओर से आयोजित धरना में संगठन के संरक्षक सुभाष चंद्र ने आरोप लगाया कि जितना काम लिया जाता है। उसका मानदेय भुगतान पिछले कई महीने से नहीं हुआ है। इसके चलते कार्य करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। यह भी आरोप लगाया कि उन्हें 5400 के बजाय 3400 का भुगतान होता है, जब पूरे भुगतान की बात की गई तो आशा कार्यकर्ताओं को ब्लॉक स्तर से लेकर मंडल कार्यालय तक भटकना पड़ता है। मंडल महामंत्री इंदु तिवारी ने कहा कि विभाग के दो कर्मचारियों की ओर से अभद्रता की जाती है। आरोप लगाया कि मानदेय भुगतान करने पर धनादोहन भी होता है। इस मौके पर जिले की तमाम आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## दुकान के अंदर दुपट्टे के फंदे से लटका मिला दुकानदार का शव

बस्ती। कस्बे में लगभग 35 वर्षीय दुकानदार का दुकान के अंदर छत में लगे पंखे से दुपट्टे के सहारे लटका शव पाया गया। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर छानबीन में जुट गई। नगर पंचायत बभनान के भगत सिंह नगर वार्ड निवासी गंगाराम यादव बभनान कस्बे में छपिया थाना क्षेत्र के इलाहाबाद बैंक के सामने मिठाई व चाय की दुकान चलाते थे। सोमवार की रात वह खाना खाकर दुकान में सोने चले गए। मंगलवार को जब वह देर तक मकान पर नहीं पहुंचे तो परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। गंगाराम के भाई ने जब दुकान पर पहुंच कर रोशनदान से अंदर देखा तो वह सन्न रह गए। दुकान के पिछले हिस्से में गंगाराम का शव दुपट्टे के सहारे छत में लगे पंखे से लटक रहा था। इसकी सूचना पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची छपिया पुलिस शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई।

## स्टॉफ नर्स के आरोपों की जांच पूरी

बस्ती। हर्रैया में तैनात स्टॉफ नर्स के डॉक्टर पर लगाए गए गंभीर आरोपों की जांच मंगलवार को पूरी हो गई। हालांकि रिपोर्ट सीएमओ के टेबल तक पहुंच गई है मगर अभी जांच में क्या रिपोर्ट आई है। इसका खुलासा सीएमओ ने नहीं किया है। जांच पूरी होने की बात उन्होंने स्वीकारी है। उल्लेखनीय है कि करीब एक सप्ताह पहले हर्रैया में तैनात एक स्टाफ नर्स ने डॉक्टर पर अकेले कमरे में साथ रहने का दबाव बनाने सहित तमाम गंभीर आरोप लगाए थे। इस मामले में डीएम प्रियंका निरंजन ने सीएमओ को जांच के निर्देश दिए थे। दो एसीएमओ व एक महिला चिकित्सक को जांच की जिम्मेदारी दी गई थी। मंगलवार को इस जांच की रिपोर्ट सीएमओ के पास तक पहुंच गई है, मगर रिपोर्ट में क्या है इसका खुलासा नहीं हो सका है। सीएमओ डॉ. आरपी मिश्र ने कहा कि रिपोर्ट मिल गई है। रिपोर्ट में क्या है इसका पता नहीं चल सका है।

## सीबीआई जांच से खुलेगा सुरेश ठाकुर हत्याकांड का राज

भदोही। भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति के पदाधिकारियों ने मंगलवार को राज्यपाल के नाम संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम न्यायिक को सौंपकर सुरेश ठाकुर हत्याकांड की जांच सीबीआई से कराने की मांग की। जिलाध्यक्ष कैलाश शर्मा ने चेतावनी दी कि हत्याकांड की जांच कराकर हत्यारों को सजा देने में मनमानी हुई तो संगठन सड़क पर उतरने के लिए विवश होगा। पदाधिकारियों ने बताया कि चौपाई-सोहरामऊ निवासी सुरेश ठाकुर पर दो लोगों ने 27 जुलाई को जानलेवा हमला कर भाग गए थे। घायल स्थिति में सुरेश ठाकुर को अस्पताल में भर्ती कराकर परिजनों ने सेहरमऊ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, लेकिन पुलिस कुछ नहीं कर सकी। घटना के 12 दिन बाद सुरेश ठाकुर की मौत भी हो गई। मौत के बाद ही पुलिस हमला करने वालों के खिलाफ मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज कर खानापूर्ति में व्यस्त है। मृतक आश्रित परिवार को 50 लाख मुआवजा मिला, गवाह प्रेमशंकर गौतम की सुरक्षा बढ़ाई जाए और घटना की जांच सीबीआई करे। 15 दिन बाद सार्थक निर्णय आने पर ही संगठन की चेतावनी वापस होगी। इस मौके पर प्रमोद कुमार शर्मा, अजीमुल्ला, बलिराम शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, मारकंडेय शर्मा, संगमलाल शर्मा, अवधेश शर्मा आदि रहे।

## रिश्वत लेने के आरोप में थाने का कंप्यूटर ऑपरेटर निलंबित

बरेली। थाने के कंप्यूटर ऑपरेटर ने पासपोर्ट पर रिपोर्ट लगाने के नाम पर रिश्वत ले ली। किसी ने उसका वीडियो बनाकर ट्वीट किया तो एसएसपी ने उसे निलंबित कर दिया है। कार्रवाई होते ही व्यक्ति ने अपना ट्विटर अकाउंट डिलीट कर दिया। फरीदपुर थाने में कंप्यूटर ऑपरेटर पद पर तैनात पुलिसकर्मी हरीश ने पासपोर्ट बनवाने आए व्यक्ति से रिश्वत मांगी। हरीश को भनक भी नहीं लगी और किसी ने उसका रुपये लेते समय वीडियो बना लिया। यह वीडियो यूपी पुलिस एवं बरेली पुलिस को ट्वीट कर शिकायत की गई। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने कंप्यूटर ऑपरेटर हरीश को निलंबित कर दिया। कार्रवाई के बाद शिकायतकर्ता ने ट्वीट डिलीट कर ट्विटर अकाउंट भी डिलीट कर दिया। कंप्यूटर ऑपरेटर पर कार्रवाई होते ही लोग तत्काल ट्विटर पर उसकी वीडियो ढूंढने लगे, लेकिन ट्विटर पर कोई वीडियो या संबंधित ट्विटर अकाउंट नहीं मिला।

## तुलसीनगर और सुरेश शर्मा नगर में ढाई घंटे ठप रही बिजली

बरेली। हरुनगला सबस्टेशन के बाईपास फीडर की बिजली लाइन पर बारिश के दौरान पेड़ की डाल गिरने से ढाई घंटे तक आपूर्ति बाधित हुई। तुलसीनगर और सुरेश शर्मा नगर में मंगलवार को शाम 3:00 बजे से 5:30 बजे तक 2500 से अधिक घरों और प्रतिष्ठानों में आपूर्ति ठप रही। कर्मचारियों ने लाइन को ठीक किया तब आपूर्ति बहाल हुई। अधिशासी अभियंता गौरव शुक्ला ने बताया कि तार टूट कर गिर गया था। इसलिए आपूर्ति प्रभावित हुई लेकिन कर्मचारियों ने बारिश के दौरान ही लाइन को ठीक किया। सन राइज कॉलोनी में सोमवार को रात 9 से 11 बजे तक आपूर्ति प्रभावित रही। कॉलोनी के निवासी संजीव का कहना है कि एक महीने से हर रोज रात 8 से 12 बजे के बीच आपूर्ति प्रभावित रहती है।

## धान में लगे सूड़ी कीट तो किसान न हों परेशान

भदोही। मानसूनी बारिश न होने से धान की फसल में अब तमाम प्रकार के कीट और रोग लगने भी शुरू हो गए हैं। वर्तमान में फसलों को सूड़ी नामक कीट नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे बचाव के लिए विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है। कृषि विशेषज्ञ रामेश्वर सिंह ने बताया कि जड़ की सूड़ी ( रूट बीबिल ) कीट फसलों को काफी नुकसान पहुंचाता है। यह चावल के आकार की होती है, जो पौधों के जड़ों में पाई जाती है। ये कीट जड़ों के तथा मुख्य तने के रसों को चूसकर पौधों को सूखा देती है, जिसके कारण पौधे मृतप्राय हो जाते हैं। उन्होंने उपचार के लिए कहा कि किसान कार्बोफ्यूरॉन-3जी को 18-20 किग्रा प्रति हेक्टेयर अथवा क्लोरोपायरीफॉस 2.500-3.000 लीटर प्रति हेक्टेयर एवं कारटॉप हाइड्रोक्लोराइड 4 प्रति0 दानेदार रसायन 17-18 किग्रा0 प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करें। उन्होंने तना भेदक कीट के संबंध में बताया है कि इस कीट की सूड़ियां ही हानिकारक होती हैं। पूर्ण विकसित सूड़ी हल्के पीले शरीर वाली तथा नारंगी पीले सिर वाली होती है। इसके आक्रमण के फलस्वरूप फसल की वानस्पतिक अवस्था में मृत गोभ तथा बाद में प्रकोप होने पर सफेद बाली बनती है। बताया कि पांच प्रतिशत मृत गोभ अथवा एक अंडे का झुंड वानस्पतिक अवस्था में तथा एक पतंगा/वर्ग मीटर बाल निकलने की व्यवस्था में दिखाई पड़ने पर कारटॉप हाइड्रोक्लोराइड चार प्रति हेक्टेयर में 17-18 किलो का छिड़काव करना चाहिए।

# पुलिस बेबस-सोशल मीडिया पर फैल रहा नफरत का वायरस

बस्ती। सोशल मीडिया पर आए दिन कोई न कोई विवादित पोस्ट वायरल हो जाती है। कई पोस्ट धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली तो कई उकसाने वाली होती है। पिछले हफ्ते भी धार्मिक भावना भड़काने संबंधी पुरानी बस्ती क्षेत्र में एक ऐसा ही प्रकरण सामने आया था। एक आरोपी शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार हुआ था। वाल्टरगंज में भी पिछले महीने ऐसा ही एक मामला आया। एपीएन कॉलेज में सोशल मीडिया पर टिप्पड़ी को लेकर तमंचा लहराने की घटना हुई थी।

ऐसे मामलों में पुलिस कार्रवाई तभी करती है जब कोई व्यक्ति या संगठन इसकी शिकायत करता है। पुलिस विभाग की बैठकों में सोशल मीडिया पर निगरानी की बात कही जाती है, लेकिन ऐसा होता नहीं। इसी का नतीजा है कि सोशल मीडिया पर नफरत का वायरस लगातार पांव पसार रहा है।

केस एक

15 अगस्त को सोशल मीडिया फेसबुक पर धर्म विशेष के प्रति अभद्र टिप्पणी करने का पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र में एक मामला सामने आया था। शिकायत मिलते ही पुलिस ने प्लास्टिक कांप्लेक्स निवासी शाहिद अली को शांतिभंग की आशंका के तहत गिरफ्तार कर लिया।

केस दो

16 अगस्त को फेसबुक पर कमेंट करने को लेकर एपीएन पीजी कॉलेज के छात्रों के दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। आरोप है कि एक छात्र ने तमंचा लहराते हुए धमकी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया। बताया जा रहा है कि फेसबुक पर किये गए कमेंट को लेकर गौरव पांडेय व अंबुज पटेल के गुट में विवाद शुरू हुआ था।

केस तीन

सोशल मीडिया पर विधानसभा चुनाव की मतगणना के दौरान मतगणना स्थल पर लाठी व कैमरा लेकर पहुंचने की अपील करने का मामला सामने आया था। जानकारी होने पर इन सभी पर वाल्टरगंज, पैकोलिया व लालगंज थाने में मतगणना में बाधा पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने का केस दर्ज किया गया था।

केस चार

तीन जुलाई को सोशल मीडिया पर देश विरोधी नारे लगाने का वीडियो वायरल होने के बाद वाल्टरगंज पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया था। शमशेर अली उर्फ राजा नाम के आरोपी पर राष्ट्रीय अखंडता पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला नारा लगाने, विभिन्न समुदाय के बीच वैमनस्यता व घृणा पैदा करने, साजिश में शामिल होने की धारा में केस दर्ज किया गया था।

ऐसे पोस्ट से रहें सावधान

कम्यूनल मैसेज फॉरवर्ड करना जिससे धर्म या जाति की भावनाओं को ठेस पहुंचे या कोई दंगा भड़क जाए।

- किसी के चरित्र पर सवाल उठाना आईटी एक्ट के तहत अपराध है।
- ऐसी बात या मैसेज जिससे किसी इंसान की मानहानि होती है, कोई झूठी अफवाह फैलाना भी साइबर क्राइम के अंतर्गत आता है।
- बेइज्जती करने वाले शब्द या सिंबल, सार्वजनिक तौर पर किसी की छवि खराब करने वाले शब्द भी लिखना गैरकानूनी है।
- सोशल मीडिया या वॉट्सएप पर अगर कोई गालियां दे रहा है तो उसे भी साइबर क्राइम की श्रेणी में रखा जा सकता है।
- आपत्तिजनक फोटो सोशल प्लेटफॉर्म के जरिये वायरल करना, बिना समझे कोई पोस्ट फारवर्ड करना मुसीबत को दवात देने जैसा है।

सोशल मीडिया पर पुलिस लगातार निगरानी बनाए हुए है। ऐसे लोगों पर नजर रखी जा रही है जो गलत टिप्पणी कर रहे हैं। ऐसा करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। अपील की कि किसी भी धर्म, मजहब के प्रति गलत, अमर्यादित, आपत्तिजनक टिप्पणी न करें। ऐसा करना कानूनी अपराध है। सोशल मीडिया पर कोई भी मैसेज बिना जांचे फॉरवर्ड न करें, वह मैसेज एक अफवाह और गलत खबर हो सकती है, जिसके लिए ऐसा करने वाले के ऊपर कानूनी कार्रवाई हो सकती है।

-आरके भारद्वाज, आईजी

# फर्जी वीजा और जहाज का टिकट देने के मामले में रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश

बस्ती। फर्जी वीजा और जहाज का टिकट देने के मामले में सीजेएम कोर्ट के न्यायाधीश आशीष कुमार राय ने कोतवाली पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया है। कचहरी चौराहा पर शिविर लगाकर डेढ़ लाख रुपये में कुवैत भेजने के इकरार होने को बताया गया है।

संतकबीरनगर के बखिरा थाना क्षेत्र के भीटवा बाजार निवासी तबरेज अहमद ने अधिवक्ता एसएन दुबे के जरिये न्यायालय में अर्जी दाखिल कर बताया कि 10 फरवरी 2023 को बस्ती के तिरंगा चौक पर विदेश भेजने के लिए शिविर लगाया गया था। वहां पहुंचने पर शिविर के संचालक कलवारी थाना क्षेत्र के भैरोपुर गांव निवासी जावेद अहमद से उनकी मुलाकात हुई। आरोपी जावेद से उनका इकरार हुआ कि डेढ़ लाख खर्च में उन्हें कुवैत भेज देंगे। इस पर याचिकाकर्ता से एडवांस के तौर पर 10 हजार रुपये और उनका पासपोर्ट जमा कराया गया। इसके एक महीने के भीतर ही आरोपी ने याचिकाकर्ता के मोबाइल पर 20 मई 2023 की तिथि में कूटरचित जहाज का टिकट ( लखनऊ से कुवैत ) और वीजा भेज दिया।

उनसे बकाया धनराशि 1.40 लाख रुपये भी वसूल लिए। निर्धारित तिथि पर जब वह लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचे तो वहां पहले से ही आरोपी जावेद पहुंचा मौजूद था और याची का मूल पासपोर्ट लेकर कहा कि अंदर से मुहर लगवाकर आ रहे हैं। यहीं से आरोपी गायब हो गया। जब याची एयरपोर्ट के अंदर जाने लगे तो वहां मौजूद अफसरों ने टिकट और वीजा की जांच कर उसे फर्जी बता दिया। इसके बाद वह घर लौट आए। कई बार याची ने आरोपी से रुपये मांगे, लेकिन वह आनाकानी करते हुए उसे धमकाने लगा। परेशान होकर याची ने कोर्ट की शरण ली।

# 18 की जगह आठ घंटे मिल रही बिजली, उपभोक्ताओं में उबाल

बरेली। अलीगंज व आसपास के 40 से अधिक गांवों में 18 की जगह सिर्फ आठ घंटे बिजली आपूर्ति मिल रही है। कुछ गांवों में तो चार घंटे से भी कम का औसत है। इससे परेशान उपभोक्ताओं और किसानों ने मंगलवार को मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के मुख्य अभियंता कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। किसानों ने बताया कि बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की वजह से चार दिन में भी चार बीघा खेत की सिंचाई नहीं हो पाई। मुख्य अभियंता ने आंवला के अधिशासी अभियंता से फोन पर बात की। आपूर्ति में सुधार कराने का भरोसा दिया। टोली का नेतृत्व कर रहे जीवन सिंह ने बताया कि कभी आधा घंटा तो कभी सिर्फ 10 मिनट के लिए बिजली आती है। जेई से लेकर एसडीई और एक्सईएन तक शिकायत की, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। इसलिए मुख्य अभियंता कार्यालय तक आना पड़ा। अगर सुधार नहीं हुआ तो फिर आएंगे और यहीं धरना देंगे। प्रदर्शन में अलीगंज, महोलिया, कुंडलिया फैजुल्लापुर, किदौना, राजपुर कला, गौटिया, कैनी, शिवनगर, महोबा, अनिरुद्धपुर, भुगलपुर के ग्रामीण शामिल रहे। अलीगंज सबस्टेशन से जुड़े आंवला क्षेत्र के कुछ लोगों का प्रतिनिधिमंडल उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष शोभित सक्सेना के नेतृत्व में मुख्य अभियंता से मिला। 10 वर्ष से भी ज्यादा पुराने सर्किट ब्रेकर लगे होने का मामला उठाया। राजपुर कला के व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजीव वर्मा, रवि मिश्रा, अनूप, राकेश, अमरजीत व राजा सेठ आदि शामिल रहे। ओवरलोडिंग और पुरानी लाइनों की वजह से आपूर्ति पर संकट है। रीवैंप और दूसरी योजनाओं के तहत आने वाले दिनों में सुधार व विस्तार के काम होंगे। तब शेड्यूल के मुताबिक बिजली मिल पाएगी।

# रामनगर की तर्ज पर विकसित होगा बिजनौर का अमानगढ़

बिजनौर। यूपी कैबिनेट में फैसले पर मुहर लगी तो अमानगढ़ में पर्यटन को पंख लगने की उम्मीद भी मजबूत हो गई। अब तक अमानगढ़ में जाने वाले पर्यटकों को दिन में ही लौटना पड़ता था, लेकिन जल्द ही कार्बेट पार्क से पास रामनगर की तर्ज पर यहां पर भी रिसॉर्ट, कैफेटेरिया आदि दिखाई देंगे। पर्यटक अमानगढ़ में जाने से पहले और बाद में यहां पर आराम कर सकेंगे। कैबिनेट में मंगलवार को पर्यटन विभाग को अमानगढ़ से सटे गांव फतेहपुर धारा में करीब छह हेक्टेयर जमीन निशुल्क हस्तांतरित करने को मंजूरी मिल गई। शिवालिक पहाड़ियों की तलहटी में बसे बिजनौर में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। इनमें अमानगढ़ में सबसे अधिक संभावनाएं हैं। जिम कार्बेट पार्क से सटी इस अमानगढ़ रेंज में पर्यटन के लिहाज से घना जंगल, नदियां और वन्य जीवों की भरमार है। पिछले पर्यटन सीजन में हजारों की संख्या में पर्यटक यहां पहुंचे, लेकिन अधिकांश पर्यटकों को शाम के समय लौटना पड़ता था। क्योंकि वहां रुकने की कोई व्यवस्था नहीं थी। जिला प्रशासन ने पिछले दिनों अमानगढ़ से सटे गांव फतेहपुर धारा में करीब छह हेक्टेयर जमीन पर्यटन विभाग के लिए चिह्नित की थी। मंगलवार को कैबिनेट में पर्यटन विभाग को यह जमीन निशुल्क हस्तांतरित करने के फैसले पर मुहर लग गई।

*फैसले से पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा-डीएम*

डीएम उमेश मिश्रा ने बताया कि इस फैसले के बाद यहां पर पर्यटन विभाग के जरिए बड़े ग्रुप आमंत्रित किए जाएंगे। इस जमीन पर पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए रिसॉर्ट, कैफेटेरिया जैसे निर्माण हो सकेंगे। इससे पर्यटक अमानगढ़ में घूमने और जंगल के पास रहने का अनुभव कर सकेंगे। यह फैसला जिले को पर्यटन के मानचित्र पर अलग पहचान देगा और जिले के लोगों के लिए रोजगार की संभावनाएं बढ़ जाएंगी।

बरसात के बाद खुलेंगे अमानगढ़ के गेट अभी अमानगढ़ के अंदर वन विभाग ने पर्यटकों के घूमने के लिए 30 किलोमीटर का ट्रैक निर्धारित किया है। कुछ नए रास्तों पर भी वन विभाग विचार कर रहा है। यदि फीस की बात करें तो फिलहाल एक जिप्सी में पांच लोगों को जाने की अनुमति है और पर्यटकों को इसके लिए 2280 रुपये का शुल्क देना होता है। इसमें प्रति पर्यटक 200 रुपये, एक गाइड के लिए 400 रुपये शुल्क देना पड़ रहा है। प्रतिदिन 50 से ज्यादा पर्यटन अमानगढ़ में घूम रहे हैं। बरसात के बाद फिर से अमानगढ़ में पर्यटन शुरू हो जाएगा।

*9500 हेक्टेयर में फैला है अमानगढ़ टाइगर रिजर्व*

अमानगढ़ का रकबा 9500 हेक्टेयर में है। उत्तराखंड बनने से पहले यह जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क का ही हिस्सा था। आज भी इसे कार्बेट पार्क के बफर के तौर पर जाना जाता था। इसे पहले ही टाइगर रिजर्व का दर्जा मिल चुका है। यहां बाघ, गुलदार, हाथी, चीतल आदि बहुत संख्या में हैं। अमानगढ़ के पास ही पीली बांध है, जहां पर सर्दियों में हजारों प्रवासी पक्षियों का बसेरा रहता है, जो खुद में एक बेहतरीन पर्यटक स्थल है।

*27 से ज्यादा बाघ और सौ से ज्यादा हाथी*

अमानगढ़ वन रेंज में हर वो वन्य जीव मौजूद हैं, जिसे देखने लोग हजारों रुपये खर्च कर कार्बेट पार्क जाते हैं। वहां पर 27 बाघ और सौ से ज्यादा हाथी हैं। इसके अलावा भालू, गुलदार, पैंगोलिन, अजगर जैसे जीव भी दिखाई देते हैं। यहां पर चीतल, हिरण के दर्जनों की संख्या में झुंड दिखाई पड़ते हैं।

# डाका डालने आए बदमाशों से भिड़ गईं मां-बेटी, धारदार हथियार के हमले से दोनों लहूलुहान

बस्ती। थाना क्षेत्र के बेलवरिया गांव के लोनिया पुरवा में डाका डालने पहुंचे बदमाशों को मां-बेटी के कड़े प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। मंसूबे में नाकाम होने पर डकैतों ने महिला व उसके दो मासूम बच्चों पर धारदार हथियार से हमला कर अधमरा कर दिया। गुहार सुनकर आसपास के लोग पहुंच गए तो बदमाश बाइक से भाग निकले। वारदात की सूचना के करीब एक घंटे बाद पहुंची पुलिस ने घायलों को परशुरामपुर सीएचसी भेजवाया। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालत में सुधार न होने पर आठ वर्षीय बालिका को ट्रॉमा सेंटर लखनऊ ले जाया गया है। बेलवरिया लोनियापुर निवासी बजरंगी प्रजापति दिव्यांग हैं। वह मुंबई में मेहनत मजदूरी करके जीवन यापन करते हैं। इनकी पत्नी विद्वु घर पर आठ वर्षीय बेटी नैंसी व साढ़े तीन वर्ष के पुत्र दिव्यांश के साथ रहती हैं। सोमवार की रात करीब एक बजे सड़क पर बाइक खड़ी कर दो बदमाश आए और दरवाजा खटखटाया। अनहोनी की आशंका से सहमी महिला ने दरवाजा नहीं खोला तो बदमाश दरवाजा तोड़कर अंदर घुसने का प्रयास करने लगे। जिस पर महिला बदमाशों से भिड़ गई। अपनी मंशा में असफल होता देख बदमाशों ने महिला पर धारदार हथियार से चेहरे पर हमला कर दिया। इस बीच घर में सो रहे दोनों बच्चे भी जग गए।

बच्चे भी मां को छुड़ाने के लिए बदमाशों से उलझ गए। बदमाशों ने दोनों को भी नहीं बख्शा और उन पर हमला कर घायल कर दिया।

शोर सुनकर अगल-बगल के लोग मौके पर पहुंचे तब तक बदमाश बाइक पर बैठकर भाग गए। घटनास्थल पर पहुंचे ग्रामीणों ने तीनों को लहूलुहान हालत में जमीन पर पड़े देखा तो सभी सहम गए। एक युवक ने 112 पर फोन करके पुलिस को जानकारी दी। पुलिस की तरफ से सभी को अस्पताल पहुंचाने के लिए 108 पर सूचना देने को कहा गया। करीब एक घंटे बाद पुलिस व एंबुलेंस घटना स्थल पर पहुंची। तीनों को पहले सीएचसी परशुरामपुर भेजा। हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। बेहोशी की हालत में गांव के लोग महिला व उसकी बेटी को इलाज के लिए दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज ले गए। हालत में सुधार होता न देख उसकी आठ वर्षीय बेटी को ट्रॉमा सेंटर लखनऊ भेज दिया।

# सरयू नदी में दूसरे दिन डूबे कांवड़िया का मिला शव

बस्ती। सरयू तट स्थित रामकवल शाही घाट पर सरयू नदी में डूबे कांवड़िया/छात्र यशराज का शव मंगलवार की शाम मुक्तिपथ के पूरब स्थित लकड़ी टाल के पीछे नदी के कुंड में उतराता मिला। शव की पहचान पिता अनिल वर्मा ने की। यशराज की कलाई में घड़ी बंधी मिली। जानकारी के मुताबिक, गगहा क्षेत्र के हाटा बाजार निवासी अनिल वर्मा का 18 वर्षीय पुत्र यशराज सोमवार की सुबह आठ बजे मुक्तिपथ पर सरयू नदी से जल लेने गया था। इस दौरान पैर फिसलने से वह नदी में डूब गया। मंगलवार की सुबह से एसडीआरएफ की दो टीमें नदी में 10 किमी के इलाके में उसे खोज रही थी। शाम चार बजे मुक्तिपथ से 50 मीटर की दूरी पर एक शव उतराता दिखा। घाट पर रह रहे गोपाल साहनी व जयराम साहनी नाव से शव को किनारे लाए। शव की पहचान यशराज के रूप में की गई। यशराज के पिता व रिश्तेदारों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। पुलिस ने पंचनामा की औपचारिकता पूरी कर शव को परिजों को सौंप दिया। मुक्तिपथ पर ही यशराज के शव का अंतिम संस्कार किया गया। पिता अनिल वर्मा ने मुखाग्नि दी।

# सत्यापन में घर पर मिले तीन जिला बदर अपराधी, गिरफ्तार

बस्ती। मंगलवार रात चलाए गए विशेष निगरानी अभियान में पुलिस ने तीन जिला बदर अपराधियों को उनके घर से गिरफ्तार किया। एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने पुलिस कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि मंगलवार को अपराध समीक्षा के दौरान सभी थानेदारों से जिला बदर अपराधियों की जांच करने का अभियान चलाने का निर्णय लिया गया था। इसके तहत जिले भर के 87 जिला बदर अपराधियों का सत्यापन कराया गया, जिसमें से तीन अपराधी अपने घर पर पाए गए। इन तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए अपराधियों में सलीम निवासी गनेशपुर टोला धोबहिया थाना वाल्टरगंज को रात सवा आठ बजे गिरफ्तार किया गया, जबकि छावनी थाने के मल्लूपुर निवासी पिंटू उर्फ विकास को सवा 10 बजे और दुबौलिया थाने के सिटकिहवा निवासी अशोक कुमार को तड़के चार बजे उसके घर से गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि सलीम के खिलाफ मारपीट, दुष्कर्म, छेड़खानी आदि के केस दर्ज हैं, जबकि पिंटू मिश्रा पर किशोरी को भगाने, मारपीट, दुष्कर्म के केस दर्ज हैं। इसी तरह दुबौलिया थाने के अशोक कुमार पर मारपीट, चोरी, आर्म्स एक्ट, जालसाजी, धोखाधड़ी, गैंगस्टर सहित 14 संगीन केस दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में वाल्टरगंज थाने के एसएसआई सुरेश कुमार, एसआई मकबूल आलम, एसओ छावनी नरायनलाल श्रीवास्तव, एसआई विरेन्द्र यादव, दुबौलिया थाने के एसआई प्यारेलाल, हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार, सतीश कुमार सिंह थाना वाल्टरगंज, अवधेश यादव, कांस्टेबल शिवकेश सिंह, अरुण यादव थाना छावनी व थाना दुबौलिया के बेचन प्रसाद, प्रदीप कुमार सिंह शामिल रहे। प्रेसवार्ता के दौरान सीओ सदर आलोक प्रसाद भी मौजूद रहे।

## सोनू के सीने में कई राज, सीडी और चिप में ढेरों रिकॉर्डिंग

बरेली। जिस सोनू कालिया से दोस्ती गांठने के आरोप में पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हुई, वह पहले फतेहगंज पश्चिमी के एक कुख्यात तस्कर का खास गुर्गा था। पैसा बढ़ने के बाद तस्कर सफेदपोश हो गया तो सोनू ही उसका सारा काम देखने लगा। सपा सरकार में उसका सिक्का चलता था। पुलिस को कमाई कराने, गाड़ियों और पार्टियों की व्यवस्था कराने के लिए वह चर्चित रहा। कुछ वर्ष पहले आका की मौत के बाद सोनू कमजोर पड़ गया था। वह कमीशन की कमाई में हेरफेर करने लगा तो पुलिस के निशाने पर आ गया था। इस बीच सोनू ने एक अधिकारी के नाम पर 10 लाख रुपये मांगने वाले सिपाही की कॉल रिकॉर्डिंग वायरल कर दी तो उसके बुरे दिन शुरू हो गए। जेल जाने से पहले मीडिया से हुई बातचीत में उसने स्वीकार किया कि उसके पास पेन ड्राइव व सीडी में कई ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग सुरक्षित हैं। उसे बेवजह फंसाया गया तो वह कई बड़े चेहरों को बेनकाब कर देगा।

# प्रेमी युगल में फोन पर हुआ विवाद, युवती ने किया शादी से इनकार, प्रेमी ने उठाया खौफनाक कदम

बरेली। बरेली में युवक और उसकी प्रेमिका के बीच शादी को लेकर विवाद हो गया। गुस्साए युवक ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। बरेली के बारादरी थाना क्षेत्र में सोमवार रात मोबाइल पर प्रेमिका से झगड़े के बाद प्रेमी ने आत्मघाती कदम उठा लिया, जिससे उसके घर में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि फोन पर बातचीन के दौरान दोनों को किसी बात पर झगड़ा हो गया था। प्रेमी ने उससे शादी से इनकार कर दिया तो प्रेमी ने फंदा लगाकर जान दे दी। जानकारी के मुताबिक थाने से सटी एक बस्ती का निवासी युवक फोटोग्राफर के तौर पर काम करता था। उसका मोहल्ले की युवती से प्रेम प्रसंग था। युवक के घरवालों को इसकी जानकारी थी। उसके परिजनों ने पुलिस को बताया कि दोनों शादी करना चाहते थे। बाद में किसी बात पर विवाद हो गया तो युवती शादी से मना करने लगी। सोमवार रात युवक देर से घर आया। प्रेमिका से उसकी मोबाइल फोन पर बात हुई। इसी दौरान दोनों में किसी बात पर विवाद हो गया। युवक ने रात में ही कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। सुबह परिजनों ने सूचना दी तो थाना प्रभारी हिमांशु निगम ने शव सील कराकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

पेड़ पर लटके मिले लापता युवक के शव मामले में पुलिस ने नहीं की कोई कार्रवाई

उधर, बदायूं के सहसवान कस्बे के मोहल्ला शहवाजपुर निवासी युवक की पेड़ पर लटके मिले शव के मामले में पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं है। युवक की मां रामप्यारी ने अब मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है। उसने बेटे की हत्या करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

शिकायती पत्र में महिला ने कहा है कि उसका पुत्र भगवानदास ( 42 ) विगत 24 जून को सुबह लगभग 10 बजे घर से खेत पर गया था। शाम तक नहीं लौटा तो रिश्तेदारियों में तलाश किया, मगर उसका कोई पता नहीं चला। सूचना देने के बाद भी पुलिस चार दिन तक मामले को टालती रही। 28 जून को पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की, मगर लापता युवक को तलाशने का कोई प्रयास नहीं किया। एक जुलाई को लापता युवक का शव सड़ी-गली अवस्था में जंगल में पेड़ से लटका मिला। दोनों घुटने जमीन पर टिके हुए थे। रामप्यारी का कहना है कि तब से वह पुलिस के चक्कर काट रही हैं, मगर पुलिस इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। महिला का कहना है कि उसके पुत्र की हत्या की गई है और शव को आत्महत्या का रूप देने के लिए रस्सी से बांधकर पेड़ से लटका दिया गया। मृतक भगवान दास का मोबाइल फोन भी गायब था। महिला ने मुख्यमंत्री सहित पुलिस के उच्च अधिकारी से इस मामले में कार्रवाई करने की मांग की है।

# दुकानों के आवंटन पर महापौर और स्मार्ट सिटी सीईओ आमने-सामने

बरेली। क्योस्क दुकानों के आवंटन में पहले धांधली का आरोप लगा। फिर अपात्रों को दुकानें आवंटित करने का मामला सामने आया। नगर निगम उपसभापति अतुल कपूर ने महापौर डॉ. उमेश गौतम को पत्र लिखकर जांच कराने की बात कही। अब यह भी सामने आया है कि नगर निगम बोर्ड की अनुमति के बिना ही क्योस्क दुकानें आवंटित कर दी गई हैं। इसे लेकर महापौर ने स्मार्ट सिटी सीईओ निधि गुप्ता वत्स को पत्र लिखा है। महापौर के पत्र के मुताबिक, एलन क्लब मंडी के पास चार क्योस्क का निर्माण किया गया है। जिसे कमिश्नर बीएससीएल की ओर से आवंटित करने का फैसला लिया गया। आपको यह अवगत कराना है कि नगर निगम की किसी जमीन पर बीएससीएल को कार्य करने के लिए नगर निगम के बोर्ड से अनुमति लेना आवश्यक ही नही अनिवार्य है। पूर्व में भी विभिन्न प्रोजेक्टों पर अनापत्ति ली गई है। इसलिए यह कहना कि नगर निगम बोर्ड के अधिकार में नही है, न्यायोचित प्रतीत नहीं होता है। इसलिए इस पर दोबारा विचार कर अवगत कराएं।

स्मार्ट सिटी सीईओ ने महापौर के जवाब में लिखा है कि स्मार्ट सिटी के तहत चार क्योस्क दुकानों का निर्माण किया गया है। इसे बीएससीएल की ओर से नगर की स्वयं सहायता समूह को इस उद्देश्य के साथ आवंटित किए जाने का निर्णय लिया गया है कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को एक स्थायी स्थान उपलब्ध कराकर उनकी ओर से निर्मित उत्पादों की बिक्री की जा सके। इसके अलावा क्लॉथ वेंडिंग मशीन, ऑर्गेनिक कंपोस्ट, पुराने कपड़ों का संग्रह व दुग्ध डेयरी उत्पादों की बिक्री के लिए आवंटित किए जाने का निर्णय लिया गया। इसमें बीएससीएल की ओर से निविदा निकाली गई थी। चौथी बार में 19 निविदाएं प्राप्त हुईं। स्वयं सहायता समूह के प्रस्तुतीकरण के बाद बीएससीएल के अधिकतम राजस्व दिए जाने की संस्तुति के आधार पर आवंटन किया गया है। क्योस्क निर्माण व आवंटन बीएससीएल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत होने के कारण बीएससीएल की पत्रावलियां व कार्य का परीक्षण नगर निगम बोर्ड के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत नहीं है। नगर निगम उपसभापति ने मेयर को दिए पत्र में आवंटन में गड़बड़ी की शिकायतें की थीं। बताया जा रहा है कि एक दुकान पर नगर निगम की मौजूदा पार्षद बैठती हैं। उन्हीं के परिवार में इस दुकान का आवंटन हुआ है। पिछले सप्ताह कुछ और समूहों की महिलाओं ने नगर निगम के अन्य अफसरों से मिलकर इस मामले में शिकायत की गई थी। उन्हें यह कहकर वापस कर दिया गया है कि उन्हें आगे कुछ और काम दिया जाएगा। बोर्ड सर्वोपरि है। बोर्ड की सहमति के बिना इस तरह का निर्णय लेना संदेह के दायरे में आता है। पिछले काफी समय से इस तरह के काम हो रहे हैं। बोर्ड के संज्ञान में नहीं लाया जाता है और अधिकारी मनमाने तरीके से कर लेते हैं। जो प्रक्रिया है उसे अपनाया जाना चाहिए। -गौरव सक्सेना, सपा पार्षद दल नेता

नगर निगम क्षेत्र की जमीन पर कोई निर्माण हो रहा है, उसका आवंटन भी हो रहा है तो इसकी अनुमति नगर निगम बोर्ड से लेना जरूरी है। ऐसा नहीं कह सकते हैं बोर्ड के अंतर्गत नहीं है। बोर्ड से ऊपर कुछ भी नहीं। -अतुल कपूर, पूर्व उपसभापति

## दोस्त के साथ स्नान करने गया युवक गंगा में डूबा

भदोही। कोतवाली क्षेत्र के डेरवां गंगा घाट पर नाग पंचमी के अवसर पर स्नान करने गए 18 वर्षीय युवक गंगा में डूब गया। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय गोताखोरों ने काफी देर तक युवक की गंगा में तलाश की। सूचना के बाद पहुंची एसडीआरएफ की टीम गोताखोरों को लगा कर युवक की तलाश में लगी है। जानकारी के अनुसार जगनाथपुर डुहिया गांव निवासी संतलाल का 18 वर्षीय पुत्र विकास सोमवार को नागपंचमी के अवसर पर अमवा माफी निवासी अपने दोस्त अनिल कुमार डेरवां के साथ गंगा घाट पर स्नान करने गया था। दोनों दोस्त गंगा नदी में स्नान कर रहे थे। इस बीच अचानक विकास गहरे पानी में डूबने लगा। उसको डूबता देख अनिल ने उसे बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन तब तक वह गहरे पानी में समा गया था। इधर घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो पूरे परिवार में कोहराम मच गया। आनन-फानन में परिवार के सदस्य घाट की तरफ दौड़ पड़े। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश जारी है।

# बेलवरिया गांव में डकैती के प्रयास की घटना से दहशत, बड़ी मुश्किल से कटी रात

बस्ती। हर्रैया थाना क्षेत्र के बेलवरिया गांव में डकैती करने पहुंचे बदमाश श्रंगीनारी के रास्ते से होकर गुजरे हैं। इस बात की जानकारी मंदिर में लगे सीसीटीवी में फुटेज से मिली है। सूत्रों का कहना है कि उसी रास्ते से आने का सीसीटीवी फुटेज देखा जा रहा है। बस्ती जिले में बेलवरिया की घटना से गांव में दहशत का माहौल है। जिस तरह से बदमाश पहले दरवाजा खटखटाते हैं, और न खुलने पर बल प्रयोग करके खोल लेते हैं, उससे लोग डरे हुए हैं। माना जा रहा है कि घर के आसपास के लोगों ने दिलेरी न दिखाई होती तो बदमाश अपने मंसूबे में कामयाब हो गए होते। हालांकि पुलिस इसे चोरी के प्रयास का मामला मान रही है। सीओ शेषमणि उपाध्याय और एसएचओ राना देवेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि बदमाशों ने महिला व उसकी बेटी को चाकू से नहीं मारा गया है। वे चोरी की नीयत से आए थे। हाथापाई में सबको चोट आ गई। मामले में छानबीन की जा रही है। गांव के लोगों का कहना है कि जिस तरह से बेखौफ होकर बदमाश पहुंचे थे, उससे लगता है कि वे पहले से ही पूरी जानकारी कर चुके थे। लोगों ने बताया कि गांव में बिजली कटने के बाद वे दाखिल हुए थे। गांव में रोज रात को एक बजे बिजली कटती है। उसके बाद एक घंटे बाद आती है। इस बात की बदमाशों को जानकारी थी। इसीलिए वह ऐसे समय पहुंचे जब बिजली नहीं थी। बदमाशों को यह भी जानकारी थी कि बजरंगी प्रजापति के घर में कोई पुरुष सदस्य नहीं है। इसलिए कुछ दूरी पर बाइक छोड़कर मुख्य दरवाजे पर जा धमके। वे इतने बेखौफ थे कि पहले दरवाजा खटखटाकर खुलवाने का प्रयास किया। दरवाजा न खुलने पर बल प्रयोग करके दरवाजा खुलवाया।

अंदर से जब संदूक लेकर भागने लगे तो महिला ने प्रतिरोध किया। इस पर उसके ऊपर हमला कर दिया। श्रंगीनारी मंदिर के फुटेज में दिखे बदमाश हर्रैया थाना क्षेत्र के बेलवरिया गांव में डकैती करने पहुंचे बदमाश श्रंगीनारी के रास्ते से होकर गुजरे हैं। इस बात की जानकारी मंदिर में लगे सीसीटीवी में फुटेज से मिली है। सूत्रों का कहना है कि उसी रास्ते से आने का सीसीटीवी फुटेज देखा जा रहा है। हालांकि पुलिस इस मामले में अभी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है।

# संक्षिप्त समाचार

## चंद्रयान की सफलता में गोरखपुर के होनहार भी, दंपती ने बनाया कैमरा-सेंसर, इन पर था ये जिम्मा

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय और एमएमएमयूटी जहां अपने पूर्व छात्रों की सफलता पर फख महसूस कर रहा है तो घरवाले फूले नहीं समा रहे। गोरखपुर विश्वविद्यालय के छात्र रहे हैं डॉ. मिश्रा, अम्मर यासिर व सना फिरोज ने एमएमएमयूटी से पढ़ाई की है। तीनों पुराने होनहार छात्रों ने इसमें अपना अहम योगदान दिया है। चंद्रयान-3 की सफलता में गोरखपुर का नाम भी इतिहास में दर्ज हो गया है। गोरखपुर के तीन पुराने होनहार छात्रों ने इसमें अपना अहम योगदान दिया है। गोरखपुर यूनिवर्सिटी से पढ़ाई करने वाले डॉ. पीडी मिश्रा ने चंद्रयान-3 के सेटेलाइट के पोजिशन व दूरी की गणना की। साथ ही एक-एक पल के बारे में लोगों को बताने की जिम्मेदारी भी उन्हीं के पास थी। वहीं जिस कैमरा और सेंसर से सुसज्जित चंद्रयान-3 ने सफलता की उड़ान भरी, उसे भी गोरखपुर के दंपती अम्मर यासिर व सना फिरोज ने तैयार किया था। इन दोनों ने एमएमएमयूटी से पढ़ाई की है। गोरखपुर विश्वविद्यालय और एमएमएमयूटी जहां अपने पूर्व छात्रों की सफलता पर फख महसूस कर रहा है तो घरवाले फूले नहीं समा रहे। देवरिया जिले के रामपुर कारखाना क्षेत्र के हरपुर कला के मूल निवासी स्व. उमापति मिश्रा के पुत्र डॉ. पीडी मिश्रा ने स्नातक देवरिया के बीआरडी पीजी कॉलेज से की थी। इसके बाद गोरखपुर यूनिवर्सिटी से वर्ष 2003 में गणित से एमएससी की पढ़ाई की। यहीं से 2006-07 में गणित से पीएचडी की डिग्री हासिल की। वर्तमान में वह इसरो के सेंटर श्रीहरिकोटा में वैज्ञानिक एसएफ के पोस्ट पर तैनात हैं। डॉ. पीडी मिश्रा बताते हैं, चंद्रयान मिशन की सफलता की खबर आम हुई तो गांव से मां गायत्री देवी, बड़े भाई उमेश मिश्रा, भाई मार्कंडेय मिश्रा ने सबसे पहले फोन कर बधाई दी। उधर, चंद्रयान के लिए कैमरा व सेंसर तैयार करने वाले अम्मर व सना गोरखनाथ क्षेत्र के जाहिदाबाद के निवासी हैं। अम्मर यासिर ने एमएमएमयूटी से 2010 में इलेक्ट्रानिक से बीटेक किया। साथ में ही मऊ जिले के छत्तपुर की निवासी और अब यासिन की पत्नी सना फिरोज भी थीं। दोनों की साथ में मोहाली में पोस्टिंग है। यासिर बताते हैं, चंद्रायान-3 के लिए जिस दिन उनका चयन हुआ था, उसी दिन से उत्साहपूर्वक जुट गए थे। अम्मर यासिर के पिता प्रो. बदरे आलम अंसारी गोरखपुर विश्वविद्यालय में प्राणी विज्ञान विभाग में प्रोफेसर रह चुके हैं। वह बेटे और बहू की सफलता पर फूले नहीं समा रहे। उन्होंने कहा कि आज उनके परिवार के साथ गोरखपुर के लिए ऐतिहासिक दिन है।

## मकान और नौकरी के नाम पर जालसाजी, आरोपियों पर केस

गोरखपुर। गुलरिहा के नंदापार निवासी माया देवी ने तहरीर में लिखा है कि पति घर पर रहकर कामकाज करते हैं। घर पर आने वाले गौतम धोबी ने कहा कि विदेश में कारपेंटर की नौकरी दिलवा दूंगा। 85 हजार रुपये देने के बाद टूरिस्ट वीजा पर दुबई भेज दिया गया। वहां पर जाने पर रामू चौहान मिला, जिसने मजदूर की नौकरी दिला दी। किसी तरह से रुपयों का फिर से इंतजार कर वापस आ सके। वापस आने पर रुपये की मांग की गई तो जान से मारने की धमकी दी गई। गोरखपुर जिले में मकान, नौकरी के नाम पर फिर जालसाजी करने के मामले सामने आए हैं। कोई विदेश में नौकरी की चाहत में ठगा गया है तो कोई मकान के नाम पर रुपये देकर गंवा दिया। कैंट और खोराबार इलाके में मामले सामने आने के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, खोराबार थाने में भैसहा निवासी उपेंद्र कुमार गुप्ता ने केस दर्ज कराया है। उपेंद्र ने तहरीर में लिखा है कि गांव के उमेश कुमार निषाद ने मकान व अन्य कार्य के लिए बीस लाख रुपये उधार लिए थे। 29 जनवरी 2022 को जब रुपये वापस मांगा तो आरोपी आनाकानी करने लगा। 22 मार्च 2023 को बैंक का चेक दिया गया, लेकिन खाता में रुपये न होने की वजह से चेक बाउंस हो गया। इसकी जानकारी देकर रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरा केस कैंट थाने में माया देवी ने दर्ज कराया है। गुलरिहा के नंदापार निवासी माया देवी पत्नी गजेंद्र प्रसाद ने तहरीर में लिखा है कि पति घर पर रहकर कामकाज करते हैं। घर पर आने वाले गौतम धोबी ने कहा कि विदेश में कारपेंटर की नौकरी दिलवा दूंगा। 85 हजार रुपये देने के बाद टूरिस्ट वीजा पर दुबई भेज दिया गया। वहां पर जाने पर रामू चौहान मिला, जिसने मजदूर की नौकरी दिला दी। किसी तरह से रुपयों का फिर से इंतजार कर वापस आ सके। वापस आने पर रुपये की मांग की गई तो जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गौतम, विनोद और रामू चौहान पर केस दर्ज कर लिया है।

## पत्नी के बुलाने पर ससुराल गए युवक का कत्ल, बेरहमी से मारने के बाद नदी में फेंकी लाश

गोरखपुर। देवरिया के अधरंगी गांव के पास मझने नदी में युवक की लाश मिली है। सुरालियों से विवाद के बाद युवक गायब चल रहा था। घर वालों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। 21 अगस्त की शाम को पत्नी को विदा कराने को लेकर विवाद हुआ था। देवरिया से दो दिन से गायब चल रहे युवक का शव गुरुवार को अधरंगी गांव के पास मझने नदी में मिला। युवक के सिर और आंख पर गंभीर चोट के निशान थे। युवक 21 अगस्त को ससुरालियों से हुए विवाद के बाद से ही गायब चल रहा था। घर वाले ससुराल पक्ष के लोगों पर हत्या कर नदी शव में फेंकने का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच में जुटी है। मृतक के भाई ने ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। श्रीनगर कोल्हुआ गांव के अखिलेश प्रसाद ( 25 ) मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। करीब दो साल पहले उसकी शादी इलाके के बड़हरा गांव निवासी राम अशीष की बेटी रेखा से हुई। घरवालों के अनुसार पत्नी के मायके में रहने को लेकर छह माह से विवाद चल रहा था। 21 अगस्त की शाम को अखिलेश के ससुराल वालों ने विवाद किया। 22 को मृतक की पत्नी ने फोन कर बुलाया। जिसके बाद से ही युवक का पता नहीं चल रहा था। रात में युवक के वापस नहीं लौटने पर 23 अगस्त की सुबह घर वालों ने कोतवाली में तहरीर दी। परिजनों ने कहा कि पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर कार्रवाई करने का आश्वासन देकर घर भेज दिया। बृहस्पतिवार की सुबह अधरंगी गांव के लोगों ने टीकर मंदिर के पीछे मझने नदी में शव उतराता देख पुलिस को सूचना दी। इसके बाद शव की पहचान अखिलेश के रूप में हुई। युवक का चेहरा खराब हो गया था। उसके सिर व आंख पर चोट के निशान मिले। सीओ जिलाजीत ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## इंडियन बैंक ने ग्राहकों को दी डिजिटल बैंकिंग की जानकारी

गोरखपुर। इंडियन बैंक ने बुधवार को ग्राहक दिवस के अवसर पर सभी शाखाओं में संगोष्ठी का आयोजन कर अपने ग्राहकों को बैंकिंग सेवाओं और डिजिटल बैंकिंग की जानकारी दी। साथ ही वर्तमान सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए उनसे सुझाव मांगे। विश्वविद्यालय शाखा के प्रांगण में ग्राहक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें अंचल प्रबंधक, सतीश कुमार सोनकर ( उप महाप्रबंधक ) ने ग्राहकों के साथ वार्ता की तथा बदलते परिवेश में डिजिटल बैंकिंग के महत्व तथा उसके उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया। ग्राहकों ने भी सेवाओं को और बेहतर बनाने के विषय में अपने सुझाव दिए।

## लेट हो रहे थे यूपी के मंत्री तो रेलवे प्लेटफार्म के अंदर ही घुसा दी अपनी कार, मची अफरातफरी

लखनऊ। यूपी के मंत्री धर्मपाल सिंह ट्रेन पकड़ने के लिए अपनी कार से रेलवे प्लेटफार्म के अंदर तक चले गए। इससे यात्रियों में अफरातफरी मच गई। यूपी के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह लेट हो रहे थे तो ट्रेन पकड़ने के लिए अपनी कार रेलवे प्लेटफार्म के अंदर घुसा दी। इससे वहां मौजूद यात्रियों में अफरातफरी मच गई। यूपी सरकार में मंत्री धर्मपाल सिंह को पंजाब मेल से लखनऊ से बरेली जाना था। उन्हें देर हो रही थी तो ट्रेन पकड़ने के लिए उनकी फॉर्च्यूनर कार को दिव्यांगों को लिए बने रैंप से चढ़ाकर अंदर घुसा दिया गया। उनकी कार तब तक प्लेटफार्म पर मौजूद रही जब तक कि वह हावड़ा-अमृतसर मेल में बैठकर रवाना नहीं हो गए। इसे लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तंज कसा है।

## युवक के चार हत्यारों को आजीवन कारावास

बाराबंकी। अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम आनंद कुमार ने हत्या के मामले में दो भाइयों समेत चार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक आरोपी पर 13250 रुपये का जुर्माना लगाया है। सहायक शासकीय अधिवक्ता सुनील कुमार दुबे व रमाकांत द्विवेदी ने बताया कि मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के ग्राम गोडियन पुरवा मजरे सैलक जलालपुर निवासी शंभू पुत्र रामेश्वर ने 18 नवंबर 2015 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया कि उसके भाई शिवकुमार तथा राहुल पुत्र विजय बहादुर व किशन पुत्र मुन्नीलाल को 17 नवंबर 2015 को शाम 7-30 बजे गांव के ही भवनलाल, रमेश पुत्र स्वर्गीय श्रीराम तथा सुधीर पुत्र रामआसरे व अंगनू पुत्र सीताराम ने बीड़ी व माचिस के विवाद को लेकर मारापीटा था।

## बसपा में आने वाला समय आकाश आनंद का, मायावती ने भतीजे के कंधे पर हाथ रखकर दिया सियासी संदेश

लखनऊ। बसपा प्रमुख मायावती ने बुधवार को हुई बैठक में यह साफ कर दिया कि पार्टी में आने वाला समय उनके भतीजे आकाश आनंद का है। जिस तरह से उन्होंने राजस्थान चुनाव में जुटे आकाश को लखनऊ की बैठक में बुलाया और उनके कंधे पर हाथ धरा, उसने एक तरह से ये साफ कर दिया कि आनंद बसपा के लिए खास हैं। लोकसभा चुनाव में उनकी भूमिका अहम रहने वाली है और पार्टी की विरासत संभालने के लिए उनसे आगे कोई नहीं है। बसपा ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के लिए अपनी तैयारियों पर फोकस बढ़ाया है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होने हैं। बसपा ने इनकी तैयारी जोरदार तरीके से तैयारी शुरू भी कर दी है। राजस्थान में पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद चुनावी यात्राएं कर रहे हैं।

इधर यूपी में बसपा ने अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए भी कोशिशें तेज कर दी हैं। लेकिन जिस तरह से बसपा का प्रदर्शन विधानसभा चुनाव में रहा है, उसे देखकर बसपा के सामने पिछले लोकसभा चुनाव के परिणाम को दोहराना ही बड़ी चुनौती है।

पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा को 10 सीटें मिलीं थीं। इन्हीं तैयारियों को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती ने लखनऊ में बुधवार को बैठक बुलाई। जिसमें पार्टी के जिला स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में मायावती के भाई आनंद कुमार और भतीजे आकाश आनंद भी नजर आए। इस दौरान मायावती ने आत्मीयता के साथ आकाश आनंद के कंधे पर हाथ रखकर सियासी संदेश भी दे दिया। उन्होंने सबके सामने आकाश को अपने पास बुलाकर आशीर्वाद दिया। आकाश लखनऊ की बैठक में शामिल होने के लिए राजस्थान की यात्रा छोड़कर पहुंचे थे। बैठक के बाद वह वापस लौट गए।

## एलएलबी के कटऑफ में कम अंक वाले को प्रवेश, सुधारी गलती

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में चल रही प्रवेश प्रक्रिया में बुधवार को फिर बड़ी चूक सामने आई। एलएलबी कटऑफ की सूची में कम अंक पाए छात्र का नाम शामिल हो गया। इसकी शिकायत काउंसिलिंग में शामिल अभ्यर्थियों ने की। इसके बाद विवि प्रशासन ने अपनी गलती सुधारी। गोरखपुर विश्वविद्यालय में एलएलबी में प्रवेश प्रक्रिया के दौरान ओबीसी संवर्ग का दाखिला 116 अंक तक हुआ था, लेकिन विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दिख रहा था कि 104 अंक तक पाने वाले एक अभ्यर्थी की काउंसिलिंग हुई है। उससे अधिक अंक पाने वाले एक अभ्यर्थी ने बुधवार को विधि संकाय में पहुंचकर इसकी शिकायत की। साथ ही गोविवि की वेबसाइट पर काउंसिलिंग कराने वाले अभ्यर्थी का नाम और अंक भी दिखाया। अभ्यर्थी की शिकायत के बाद गोविवि प्रशासन हरकत में आया।

# भू-माफिया कमलेश यादव पर एक और केस दर्ज, साथी दबोचा गया

गोरखपुर। पकड़ा गया मनोज कुमार रक्षवापार का रहने वाला है। उसपर जालसाजी व मारपीट के तीन केस पहले से दर्ज हैं। दरगहिया निवासी परशुराम यादव ने केस दर्ज कराया है। उनका कहना है कि कमलेश ने बाराबंकी में जमीन दिखाई। इसे लेकर जालसाजी हुई है।

भू-माफिया कमलेश यादव पर मंगलवार को एक और एफआईआर दर्ज कर ली गई। वहीं, एम्स पुलिस ने बुधवार को कमलेश के साथी मनोज कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि मनोज जमीन को खरीदने के लिए ग्राहक को खोजता था, उसके लाने के बाद ही गिरोह के लोग आए शख्स को जमीन के नाम पर ठगने का काम करते थे। पुलिस ने कमलेश के करीबी साथी दीनानाथ की तलाश भी तेज कर दी है। उनकी तलाश में पुलिस गैर जनपद रवाना हो गई है। पकड़ा गया मनोज कुमार रक्षवापार का रहने वाला है। उसपर जालसाजी व मारपीट के तीन केस पहले से दर्ज हैं। दरगहिया निवासी परशुराम यादव ने केस दर्ज कराया है। उनका कहना है कि कमलेश ने बाराबंकी में जमीन दिखाई। सौदा 36 लाख 96 हजार रुपये में तय हुआ। 23 लाख 50 हजार रुपये देने के बाद परशुराम ने रजिस्ट्री व अन्य रकम की व्यवस्था के लिए तीन माह का समय लिया। आरोप है कि तीन महीने बाद जब वह बाकी पैसे लेकर रजिस्ट्री के लिए कहा तो आनाकानी करने लगा। न रजिस्ट्री किया न ही रुपये दिए। कमलेश ने परशुराम को बताया था कि जमीन शब्बीर की है। वह गोरखपुर का रहने वाला है। उससे मुलाकात भी कराई थी। पैसे शब्बीर के अकाउंट में भी गया था, लेकिन जमीन नहीं मिली। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि एम्स पुलिस ने कमलेश गिरोह के फरार साथी मनोज को पकड़ा है। उसपर कमलेश के साथ जालसाजी का दो केस दर्ज है। बताया कि बहरामपुर निवासी कमलेश, मनोज, आजमगढ़ निवासी शिवचंद, गुलरिहा निवासी अन्नू ने रिटायर्ड फौजी की पत्नी दानिश परवीन से 25 लाख रुपये लेकर दूसरे की जमीन रजिस्ट्री कर दी थी। इस मामले में केस हुआ था। पुलिस ने 31 जुलाई को कमलेश व अन्नू को गिरफ्तार किया था। अन्नू नकली नीतू बनकर रजिस्ट्री की थी। मामले में मनोज, शिवचंद फरार थे। बुधवार को मनोज को गिरफ्तार किया गया। अब पुलिस शिवचंद, दयानंद, अजय कुमार की तलाश में है।

# दस हजार वापस लो, पूर्व विधायक का पौत्र बेटों संग छाप रहा था नकली नोट, अरेस्ट

गोरखपुर। गोरखपुर पुलिस ने नकली नोट बनाने की फैक्टरी का पर्दाफाश किया है। वाराणसी के गंगाराम सीट से विधायक रहीं धनेश्वरी देवी का पौत्र राहुल सिंह अपने बेटों अवनीश सिंह, अविनाश, विकास सिंह व बड़हलगंज के चांद मोहम्मद के साथ मिलकर नकली नोट की फैक्टरी चला रहा था। पिछले छह साल से यह धंधा चल रहा था। वाराणसी के गंगाराम सीट से विधायक रहीं धनेश्वरी देवी का पौत्र राहुल सिंह अपने बेटों अवनीश सिंह, अविनाश, विकास सिंह व बड़हलगंज के चांद मोहम्मद के साथ मिलकर अपने गांव बांसगांव इलाके के धनौड़ा बुजुर्ग में नकली नोट की फैक्टरी चला रहा था। सूचना मिलने पर गगहा पुलिस ने राहुल सिंह, उसके पुत्र अवनीश राय उर्फ अवनीश सिंह और बड़हलगंज के बड़ी बेदौली निवासी चांद मोहम्मद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस इस मामले में फरार अविनाश और विकास सिंह की तलाश में जुटी है। पुलिस के मुताबिक, पिछले छह साल से राहुल सिंह नकली नोट छापने का अवैध धंधा कर रहा था।

वह नकली नोट छापकर उसे आधे दाम में बेच दिया करता था। आरोपियों के पास से पुलिस को दस रुपये के चार, बीस रुपये का एक, 50 रुपये का एक, 100 रुपये के 98 और 200 रुपये के छह नकली नोट मिले हैं। इसके अलावा नोट के साइज के पेपर के कई बंडल, मशीन में इस्तेमाल की जाने वाली प्लेट, कांच की बोतल में केमिकल भी बरामद किया गया है। इसी की मदद से नकली नोट तैयार किया जाता था। आरोपियों से इंटेलिजेंस ब्यूरो के अफसरों ने भी पूछताछ की है। राहुल सिंह वाराणसी जिले के जनसा थाना क्षेत्र के सरवली गांव का मूल निवासी है। एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइंस में प्रेस कांफ्रेंस कर पकड़े गए आरोपियों के बारे में जानकारी दी। एसपी साउथ ने बताया कि आरोपी पिछले छह साल से नकली नोट को छाप रहे थे। अगर किसी को दस हजार रुपये की जरूरत होती थी तो उसे बदले में पांच हजार के असली नोट देने होते थे।

एसपी ने बताया कि पुलिस के हाथ एक वीडियो लगा था, जिसमें काले रंग के कागज पर केमिकल व अन्य तरीके से नोट तैयार किया जा रहा था। वीडियो की सत्यता जांचने के लिए गोपनीय जांच शुरू की गई तो पुलिस के हाथ चांद मोहम्मद लग गया। उसके पास से 200 रुपये के पांच नकली नोट बरामद किए गए। उसने पूछताछ में बताया कि इन एक हजार रुपयों के बदले उसने पांच सौ रुपये राहुल सिंह को दिए हैं। इसके बाद पुलिस, राहुल सिंह के पास पहुंच गई। उसके घर से पुलिस ने नोट छापने की सामग्री और नकली नोटों को बरामद कर लिया।

## लूट, हत्या की कोशिश में जेल जा चुका है दुष्कर्म का आरोपी अविनाश

गोरखपुर। अमरूतानी में महीने भर के भीतर दुष्कर्म की दूसरी घटना सामने आई है। इसके पहले गीडा इलाके की यू-ट्यूबर को रात में बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म किया गया था। पुलिस ने इस मामले में शामिल छह आरोपियों को जेल भेजा था। खाने-पीने का सामान दिलाने के बहाने 13 साल की किशोरी को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का आरोपी अविनाश पर पहले से लूट, चोरी, हत्या के प्रयास के आरोप में पांच केस पहले से दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक, वह एक माह पहले ही जमानत पर जेल से छूटकर बाहर आया है। अविनाश के पिता संपत पर 25 हजार का इनाम है। वह एनडीपीएस के केस में वांछित है और तीन साल से फरार है।

अमरूतानी में महीने भर के भीतर दुष्कर्म की दूसरी घटना सामने आई है। इसके पहले गीडा इलाके की यू-ट्यूबर को रात में बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म किया गया था। पुलिस ने इस मामले में शामिल छह आरोपियों को जेल भेजा था। इसके बाद पुलिस ने अमरूतानी में गश्त बढ़ाई, लेकिन अब आबादी के बीच ही अर्द्धनिर्मित मकान में दुष्कर्म का मामला सामने आ गया है। पुलिस के मुताबिक, अविनाश पर लूट, चोरी, हत्या के प्रयास के आरोप में पांच केस पहले से दर्ज हैं। वह एक माह पहले ही जमानत पर जेल से छूटकर बाहर आया है। अविनाश के पिता संपत पर 25 हजार का इनाम है। वह एनडीपीएस के केस में वांछित है और तीन साल से फरार है।

## रंगीन मिजाज प्रोफेसर की जांच रिपोर्ट को अंतिम रूप देने में जुटी कमेटी

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय के रंगीन-मिजाज प्रोफेसर का अश्लील ऑडियो समेत अन्य साक्ष्य भेजकर राष्ट्रीय महिला आयोग में शिकायत की गई है। शिकायत पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने विश्वविद्यालय की आंतरिक कमेटी को जांच की जिम्मेदारी सौंपी है। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के रंगीन मिजाज प्रोफेसर की जांच कर रही आंतरिक कमेटी प्रारंभिक रिपोर्ट को अंतिम रूप देने में जुट गई है। मंगलवार को आंतरिक कमेटी ने बैठक कर प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार करने पर चर्चा की। कमेटी को 25 अगस्त तक राष्ट्रीय महिला आयोग को प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपनी है। 25 जुलाई को गोरखपुर विश्वविद्यालय पहुंची राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम ने कमेटी को 30 दिन में प्रारंभिक और 90 दिन में विस्तृत रिपोर्ट देने का निर्देश दिया था।

गोरखपुर विश्वविद्यालय के रंगीन-मिजाज प्रोफेसर का अश्लील ऑडियो समेत अन्य साक्ष्य भेजकर राष्ट्रीय महिला आयोग में शिकायत की गई है। शिकायत पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने विश्वविद्यालय की आंतरिक कमेटी को जांच की जिम्मेदारी सौंपी है। इसी बीच 25 जुलाई को राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य डेलिना खोंगडुप ने प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सर्वेश पांडेय के साथ गोरखपुर पहुंचकर गोरखपुर विश्वविद्यालय के कमेटी हॉल में आंतरिक कमेटी के साथ बैठक की थी। बैठक के दौरान आयोग ने आंतरिक कमेटी को 30 दिन में प्रारंभिक जांच व 90 दिन में विस्तृत रिपोर्ट देने का निर्देश दिया था। 30 दिन की समयावधी करीब आने पर कमेटी अब तक जांच में जो सामने आया है उसकी प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार करने में जुट गई है। मंगलवार को प्रशासनिक भवन के कमेटी हॉल में आंतरिक कमेटी ने बैठक कर प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार करने पर चर्चा की। संभावना है कि बृहस्पतिवार को रिपोर्ट तैयार कर लिया जाएगा। शुक्रवार को प्रारंभिक रिपोर्ट को राष्ट्रीय महिला आयोग के मेल पर भेजने की तैयारी है।

रिपोर्ट तैयार करने के लिए आंतरिक कमेटी राष्ट्रीय महिला आयोग की तरफ से तैनात अधिवक्ता से विधिक सलाह भी ली है।

कमेटी के समक्ष नहीं दिया बयान

आंतरिक कमेटी ने रंगीन मिजाज प्रोफेसर की शिकायत करने वाली युवती को बयान दर्ज करने के लिए बुलाया, लेकिन वह कमेटी के समक्ष प्रस्तुत नहीं हुई। कमेटी ने दोनों से बातचीत के आधार पर जो मामला आया है उसके आधार पर रिपोर्ट तैयार कर रही है।

प्रोफेसर ने लगाया साजिश रचने का आरोप

आंतरिक कमेटी ने आरोपी प्रोफेसर का भी बयान दर्ज किया है। कमेटी के समक्ष प्रोफेसर ने उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज कराया।

उन्होंने खुद को निर्दोष बताते हुए कुछ विभागीय लोगों पर साजिश रचने का आरोप लगाया है।

# नोट बनाने वाले वीडियो ने चमकाया और जेल भी पहुंचाया, बैंक की मशीन भी नहीं पकड़ पाती थी असलियत

गोरखपुर। वाराणसी के गंगाराम सीट से विधायक रहीं धनेश्वरी देवी का पौत्र राहुल सिंह अपने बेटों अवनीश सिंह, अविनाश, विकास सिंह व बड़हलगंज के चांद मोहम्मद के साथ मिलकर अपने गांव बांसगांव इलाके के धनौड़ा बुजुर्ग में नकली नोट की फैक्टरी चला रहा था। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया है कि नोट को आसानी से नहीं पकड़ा जा सकता था। बैंक की मशीन में भी नोट नहीं पकड़ में आ रहे थे। नकली नोट के धंधे में पकड़ा गया देवरिया का राहुल सिंह अपने बेटे अवनीश और साथी चांद मोहम्मद के साथ छह साल से नकली नोटों का धंधा चला रहा था। देवरिया के जग्गा के पकड़े जाने के बाद कुछ दिन मामला शांत रहा, मगर फिर सब ठगी का धंधा भी करने लगे। इसी ठगी के धंधे को चमकाने के चक्कर में एक वीडियो बनाया गया, जिसमें केमिकल की मदद से काले रंग के कागज से नोट बनाए जाने की बात कही। उस वीडियो को चांद मोहम्मद ने बनाया। यह खूब वायरल भी हुआ।

यही वायरल वीडियो पुलिस के हाथ लगा, जिसके बाद पुलिस नकली नोट छापने वालों तक पहुंची और तीनों को जेल भेजा। दरअसल नकली नोट के मामले में पकड़ा गया राहुल सिंह, देवरिया में गिरोह चलाने वाले जग्गा उर्फ जगरनाथ के साथ मिलकर यह अवैध धंधा चलाता था। जग्गा नकली नोट छापने में माहिर था। राहुल ने साथ रहकर पहले नकली नोट छापना सीखा। जब गगहा इलाके में नौ अक्तूबर 2022 को जग्गा नकली नोट बनाने के मामले में पकड़ा गया, तो राहुल स्वतंत्र रुप से यह अवैध धंधा करने लगा। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे डिमांड के आधार पर नकली नोट छापते थे। पहले से नोट छापकर नहीं रखते थे, क्योंकि इसमें पकड़े जाने का डर था। हालांकि इतनी सजगता के बावजूद पुलिस, आरोपियों तक पहुंच गई। जब ग्राहक नोट लेने को तैयार हो जाता था, तब उतने ही नोट छापते थे और फिर उसे खपा दिया जाता था। पुलिस की जांच में सामने आया है कि नकली नोट के अलावा आरोपी, ठगी का भी काम करते थे। काले कागज के साथ केमिकल बेचते थे। फिर लोगों से कहते थे, इस केमिकल को घर जाकर डाल देना, नोट बन जाएगा। इसके लिए काले रंग के कागज को इन लोगों ने 200 रुपये के नोट के साइज में काटकर रखा भी था, इसके लिए एक नोट के बदले 50 रुपये लेते थे।

आसानी से पकड़ में नहीं आ रहे थे नकली नोट

पुलिस की जांच में यह भी सामने आया है कि नोट को आसानी से नहीं पकड़ा जा सकता था। बैंक के मशीन में भी नोट नहीं पकड़ में आ रहे थे। इस पर चूना लगाने पर भी तत्काल रंग नहीं छोड़ रहा था। थोड़ी देर छोड़ने के बाद ही रंग छोड़ता था।

एसपी साउथ ने बताया कि नौ अक्तूबर 2022 को पुलिस ने देवरिया के गौरीबाजार थाना क्षेत्र के बर्दगोनिया सुदामा चौक निवासी जग्गा उर्फ जगरनाथ और गोरखपुर के गगहा थाना क्षेत्र के गडही निवासी विक्रम जायसवाल को गिरफ्तार किया था। तब भी यह बात सामने आई थी कि कुछ लोग और इस धंधे में जुड़े हैं, पुलिस जांच भी कर रही थी, लेकिन हाथ नहीं लगे थे।

कमीशनबाजी का भी खेल

नकली नोट खपाने में कमीशनबाजी के खेल का भी पता चला है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों ने इसे स्वीकार भी किया है। एक आरोपी को दस हजार रुपये नकली नोट खपाने के एवज में तीन हजार रुपये देने का भरोसा मिला था। इसके बाद ही गांव के कई लोग इस काम में जुड़ गए थे। यह काम पिछले तीन महीने से तेजी से बढ़ा है।

चूना लगाने पर छूटा नकली नोट का रंग

आरोपियों के पास मिले नकली नोट को पहचानने में पुलिस के साथ ही बैंककर्मियों के भी पसीने छूट गए। बाद में आरोपियों से सख्ती से पूछताछ की गई, फिर पता चला कि नोट पर चूना लगाना पड़ेगा। चूना लगाते ही नोट का रंग छूटने लगेगा। लिहाजा, पुलिस ने चूना मंगाया और नोट पर लगा दिया। कुछ देर बाद नकली नोट से रंग छूटने लगा। पुलिस ने असली नोट पर भी चूना लगाकर देखा, लेकिन रंग नहीं छूटा। हालांकि असली नोट पर चूना लगाने की मनाही है।

पहले भी पकड़ा गया था मामला

गगहा पुलिस ने पहले भी नकली नोटों के साथ कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया था। मामले की छानबीन भी हुई थी, लेकिन पुलिस मुख्य आरोपी तक नहीं पहुंच सकी। अब दोबारा मामला सामने आया है। पुलिस का कहना है कि इस बार नकली नोटों से जुड़ी हर कड़ी तक पहुंचने की कोशिश होगी। गिरोह को खत्म किया जाएगा।

पहले भी पकड़े जा चुके हैं नकली नोट

3 जुलाई 2022- कैंट पुलिस ने बांसगांव के फफरुद्दीन और बिहार के राजन तिवारी को नकली नोटों के साथ पकड़ा।

एक दिसंबर 2020- बांसगांव पुलिस ने बेलघाट के बारपार निवासी धर्मपाल को एक लाख रुपये के नकली नोट के साथ पकड़ा।

एक दिसंबर 2020- सिकरीगंज इलाके में नकली नोट संग सब्जी व्यापारी गिरफ्तार, 233 नोट बरामद हुए।

30 अगस्त 2019- नकली नोटों के साथ बांसगांव इलाके में पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया। एक महिला भी पकड़ी गई।

27 मई 2018- झंगहा एरिया में सौ-सौ रुपये के चार नोट संग देवरिया, पोखरा निवासी पप्पू निषाद को पुलिस ने पकड़ा। वह कई दिनों से रुपये, मार्केट में चला रहा था।

7 मार्च 2018- राजघाट इलाके में शातिर त्रिभुवन सिंह और उसके साथी यूनुस को गिरफ्तार करके पुलिस ने नकली नोट सहित अन्य सामान बरामद किए।

04 दिसंबर 2019- देवरिया, रामपुर कारखाना में नकली नोट संग तीन लोग पकड़े गए। सौ- सौ रुपये के 49,990 रुपये बरामद हुए।

12 अप्रैल 2016- गोरखनाथ इलाके के हुमायूंपुर मोहल्ले में पुलिस ने अक्षय यादव को गिरफ्तार किया। स्कैनर और प्रिंटर के जरिए वह नकली नोट छापकर मार्केट में चलाता था।

# फिर खुद बन बैठा नकली नोट का सौदागर, पहचानने में बैंककर्मियों के भी छूट गए पसीने

गोरखपुर। पुलिस ने नकली नोट बनाने की फैक्टरी का पर्दाफाश किया है। वाराणसी के गंगाराम सीट से विधायक रहीं धनेश्वरी देवी का पौत्र राहुल सिंह अपने बेटों अवनीश सिंह, अविनाश, विकास सिंह व बड़हलगंज के चांद मोहम्मद के साथ मिलकर नकली नोट की फैक्टरी चला रहा था। पिछले छह साल से यह धंधा चल रहा था। नकली नोट के मामले में पकड़ा गया राहुल सिंह देवरिया में गिरोह चलाने वाले जग्गा उर्फ जगरनाथ के साथ मिलकर यह अवैध धंधा चलाता था। जग्गा नकली नोट छापने में माहिर था। राहुल ने साथ रहकर पहले नकली नोट छापना सीखा। जब गगहा इलाके में नौ अक्तूबर 2022 को जग्गा पकड़ा गया तो राहुल यह धंधा करने लगा। आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वे मांग के अनुसार नकली नोट छापते थे। पहले से नोट छापकर नहीं रखते थे। क्योंकि इसमें उन्हें पकड़े जाने का डर था। हालांकि, इतनी सजगता के बावजूद पुलिस उन तक पहुंच गई। आरोपियों ने बताया कि जब ग्राहक नोट लेने के लिए तैयार हो जाते थे, तब उतने ही नोट छापते थे। पुलिस की जांच में सामने आया है कि नकली नोट के अलावा आरोपी ठगी भी थे। काले कागज के साथ केमिकल बेचते थे। फिर लोगों से कहते थे इस केमिकल को घर जाकर डाल देना नोट बन जाएगा। इसके लिए काले रंग के कागज को 200 रुपये के नोट के साइज में काटकर रखा भी था। इसके लिए एक नोट के बदले 50 रुपये लेते थे।

आसानी से पकड़ में नहीं आ रहे थे नकली नोट

पुलिस की जांच में यह भी सामने आया है कि नकली नोट को आसानी से नहीं पकड़ा जा सकता था। बैंक के मशीन में भी नकली नोट पकड़ में नहीं आ रहे थे। चूना लगाने पर भी तत्काल रंग नहीं छोड़ रहा था।

एसपी साउथ ने बताया कि नौ अक्तूबर 2022 को पुलिस ने देवरिया के गौरीबाजार थाना क्षेत्र के बर्दगोनिया सुदामा चौक निवासी जग्गा उर्फ जगरनाथ और गोरखपुर के गगहा थाना क्षेत्र के गडही निवासी विक्रम जायसवाल को गिरफ्तार किया था। तब यह बात सामने आई थी कि कुछ लोग और इस धंधे में जुड़े हैं। पुलिस जांच कर रही थी, लेकिन हाथ नहीं लगे थे।

ठगी के धंधे को चमकाने में फंस गए धंधेबाज

पुलिस के अनुसार, नकली नोट के धंधे को ये लोग छह साल से चला रहे थे। देवरिया के जग्गा के पकड़े जाने के बाद कुछ दिनों तक धंधा बंद कर दिया था। इस बीच ठगी का धंधा करने लगे थे। ठगी के धंधे को चमकाने के चक्कर में एक वीडियो भी बनाया गया, जिसमें काले रंग के कागज से केमिकल की मदद से नोट बनाने की बात कही गई। उस वीडियो को चांद मोहम्मद ने बनाया था। यह खूब वायरल हुआ था। यही वायरल वीडियो पुलिस के हाथ लगा, जिसके बाद पुलिस उन तक पहुंच पाई।

चूना लगाने पर छूटा नकली नोट का रंग

आरोपियों के पास मिले नकली नोट को पहचानने में पुलिस के साथ बैंककर्मियों के भी पसीने छूट गए। बाद में आरोपियों से सख्ती से पूछताछ की गई, फिर पता चला नोट पर चूना लगाना पड़ेगा। चूना लगाते ही नोट का रंग छूटने लगेगा। लिहाजा, पुलिस ने चूना मंगाया और नोट पर लगा दिया। कुछ देर बाद नकली नोट से रंग छूटने लगा। पुलिस ने असली नोट पर भी चूना लगाकर देखा, लेकिन रंग नहीं छूटा। हालांकि, असली नोट पर चूना लगाने की मनाही है।

पहले भी पकड़ा गया था मामला

गगहा पुलिस ने पहले भी नकली नोटों के साथ कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया था। मामले की छानबीन हुई थी, लेकिन पुलिस मुख्य आरोपी तक नहीं पहुंच सकी। अब दोबारा मामला सामने आया है। पुलिस का कहना है कि इस बार नकली नोटों से जुड़ी हर कड़ी तक पहुंचने की कोशिश होगी।

## गोरखनाथ मंदिर सहित छह स्थानों पर दो किमी की सीमा में नहीं उड़ा सकेंगे ड्रोन

गोरखपुर। एडीएम सिटी ने इस संबंध में आदेश दिए हैं कि बिना अनुमति के प्रतिबंधित क्षेत्र के दो किमी के दायरे में ड्रोन नहीं उड़ाया जा सकेगा। सुरक्षा कारणों से इसको लेकर सख्ती बरती जाएगी। ड्रोन उड़ाने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट से अनुमति लेनी होगी। गोरखपुर के छह प्रमुख स्थानों के दो किलोमीटर के सीमा क्षेत्र ( परिधि ) में ड्रोन उड़ाने के लिए प्रशासन से अनुमति लेनी पड़ेगी। बिना इजाजत के ड्रोन उड़ाने पर संबंधित थाना क्षेत्रों की पुलिस मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई करेगी। गोरखनाथ मंदिर परिसर के नजदीक ड्रोन उड़ाने का मामला सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने बुधवार को यह आदेश जारी किया है। सोमवार को सीएम योगी आदित्यनाथ गोरखपुर दौरे पर आए थे। मंगलवार की सुबह वे गोरखनाथ मंदिर परिसर में थे, तभी मंदिर परिसर के नजदीक एक ड्रोन उड़ने पर पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने ड्रोन को कब्जे में लेकर जांच की तो सामने आया कि दो युवकों ने नासमझी में ड्रोन उड़ा दिया था। आरोपी युवकों ने इसके लिए माफी मांगी। इसके बाद बुधवार को ड्रोन उड़ाने को लेकर गाइडलाइन जारी की गई। एडीएम सिटी ने इस संबंध में आदेश दिए हैं कि बिना अनुमति के प्रतिबंधित क्षेत्र के दो किमी के दायरे में ड्रोन नहीं उड़ाया जा सकेगा।

## जच्चा-बच्चा की मौत के बाद एक्शन- अस्पताल का संचालक गिरफ्तार, पांच पर केस दर्ज

गोरखपुर। कैंपियरगंज नगर पंचायत चौमुखा समेत आसपास के क्षेत्र में 20 से अधिक नर्सिंग होम संचालित हो रहे हैं। इसमें से कई अवैध हैं। स्वास्थ्य विभाग इनकी जांच का दावा तो करता है, लेकिन सीएचसी से महज 300 मीटर के भीतर ही कई साल से बिना पंजीकरण के चल रहे अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। नगर पंचायत चौमुखा के मां दुर्गा अस्पताल में मंगलवार को हुए जच्चा-बच्चा की मौत के मामले कैंपियरगंज पुलिस मृतका के पति की तहरीर पर अस्पताल संचालक शैलेंद्र नाथ सोलंकी एवं डॉ. असलम समेत पांच नामजद लोगों पर धारा 304 के तहत केस दर्ज कर लिया। अस्पताल संचालक शैलेंद्र नाथ सोलंकी को गिरफ्तार कर मामले की जांच की जा रही है। अस्पताल संचालक की गिरफ्तार के बाद परिवार वालों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बताया जाता है कि अस्पताल तीन साल से बिना लाइसेंस के चल रहा है। नगर पंचायत चौमुखा के वार्ड नंबर 14 निवासी शैलेश चौरसिया की पत्नी सरिता चौरसिया को प्रसव पीड़ा होने पर सोमवार को घर के नजदीक मां दुर्गा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। मंगलवार की सुबह ऑपरेशन से बेटे का जन्म हुआ। कुछ समय बाद नवजात की मौत हो गई।

दोपहर बाद प्रसूता की भी हालत बिगड़ने लगी। शाम करीब चार बजे अस्पताल संचालक शैलेंद्र सोलंकी दो साथियों के साथ महिला को लेकर चिलुआताल क्षेत्र के नकहा नंबर एक के पास निर्मला अस्पताल पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना पर चिलुआताल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कैंपियरगंज नगर पंचायत चौमुखा समेत आसपास के क्षेत्र में 20 से अधिक नर्सिंग होम संचालित हो रहे हैं।

इसमें से कई अवैध हैं। स्वास्थ्य विभाग इनकी जांच का दावा तो करता है, लेकिन सीएचसी से महज 300 मीटर के भीतर ही कई साल से बिना पंजीकरण के चल रहे अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत हो गई।

सीएचसी के पास अवैध रूप से संचालित कमला हॉस्पिटल में भी छह माह पूर्व नगर पंचायत करतहरी गांव निवासी महिला की ऑपरेशन के बाद मौत हो गई थी। स्वजनों व ग्रामीणों ने कमला हॉस्पिटल के संचालक पर केस दर्ज कराने व मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा भी किया था। सीएचसी प्रभारी डॉ. विनोद वर्मा का कहना है कि तीन माह पूर्व कार्यभार संभाला है। जानकारी मिली है जिस नर्सिंग होम में जच्चा-बच्चा की मौत हुई है, वहां का पंजीकरण तीन वर्ष पूर्व समाप्त हो गया है।

त्रिगुट
शुक्रवार 25 अगस्त 2023

## मर्यादा पुरुषोत्तम राम और रामराज

गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज द्वारा रचित रामचरित मानस मैं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के चरित्र का वर्णन स्वान्त सुखाय तुलसी रघुनाथ गाथा सार्वजनिक हित की एक ऐसी कथा है। जिसमें भगवान राम ने अपने मनुष्य जीवन में सभी मानवीय मूल्य का पालन करते हुए एक पुत्र एक पिता एक पति और भगवान के बीच के सारे चरित्र का वर्णन किया है। वर्णन रामचरित मानस में तुलसीदास जी ने इसे इस रूप में प्रस्तुत किया है कि यह जन-जन की प्रेरणा के रूप में बस गया है। गोस्वामी तुलसीदास जी ऐसे रचनाकार है, जिन्होंने लोकमंगल के लिए रामचरितमानस की रचना, सामाजिक सोहाद्र और भाईचारे का एक ताना-बाना बुना है। वह सभी के लिए ह्दयस्पर्शी है।भारत में आध्यात्मिक चेतना के साथ-साथ सभी वर्गों के बीच भाईचारा, प्रकृति का संरक्षण, पर्यावरण की रक्षा, दलित और आदिवासियों के साथ पक्षियों,और हर जीव के प्रति दया का भाव, नारियों के प्रति सम्मान, ॠषियों और मुनियों का सम्मान की एक ऐसी राम कथा लिखी है। जिसे वर्तमान पीढ़ी आचरण में धारण नहीं कर पा रही है। भगवान राम के प्रिय बजरंगबली जी द्वारा जिस तरह से भगवान राम की सेवा और अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का उल्लेख रामचरितमानस में है। रामचरितमानस को हम पढ़ लेते हैं लेकिन उसको आचरण में धारण नहीं कर पा रहे हैं। जिसके कारण लोगों में द्वेष फैल रहा है। भारतीय संस्कृति में राम नाम के प्रति जो आस्था और श्रद्धा है। उसका आचरण से दूर हो जाने के कारण हम अपनी मर्यादाओं को भूलकर केवल स्वार्थ के लिए नाम का उपयोग करना चाहते हैं। स्वार्थ के लिए हम भगवान राम को याद करते हैं। भगवान राम के चरित्र और हनुमान जी के चरित्र को हम अपने मानव जीवन में ,जो मर्यादाएं अपने आचरण में लानी चाहिए। वह हम नहीं ला पा रहे हैं। भगवान राम के अनन्य भक्त हनुमान जी की कृपा से हम बिना पुरुषार्थ किये वह सब कुछ पा लेना चाहते हैं।जो संभव ही नहीं होता है। भगवान राम ने अपने पिता के दिए हुए वचन को पूरा करने के लिए क्षण मात्र में अपना सिंहासन त्याग दिया था। 14 साल के लिए वानप्रस्थ चले गए थे। उनके सिंहासन को भरत को मिला। उन्होंने भी जब तक राम वापस अयोध्या नहीं आए। सिंहासन में भगवान राम की खड़ाऊ रखकर उनके नाम से शासन चलाया। भगवान राम की गाथा को हम सब जानते हैं। आज सत्ता के लिए क्या-क्या हो रहा है। इससे हम अनजान नहीं है। भगवान राम उपदेश नहीं है। मानव जीवन में भगवान राम का जीवन काल एक संस्कार की तरह होना चाहिए। जिसका कोई अपवाद नहीं है। भगवान राम का चरित्र एक शाश्वत चेतना है। भगवान राम की व्याख्या मानवीय मूल्य के संबंध में, तभी संभव होगी। जब हम उसको आचरण में शामिल करने का प्रयास करे। रामचरितमानस में तुलसीदास जी ने जी राम राज्य का वर्णन किया है। पूरी रामायण में कहीं पर भी किसी के प्रति कोई बैर नहीं दिखता है। नाही भगवान राम का किसी के प्रति कोई दुराग्रह देखने को मिलता है। तुलसीदास जी ने भगवान राम की चरित्र कथा को ब्रह्मांड के कल्याण, समताधारक समाज और सभी लोगों के प्रति करुणा और दया भाव को बड़े रोचक तरीके से गोस्वामी तुलसीदास जी ने लिखा है। सबसे बड़ी अच्छी बात यह है, की राम के जीवन का सारा दर्शन तुलसीदास जी ने घर-घर तक लोक कथा के माध्यम से पहुंचने का जो काम किया है। सारी दुनिया में इसका कोई और दूसरा उदाहरण नहीं मिलता है। गोस्वामी तुलसीदास जी ने एक-एक चौपाई में जिस तरह से गागर में सागर भरने का काम किया है।

# चीन से बातचीत चलती रहनी चाहिए और उसकी हर चाल पर पैनी दृष्टि भी बनी रहनी चाहिए

अशोक मधुप



चीन भारत के दुश्मन पाकिस्तान से दोस्ती निभाने और आधुनिक शस्त्र देने में लगा है तो हम भी चीन को आइना दिखाने के लिए ऐसा ही कर रहे हैं। चीन की ताइवान पर कुदृष्टि है, वह उस पर कब्जा करना चाहता है। भारत और चीन के बीच दौलत बेग ओल्डी और चुशुल में ख्रष्ट ( वास्तविक नियंत्रण रेखा ) पर मेजर जनरल लेवल की बैठक हुई। इससे पहले 14 अगस्त को विवाद का हल निकालने के लिए कमांडर स्तर की बैठक भी हुई थी। दोनों देशों की सेना आमने-सामने है इसके बावजूद सेना अधिकारियों के बीच सीमा-विवाद सुलझाने पर बात हो रही है, ये बहुत अच्छा है। बात होती रहनी चाहिए। बात होगी तो समस्या के निदान के रास्ते भी निकलेंगे। सुलह का मार्ग बनेगा। सुलह की बात न बने तो रिश्तों में कटुता तो नहीं रहेगी। ऐसे ही हालात पर प्रसिद्ध शायर निदा फाजली का शेर है- दुश्मनी लाख सही, ख़त्म न कीजे रिश्ता, दिल मिले या न मिले हाथ मिलाए रहिए। दोनों देशों की सेनाएं लगभग तीन साल से आधुनिक शस्त्रों के साथ आमने-सामने हैं। भारत और चीन ने वास्तविक नियंत्रण रेखा ( एलएसी ) के पार पूर्वी लद्दाख सेक्टर में 50,000 से अधिक सैनिकों को तैनात किया है। कई जगह तो वह बहुत ही नजदीक हैं। भारत चीन के बीच सीमा विवाद का कोई हल नहीं निकल रहा। सीमा पर तनाव होने के बावजूद शांति है। तीन साल पहले हुए गलवान घाटी संघर्ष के और बाद में 2022 में अरुणाचल के तवांग घाटी में बाद कोई घटना नहीं हुई। यह सब बहुत ही अच्छा है। दूसरी जगह पर सीमा विवाद या तनाव कम करने के लिए राजनैतिक स्तर पर बात होती रही है। राजनेताओं को सही स्थिति की जानकारी नहीं होती। इसलिए विवाद के हल भी ठीक नहीं होते। सेना और सेना के अधिकारी को मौके और समस्या के एक-एक पाइंट की जानकरी हाती है। यहां अच्छा यह है कि सेना के उच्च अधिकारी आपस में लगातार बात कर रहे हैं। इससे आपस में एक विश्वास पैदा होता है। आपस की गलतफहमी दूर होती है। चीन का विश्वास नहीं किया जा सकता किंतु यह भी अच्छा है कि आपस में विवाद के निस्तारण के लिए बातचीत चलती रहनी चाहिए।

भारत और चीन के बीच दौलत बेग ओल्डी और चुशुल में ख्रष्ट ( वास्तविक नियंत्रण रेखा ) पर मेजर जनरल लेवल की हाल में बैठक हुई। इस दौरान दोनों देशों के बीच जारी सीमा विवाद पर डिटेल में चर्चा की गई। मेजर जनरल पीके मिश्रा और मेजर जनरल हरिहरन ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। बैठक में देपसांग प्लेन और सीएनएन जंक्शन के मुद्दे का समाधान निकालने पर चर्चा हुई। ये बैठक भारत-चीन के बीच 14 अगस्त को हुई 19वीं कमांडर लेवल की बैठक के बाद की गई है, जिसमें दोनों देश विवादों को बातचीत और समझौतों के जरिए सुलझाने पर राजी हुए थे। दौलत बेग ओल्डी देपसांग के पास है। जहां चीनी सैनिक लगातार भारतीय सैनिकों की पैट्रोलिंग में रुकावटें पैदा करते रहते हैं। वहीं चुशुल पैंगोंग सो झील के दक्षिणी किनारे पर है। जहां भारतीय सैनिकों ने 2020 में एक ऑपरेशन के तहत कई ऊंची जगहों पर कब्जा कर लिया था। रिपोर्ट के मुताबिक मेजर जनरल लेवल की बैठक में दोनों देशों की सेनाओं के लिए पैट्रोलिंग से जुड़े ग्राउंड रूल्स बनाए गए हैं, ताकि आगे किसी भी तरह के संघर्ष से बचा जा सके। साथ ही तय हुआ कि दोनों देशों के सैनिकों के बीच भरोसा बढ़ाने के लिए कदम उठाए जाएंगे। मेजर जनरल लेवल की बैठक के बाद दोनों देशों के बीच ब्रिगेड कमांडर और कमांडिंग ऑफिसर लेवल की भी बैठक होगी।

19वें दौर की वार्ता से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ व्यापक वार्ता की थी और उसके बाद चार महीने के अंतराल के बाद कोर कमांडर वार्ता का केवल 19वां दौर ही हुआ था। ये सब चल रहा है, ऐसे में साउथ अफ्रीका में 22 से 24 अगस्त को ब्रिक्स समिट होने वाला है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात हो सकती है। इससे पहले दोनों नेता पिछले साल बाली में जी-20 समिट के दौरान मिले थे। प्रधानमंत्री मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच मुलाकात हुई थी। डिनर के दौरान मोदी और जिनपिंग ने द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर करने पर चर्चा की थी। दोनों ने भारत-चीन के बॉर्डर विवाद को भी डिस्कस किया था। भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी पर करीब तीन साल पहले 2020 में हिंसक झड़प हुई थी। इसमें भारत के 20 जवान शहीद हो गए थे, जबकि 38 चीनी सैनिक मारे गए थे। हालांकि, चीन इसे लगातार छिपाता रहा। गलवान घाटी पर दोनों देशों के बीच 40 साल बाद ऐसी स्थिति पैदा हुई थी। गलवान पर हुई झड़प के पीछे की वजह यह थी कि गलवान नदी के एक सिरे पर भारतीय सैनिकों ने अस्थाई पुल बनाने का फैसला लिया था। चीन ने इस क्षेत्र में अवैध रूप से बुनियादी ढांचे का निर्माण करना शुरू कर दिया था। साथ ही, इस क्षेत्र में अपने सैनिकों की संख्या बढ़ा रहा था। दोनों की सेना आमने-सामने होने पर किसी सैनिक की जरा-सी खुराफात बड़े युद्ध का रूप ले सकती है। चीन के रवैये को देखते हुए भारत किसी भी स्थिति के लिए तैयार है, इसके बावजूद होना ये चाहिए कि युद्ध न हो। युद्ध से बचा जाए। युद्ध लड़ने वाले दोनों देशों की अर्थव्यवस्था का बुरी तरह खत्म कर देता है। युद्ध देश के विकास को बहुत पीछे धकेल देता है। इसलिए युद्ध अंतिम विकल्प होना चाहिए।

हाल के घटनाक्रमों ने दोनों देशों के बीच भविष्य में संघर्ष की संभावना के बारे में चिंताओं की वृद्धि की है। आ रही सूचनाएं बताती हैं कि चीन युद्ध की तैयारी कर रहा है। चीन का नेतृत्व बार-बार सेना को युद्ध के लिए तैयार करने का आदेश दे रहा है। भारत और चीन के तनावपूर्ण संबंधों को हाल के चीनी उकसावों से बढ़ावा मिला है। इसमें अरुणाचल प्रदेश में स्थानों के लिये नामों का आवंटन, भारतीय मीडियाकर्मियों को वीजा देने से इंकार करना और युद्ध की तैयारी पर राष्ट्रपति के वक्तव्य आदि शामिल हैं। इन घटनाओं ने चीन के इरादों के बारे में चिंता उत्पन्न की है और भारत को किसी भी स्थिति के लिये तैयार रहने की आवश्यकता है। हालांकि भारत इनसे अनजान नहीं है। भारत की रक्षा तैयारियों की समीक्षा की जा रही है। आधुनिक शस्त्र, मिसाइल, ड्रोन और अन्य आधुनिक युद्धास्त्र भारत खरीदने में जुटा है। साथ ही उसकी कोशिश है कि अपनी जरूरत का सभी सैन्य सामान देश में ही बने। भारत अपनी सेना को मजबूत और आधुनिक युद्ध के लिए तैयार करने में लगा हुआ है। सीमा पर सड़कों का नेटवर्क बनाया जा रहा है। वह चीन और पाकिस्तान से लगी सीमा तक सड़कें विकसित कर रहा है। हवाई पट्टी बना रहा है। चीन-पाकिस्तान से सटे हवाई अड्डों पर आधुनिक विमान तैनात कर रहा है। चीन भारत के दुश्मन पाकिस्तान से दोस्ती निभाने और आधुनिक शस्त्र देने में लगा है तो हम भी चीन को आइना दिखाने के लिए ऐसा ही कर रहे हैं। चीन की ताइवान पर कुदृष्टि है, वह उस पर कब्जा करना चाहता है।

ये जानते हुए हमने ताइवान को आधुनिक अस्त्र-शस्त्रों से लैस अपना लड़ाकू जहाज भेंट किया है। अब तक चीन का रवैया युद्ध करना नहीं, युद्ध का हौवा खड़ा करके सामने के देश पर दबाव बनाकर लाभ उठाना रहा है। किंतु इस बार वह अपनी इस रणनीति में कामयाब नही हो पा रहा। चीन ने भारत सीमा पर सेना बढ़ाई तो भारत ने भी सीमा पर सैना तैनात कर दी। इतना ही नहीं हमने आधुनिक तोप और लड़ाकू विमान भी तैनात कर दिए हैं। चीन से बात करने के लिए सामने वाले का मजबूत होना और सीना तान कर सामने खड़ा होना जरूरी है। आज भारत इस हालत में है। उसने स्पष्ट भी कर दिया है कि भारत अपने हितों की रक्षा के लिये तैयार है। साथ ही ताइवान को लड़ाकू आधुनिक युद्ध पोत भेंट कर अपने इरादे भी स्पष्ट कर दिए हैं। पूरा देश जानता है कि चीन हमारा दुश्मन है, कभी दोस्त नहीं हो सकता। इसके बावजूद सस्ते के लालच में हम चीन का बना सामान खरीदते हैं। हममें देश भक्ति सिर्फ सोशल मीडिया पर नजर आती है। फेसबुक पर नजर आती है, व्हाटसएप पर नजर आती है, इंस्ट्रागाम पर दिखाई देता है। व्यवहार में ऐसा नहीं है। चीन के सीमा पर सेना तैनात करने के बाद से चीनी सामान बहिष्कार का आंदोलन इस तरह चला था कि लगता था कि कोई भारतीय चीन का बना सामान नहीं खरीदेगा। किंतु हो इसके विपरीत रहा है। इस साल की पहली छमाही में भारत को चीन का निर्यात 56.53 अरब डॉलर का रहा। यह एक साल पहले के 57.51 अरब डॉलर से 0.9 फीसदी कम है। चीनी कस्टम्स द्वारा जारी आंकड़ों से यह जानकार मिली है। वहीं, चीन को भारत का निर्यात इस अवधि में कुल 9.49 अरब डॉलर रहा। यह एक साल पहले 9.57 अरब डॉलर रहा था। इस तरह साल 2023 की पहली छमाही में व्यापार घाटा एक साल पहले के 67.08 अरब डॉलर से घटकर 47.04 अरब डॉलर रह गया। पिछला साल भारत-चीन व्यापार के लिए बंपर ईयर रहा था। यह पिछले साल 135.98 अरब डॉलर के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया था। साल 2022 में कुल भारत-चीन व्यापार 8.4 फीसदी की बढ़त के साथ एक साल पहले के 125 अरब के आंकड़े को पार कर गया था। भारत चीन को कच्चा माल बेचने का काम करता है जबकि वहां से आयात में भारत ज्यादातर बन बनाए प्रोडक्ट खरीदता है। चीन से भारत इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल मशीनरी के अलावा कई तरह के केमिकल ख़रीदता है। ये केमिकल भारत के फ़ार्मा इंडस्ट्री के लिए बेहद अहम हैं। इससे हमारे देश में दवाएं बनाई जाती हैं लेकिन उनकी ओरिजिनल सामग्री चीन से ही आती है। वहीं दूसरी ओर, भारत चीन को बड़े पैमाने पर कॉटन, आयरन एंड स्टील, आर्टिफिशियल फूल, अयस्क, स्लैग, राख और ऑर्गेनिक केमिकल बेचने का काम करता है। साल 2021-22 में भारत ने चीन से करीब तीन हजार करोड़ अमेरिकी डॉलर का इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदा है। इसमें इलेक्ट्रिकल मशीनरी, उपकरण, स्पेयर पार्ट्स, साउंड रिकॉर्डर, टेलीविजन और दूसरी कई चीजें शामिल हैं।

चीन का दुनिया का व्यापार पांच प्रतिशत गिरा है। भारत से व्यापार में 0.9 फीसदी कम होना कोई अर्थ नहीं रखता। भारत द्वारा चीन से खरीद में कमी पांच प्रतिशत से ज्यादा हुई होती, तब माना जाता कि व्यापार में कमी आई है। व्यापारिक दृष्टि से भारत चीन पर काफी मात्रा में निर्भर है। भारत को चीन को झुकाने के लिए सामान का आयात कम करके शून्य पर लाना होगा। उस पर निर्भरता कम करनी होगी। चीन वैसे ही अंदरूनी आर्थिक मोर्चे पर संकट से है। हम चीन से निर्यात कम कर दें, तो उसके दिमाग सही हो जाएंगे। उसकी सारी हेकड़ी खत्म हो जाएगी। चीन की हेकड़ी निकालने के लिए जरूरी यह है कि भारत अपने को सभी क्षेत्र में आत्मनिर्भर ही नहीं करे बल्कि साथ ही चीन को कमजोर करने के लिए उससे व्यापार लगातार सीमित कर शून्य पर ले आए। जिस दिन ऐसा हो गया। उसी दिन चीन के दिमाग जमीन पर आ जायेगा।

# सुविधाओं का विस्तार हुआ है, जीवन स्तर में बदलाव आया है

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

आज देश दुनिया ने काफी तरक्की की है। सुविधाओं का विस्तार हुआ है। जीवन स्तर में बदलाव आया है। जीवन जीना आसान हुआ है। पर इन सबके बीच मानवीय संवेदनाएं कहीं खो गई हैं। ऐसे उदाहरण आम हैं कि इकलौती संतान रोजगार के लिए विदेश जाती है और फिर वहीं की होकर रह जाती है। एक तरफ यह माना जा रहा है कि 2050 आते आते देश का हर पांचवां नागरिक बुजुर्ग होगा तो दूसरी और बुजुर्गों के साथ असम्मान में दिन दूनी रात चौगुनी बढ़ोतरी हो रही है। हालिया रिपोर्ट के अनुसार पिछले एक साल में सात लाख बुजुर्गों ने अदालतों के द्वार खटखटाये हैं। जबकि इससे पहले ही पिछले साल तक अदालतों में बुजुर्गों द्वारा दर्ज कराये गये पांच साल से अधिक के 20 लाख से अधिक मामले न्याय के लिए लंबित चल रहे हैं। सवाल यह नहीं है कि अदालतों में कितने मामले लंबित हैं या सवाल यह भी नहीं है कि कितने समय से लंबित हैं या सवाल यह भी नहीं है कि अदालतों में बुजुर्गों से संबंधित मामलों के निर्णय में क्यों देरी हो रही है? बल्कि सीधा सीधा सवाल यह है कि समाज में बुजुर्गों के प्रति असम्मान में क्यों बढ़ोतरी हो रही है। केवल और केवल एक साल में सात लाख मामलों का सामने आना हमारे समाज की बुजुर्गों के प्रति असहिष्णुता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। एक और हमारी संस्कृति और सभ्यता में बुजुर्गों के प्रति सम्मान सिखाया जाता रहा हैं वहीं अब समाज के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा न्यायालय का दरवाजा खटखटाना बेहद चिंता का विषय हो जाता है।

एक साल में सात लाख मामलों में कुछ कम ज्यादा हो सकता है पर आंकड़ा सात लाख के आसपास से कम इस मायने में नकारा नहीं जा सकता कि अदालतों में दर्ज होने वाले प्रकरणों की निगरानी होती है। अब सवाल सीधा-साधा यह हो जाता है कि एक साल में सात लाख मामले सामने आने का मतलब साफ साफ है कि असलियत में इस तरह के मामले कई गुणा होंगे। साफ है कि अदालत



या पुलिस में केस दर्ज कराने के हालात बहुत ही अति की स्थिति में होते हैं। एफआईआर या अदालत में इस्तगाशा कराना आम आदमी के लिए ही मुश्किल भरा काम होता है तो किसी बुजुर्ग से इस तरह की आशा करना बेमानी ही होगा। दरअसल कोई भी आदमी मेरा मतलब आम आदमी से भी है कि उसके द्वारा भी पुलिस थानों या वकीलों और अदालतों के चक्कर लगाने से बचने की ही कोशिश की जाती है। फिर बुजुर्ग की तो अपनी सीमाएं होती हैं। कोर्ट कचहरी तक जाने से आज भी आम आदमी डरता है। हालांकि न्यायालयों के प्रति आम आदमी का विश्वास बरकरार है चाहे उसमें देरी कितनी भी हो रही हो। न्याय में विश्वास का ही परिणाम है कि न्यायालयों में वादों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। सवाल सीधे सीधे यह हो जाता है कि समाज में बुजुर्गों के प्रति असम्मान के हालात कैसे बन रहे हैं। चिंतनीय यह भी हो जाता है कि आज देश में औसत आयु में बढ़ोतरी हुई है तो युवा जनंसख्या के आधिक्य के साथ ही 2050 तक सीनियर सिटीजन्स की संख्या बढ़ेगी ही, इसलिए एक ओर जहां सरकारों को अभी से नई रणनीति बनानी होगी वहीं समाज विज्ञानियों और समाज विज्ञान के अध्येताओं को समाज में बुजुर्गों के प्रति बढ़ रही असहिष्णुता के कारणों को खोजना होगा। हालांकि आज आर्थिक युग आ गया है। प्रतिस्पर्धा और आपा-धापी के दौर में संबंधों की डोर कमजोर होती जा रही है। परिवार के कमजोर व्यक्ति को सहारा देना बीते जमाने की बात होती जा रही है तो बुजुर्गों से तालमेल बैठाना भी मुश्किल होता जा रहा है। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि बुजुर्गों के साथ ज्यादती या अन्याय या असहिष्णुता घर और बाहर दोनों जगह देखने को मिल रही है। आम बुजुर्ग की चाहत ही कितनी है, दो जून की सम्मान की रोटी, सद्व्यवहार और प्रेम के दो बोल। पर समस्या इसको लेकर होने के साथ ही कुछ नए आयाम जुड़ते जा रहे हैं। देखा जाए तो आज बुजुर्गों के जो मामले सामने आ रहे हैं उनमें प्रॉपर्टी विवाद, किरायेदारों से मकान खाली कराने, सरकार या परिजनों से गुजारा भत्ता, पेंशन के विवादित प्रकरण या फिर पारिवारिक हिंसा के कुछ मामले हो सकते हैं तो कुछ हद तक बदलते हालातों में संतान द्वारा तंग या परेशान करने के मामले भी सामने आ रहे हैं। स्वास्थ्य संबंधी भी एक समस्या है पर वह न्यायालयों तक जाने का मामला नहीं बनती।

आज देश दुनिया ने काफी तरक्की की है। सुविधाओं का विस्तार हुआ है। जीवन स्तर में बदलाव आया है। जीवन जीना आसान हुआ है। पर इन सबके बीच मानवीय संवेदनाएं कहीं खो गई हैं। ऐसे उदाहरण आम हैं कि इकलौती संतान रोजगार के लिए विदेश जाती है और फिर वहीं की होकर रह जाती है। इनमें से अधिकांश का प्रयास यह होता है कि पारिवारिक संपित्त को बेच बिचा कर चले जाएं और फिर वहीं के होकर रह जाएं। समस्या यहां तक आती है कि बुजुर्ग परिजनों के पास गुजारा करने लायक नहीं रहता तो दूसरी और इस उम्र में जहां दो शब्द सहानुभूति की आवश्यकता होती है उसमें उन्हें अकेले रहने को मजबूर होना पड़ता है। जरूरी नहीं है कि बेटा-बेटी विदेश में ही हों, देश में भी नौकरी के कारण दूसरी जगह होंगे और फिर उनकी प्राथमिकता कुछ और ही हो जाती है। परिवार पति-पत्नी और बच्चों तक ही सीमित होकर रह जाता है। स्वार्थ कहीं ज्यादा हो जाता है और घर परिवार के प्रति अपने दायित्वों से दूर होकर परिजनों में कमियां देखना ही बाकी रह जाता है। कोई भी परिवार के प्रति अपने कर्तव्य या जिम्मेदारी की बात नहीं करता अपितु एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप व बुजुर्गों में कमियां निकालने में ही अपनी बहादुरी समझने लगते हैं। यह सोच अब रही ही नहीं कि मैं माता पिता या बुजुर्गों के लिए क्या कर रहा हूं अपितु सोच यह होती जा रही है कि माता पिता या बुजुर्ग ने क्या कमी छोड़ दी? दोषारोपण ही रह गया है। खैर यह विषयांतर होगा पर विचारणीय मुद्दा यह है कि जब एक साल में सात लाख मामले इस तरह के सामने आ रहे हैं जो न्यायालयों में पहुंचे हैं तो कल्पना करने की बात यह है कि वास्तव में इस तरह के मामले बहुत अधिक ही होंगे। कल्पना करके सिहर जाना चाहिए कि देश में बुजुर्गों के हालात क्या से क्या होते जा रहे हैं। क्योंकि आम बुजुर्ग ना तो पुलिस में शिकायत कराने जा सकता और ना ही अदालतों के फेरे लगाने को तैयार हो सकता। ऐसे में यह साफ है कि सात लाख बुजुर्गों ने तो केवल समाज को आईना दिखाने का काम किया है जबकि ना जाने कितने ही बुजुर्गों के साथ अमानवीय व्यवहार हो रहा होगा। यह सब तो तब है जब स्वास्थ्य से लेकर जीवन यापन तक सहज हुआ है। सरकारी नौकरी से रिटायर होने का मतलब पेंशन के माध्यम से सुरक्षा है तो अन्य हालातों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन लगभग सभी राज्यों में दी जा रही है।

सरकारों द्वारा सीनियर सिटीजन्स को विशेष दर्जा देकर सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। ऐसे में इस तरह की समस्या उभरना निश्चित रूप से गंभीर हो जाता है। सात लाख के आंकड़े से सरकारों, समाज चिंतकों और सामाजिक विज्ञान के अध्येताओं को गंभीरता से कारणों की तह तक जाना होगा नहीं तो कितनी ही सुविधाओं का विस्तार हो, कितने ही रैन बसेरे खुलें, कितने ही वृद्धाश्रम खोले जाएं, समस्या का समाधान संभव नहीं लगता। अभी तो यह चेतावनी है पर आने वाले समय में हालात विकराल होने का संकेत भी है ऐसे में सोचने और बहुत कुछ करने की दरकार हो जाती है।

# चन्द्रयान-3 की सफलता और चाँद की धड़कन

डॉ. हिदायत अहमद खान

बधाई बधाई बधाई आपको और तमाम मानवजाति को कि चन्द्रयान-3 के जरिये चांद को करीबतर देख सकेंगे, बल्कि चांद से दुनियाँ देखने की भी कोशिश करेंगे। अब चांद के दिल की धड़कन हम भारतीय साफ सुन सकेंगे और देख सकेंगे उसके गहरे और उभरे घावों को। हम अब महसूस कर सकेंगे चाँद की बेचैनियों को और खास बात ये कि वाकई हम हिन्दुस्तानी कह सकेंगे, चंदा मामा दूर के नहीं बल्कि पूर के हैं, जब चाहा नजरें उठाई और करीब से करीब पहुंच देख लिया। अभी तो विज्ञान की दुनियाँ में कस्मयाबी के उच्च शिखर पर पदार्पण करने वाले गौरवशाली इसरो के इशारे पर लैंडर और रोबर ने कदम रखा है चांद पर लेकिन वो दिन भी दूर नहीं जब हम भारतीय सजीव कदम रखेंगे चांद की अन्दरूनी सतह पर। क्योंकि चांद ने भी बतला दिया है कि उसके दिल के करीब कौन रहता है, वो नहीं जो चांद को अपना कहते फिरते हैं सारे जहाँ में, बल्कि उसकी चाहत तो वो हिन्दुस्तानी हैं जो मोहब्बत के दम पर सम्पूर्ण ब्रम्हाण्ड को अपना बनाने की कूबत रखते हैं। चन्द्रयान-3 मिशन की सफलता के लिए इसरो और तमाम ज्ञानी-विज्ञानी के साथ ही देशवासी मुबारकबाद के मुस्तहिक हैं। इसके लिए देश ही नहीं सम्पूर्ण विश्व को बधाई और शुभकामनाएं क्योंकि चन्द्रयान-3 चांद के जो राज उजागर करेगा वह सम्पूर्ण मानवजाति के लिए लाभदायक सिद्ध होंगे। इसी उम्मीद के साथ चांद पर तिरंगा देख हमभारतियों का मन तो यही करता है कि पलक झपकते पहुंच जाऊँ मैं भी वहीं और शान से लहराते तिरंगे को चूम कहूँ, सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा.....!

# परमात्मा शिव ने ही रमा को प्रकाशमणि बनाया

डॉ श्रीगोपाल नारसन

दादी प्रकाशमणी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय आध्यात्मिक विश्वविद्यालय की मुख्य प्रशाशिका रही है।मम्मा यानि जगदम्बा सरस्वती के बाद साकार मे ब्रह्माकुमारीज संस्था की प्रमुख, दादी प्रकाशमणी रही। जिन्होंने सन 1969 से सन 2007 तक संस्था का कार्यभार संभाला। उन्ही के समय मे देश विदेश में संस्था की बहुत सी गीता पाठशाला और राजयोग सेवाकेंद्र खोले गए। दादी प्रकाशमणि का लौकिक नाम रमा था। रमा का जन्म हैदराबाद, सिंध जो अब पाकिस्तान में है,में 01 सितंबर सन 1922 को हुआ था। उनके पिता विष्णु जी के महान उपासक थे। जबकि रमा का श्रीकृष्ण के प्रति प्रेम और भक्ति भाव रहता था। रमा 15 वर्ष की आयु मे ही ओम मंडली के संपर्क में आ गई थीं। ओम मंडली की स्थापना सन 1936 मे की गई थी। रमा के ओम मंडली मे आने से पहले ही घर बैठे श्रीकृष्ण का साक्षात्कार हो गया था, साक्षात्कार के दौरान उन्हें भगवान शिव का प्रकाशमान स्वरूप भी दिखा था। रमा की दीवाली के दौरान छुट्टियां चल रही थीं।इस कारण उनके लॉकिक पिता ने रमा से अपने घर के पास सत्संग में जाने के लिए कहा।इस आध्यात्मिक सभा यानि सत्संग को दादा लेखराज जो बाद में ब्रह्मा बाबा कहलाये, के द्वारा किया गया जाता था, जो भगवान शिव पर आधारित था। उनकी संत्संग मंडली को ओम मंडली के नाम से जाना जाता था।दादी प्रकाशमणि ने सत्संग के पहले दिन ही शिव परमात्मा के निमित्त बने ब्रह्माबाबा से दृष्टि ली तो उन्हें एक अलग ही दिव्य अनुभव हुआ। दादी प्रकाशमणी ने एक विशाल शाही बगीचे में श्रीकृष्ण साक्षात्कार देखा था। दादा लेखराज यानि ब्रह्माबाबा को देखकर उन्हें वही दृष्टि मिली,जो श्रीकृष्ण के साक्षात्कार से मिली थी। उन्हें विश्वास हो गया कि ब्रह्माबाबा कोई साधारण मानव रूप में काम नहीं कर रहा है बल्कि यह केवल और केवल परमात्मा का ही कार्य हो सकता है।ब्रह्माबाबा ने ही रमा को प्रकाशमणी नाम दिया, जो उनके अलौकिक जन्म की शुरुआत थी। सन 1939 मे पूरा ईश्वरीय परिवार यानि ओम मंडली कराची ( पाकिस्तान ) मे आकर बस गई थी। इसके बाद मार्च सन 1950 मे ओम मंडली भारत के माउंट आबू मे आ गई, जो आज भी प्रजापिता ब्रह्मा कुमारीज का मुख्य केंद्र है। सन 1952 से मधुबन - माउंट आबू से उनके द्वारा अन्य भाई बहनों के साथ ईश्वरिया सेवा शरु की गयी। ब्रह्मा कुमारी बहने व ब्रह्माकुमार भाई जगह कगाह जाकर ईश्वरीय ज्ञान सुनाते थे और जनसाधारण को उक्त ज्ञान की धारणा करवाते थे। दादी प्रकाशमणि भी इस ईश्वरीय सेवा मे जुट गई थी। ज़्यादा तर वे मुंबई मे रहती थी।

प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के अव्यक्त होने बाद से दादी प्रकाशमणी मधुबन यानि माउंट आबू में संस्था की जिम्मेदारी संभालने लगी थी। दादी प्रकाशमणि के कुशल नेतृत्व में ब्रह्माकुमारीज संस्था निरंतर वृद्धि करती रही और उनके अथक प्रयासों से कई देशों में राजयोग सेवा-केंद्र खोले गए। दादी प्रकाशमणि का स्वभाव बहुत मधुर, सहनशील और सहयोगी था। दादी प्रकाशमणि अपना अधिकांश समय ईश्वरीय सेवाओं में व्यतीत करती थी।वे आध्यात्मिक संगोष्ठियों में भाग लेने, व्याख्यान देने, राजयोग सेवा केंद्र खोलने और यहां तक कि मधुबन में आने वालो के लिए भोजन तैयार करने में मदद करने की सेवा करती रहती थी। वे सभी को एक माँ, एक बहन, एक मार्गदर्शक और एक मित्र के रूप में सबसे से अच्छा व्यवहार करती थी। दादी प्रकाशमणि की खासियत थी कि ब्राह्मण परिवार यानि ब्रह्माकुमारीज को अपना परिवार मानकर संस्था के सभी भाई बहनों की पालना करती थी। वे कहती थी, कोई भी अजनबी नहीं है, हम सभी एक पिता के बच्चे हैं। दादी प्रकाशमणि के शब्दों में,सारा विश्व हम सभी आत्माएँ एक बाप के बच्चे है। कोई भी पराया नहीं है। जैसे एक परिवार में होता है, इस संगठन का आधार प्रेम है, और यह परिवार फलता-फूलता है क्योंकि यह प्रेम और सम्मान के साथ पोषित है। केवल एक शक्तिशाली आत्मा ही प्रेम दे सकती है। केवल एक शक्तिशाली आत्मा विनम्र होने का बल रखती है। अगर हम कमजोर हैं, तो हम स्वार्थी हो जाते हैं। अगर हम खाली हैं, हम लेते हैं; लेकिन अगर हम भरे हुए हैं, तो हम स्वचालित रूप से सभी को देते हैं। यही हम शिव बाबा के बच्चे ब्राह्मणों की प्रकृति है। अगर आप मानते हो की आप सभी के हैं, और एक ट्रस्टी के रूप में हर किसी की देखभाल करते हैं, तो आप श्रेष्ठ ईश्वरीय कार्यों को करने में सक्षम हैं। लगाव होने के बजाय निस्वार्थ प्रेम होना चाहिए। स्वपरिवर्तन से विश्व परिवर्तन की संकल्पता के साथ संस्था की आध्यात्मिक क्रांति के अभियान से जुड़ते हुए स्वयं को ईश्वरीय कार्य हेतु समर्पित करने वाली दादी प्रकाशमणि को देश-विदेश में ईश्वरीय संदेश देने का सुअवसर प्राप्त हुआ। सही मायनो में इस धरा पर देवदूत के रूप में उभरीं दादी प्रकाशमणि ने सन 1969 में ब्रह्मा बाबा के अव्यक्त होने पर संस्था की प्रशासिका के रूप में कार्यभार संभाला था।अपनी नैसर्गिक प्रतिभा, दिव्य दृष्टि, सहज वृत्ति और मन-मस्तिष्क के विशेष गुणों के बलबूते पर दादी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस संस्था की न केवल पहचान स्थापित कीबल्कि इसके अद्भुत विकास का करिश्मा भी कर दिखाया। दादीजी सदैव स्वयं को ट्रस्टी और निमित्त समझकर चलती थीं।उन्हें शांतिदूत पुरस्कार तथा मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की गई। दादी प्रकाशमणि जीवन मूल्यों के साथ-साथ स्वस्थ एवं स्वच्छ प्रकृति की भी पक्षधर थीं।

# व्यक्ति प्रदर्शन या शक्ति प्रदर्शन

डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन

नगर निगम के कचरे धोने वाले गाड़ी के नीचे जब कुत्ता चलता हैं तब वह सोचता हैं की मैं यह गाड़ी ढो रहा हु। एक बार एक व्यक्ति जो गांव का मालगुजार था एक संत के पास पंहुचा और चर्चा के दौरान वह बोला मेरे पास बहुत सारी जमीन हैं, मकान हैं और इतने गांव की मालगुज़ारी हैं तो संत ने विश्व का नक्शा उसके सामने रखा और कहा बताओ इस नक़्शे में कहाँ हैं तुम्हारा गांव और ज़मीन जायदाद तो मालगुजार को कही नहीं दिखाई दिखाया अपनी जमीन और मकान, ! सिकंदर जब विश्व विजय पर निकला तब वह भारत की सीमा पर आया और पौरस ने लड़ाई लड़ी तब वह हार गया तो सिकन्दर ने उससे पूछा बोले तुम्हारे साथ कैसा व्यवहार किया जाए तो पौरस के कहा जो एक राजा दूसरे राजा से जैसा व्यवहार करता हैं। !हमारे यहाँ सत्ता का हस्तानांतरण इतने सरलता से होता हैं जबकि मुग़ल काल में सत्ता मतलब किसी की हत्या।

एक बात जरूर हैं सत्ता में जब तक बहुमत नहीं मिलता और चुनाव में खड़े होते हैं तब सबसे पहले बेकरारी होती हैं फिर इंतजारी उसके बाद मारामारी और यारायारी। अब स्थिति उसके बाद अवसरवादी, अहंवादी, दादागिरी, व्यक्तिवादी और फिर शक्ति प्रदर्शन। शक्ति प्रदर्शन व्यक्तिवादी होता जा रहा हैं। जैसे आजकल धार्मिक, राजनैतिक जुलुस मात्र शक्ति प्रदर्शन के रूप में आ रहे हैं, उन दिनों मात्र कहाँ से इतनी भीड़ इकट्ठी हो जाती हैं और फिर सब अपना सैन्य प्रदर्शन करते हैं और बताते है की हम किसी से कम नहीं। सब बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं और यदि सत्ता पक्ष से जुड़े हैं तो पौ बारह उस समय कोई नियम कानून का ध्यान नहीं रखा जाता हैं। जिस तरह चीन विस्तारवादी नीति पर चल रहा हैं उसी प्रकार हमारे देश में सत्ता -शीन पार्टी विस्तार वादी नीति का आचरण अपना रही हैं और उसमे इतना अहम् आ गया हैं की उसे अब अन्य लोग तुच्छ लगने लगे। यदि कोई विरोध करता तो उसे नेस्तनाबूद करो, केस बनाओ, जाँच बैठाओ, जेल भेज दो। शायद सत्ता पक्ष भूल गया हैं की रूस में एक शब्द गिलोटिन का उपयोग किया जाता हैं उसमे एक नेता दूसरे नेता को ख़तम करता हैं और ख़तम करने वाले को मालूम हैं की इसके बाद मेरा नंबर हैं। सत्ता पक्ष जब अन्याय करता हैं तब उसे न्याय लगता हैं कारण उसमे संवेदनहीनता आ जाती हैं और उसकी आँख ललाट पर आ जाती हैं। वे भूल जाते हैं की शुरुआत कैसे हुई थी शून्य से। शून्य के आगे कितने भी अंक लगाओ महत्व हीन। समाचार पत्र में पढ़ा की सत्तानशीं लोग कहते हैं की मंत्री विपक्ष को नष्ट करे और उनका कोई काम नहीं करे। ! बात बहुत उचित हैं। फिर यहाँ कहा जाएगा की मम्मी में दौड़ में प्रथम नंबर आया ! कितने दौड़ रहे थे ? अकेला। ! फिर सत्ता पर पूरा अधिकार होने पर निरंकुश शासक होगा ! जबकि संविधान कहते हैं की विपक्ष होना आवश्यक हैं एक पंख से जैसे पक्षी उड़ नहीं सकता वैसे विपक्ष बिना सत्ता नहीं चल सकती हैं। दूसरा चंदा की रोक और अधिकतम चंदा मिला। इसका मतलब यह हैं की शासन एक पार्टी देश की और जा रही हैं। क्योंकि नेता जो बोलता हैं वह करता नहीं और जो सोचता हैं वह कर नहीं सकता हैं।

प्रजातंत्र में बहुमत का बहुत महत्व हैं और होना भी चाहिए पर इतना नहीं की हिटलरशाही हो। उस समय हिटलर का प्रोपोगंडा मंत्री था उसका वही काम होता था की एक झूठ हज़ार बार बोलो वह सच हो जाता हैं।। सत्ता पार्टी वर्तमान में इतनी अधिक सत्ता पाने के लिए जो भी उचित कदम उठाना चाहती हैं उठा रही हैं। वह अन्य --आय ( भ्रष्टाचार ) से सत्ता पाने के लिए तैयार हैं। जब शेर नरभक्षी हो जाता हैं फिर वह घास फूंस नहीं खाता। सत्ता और शेर दोनों की एक ही प्रकृति होती हैं।

वर्तमान में देश आंतरिक और बाह्य संकट से जूझ रहा हैं आतंरिक जैसे किसानों का मरना, बाढ़ से नुक्सान, बलात्कार, हिंसा, अपराधों की संख्या में बढ़ोतरी, महगाई, नियमो का टूटना भ्र्ष्टाचार, दलाली, अपने लोगों को उपकृत करना और बाह्य में तो हमारे पाकिस्तान, चीन तो हैं और इसके अलावा आतंकवाद और सत्ता का सिकंदर बनने का स्वप्न इससे भारत कही कही गारत न बन जाए,वर्तमान में सत्ता का केन्द्रीयकरण होने से विदेशों में नकली शेर जैसा प्रभाव तो हैं, यह होना जरुरी हैं कम से कम सांप काटे नहीं तो फुसकारता रहे। अहंवादी प्रवत्ति अधिक दिन नहीं चलती, अनुशासन होना जरुरी पर इतना होना की कोई सांस न ले सके ! उनकी पार्टी में ही असंतोष होने पर, भय होने से कोई अपनी बात व्यक्त नहीं कर सकता।

# जैन धर्म और भारतीय संस्कृति के विश्वदूत

डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन

जैन धर्म और समाज में हर कालखण्ड में अनेक सन्त, विचारक, विद्वान, साहित्यकार, पत्रकार, कलाकार, शिक्षाविद, वैज्ञानिक, वीर, दानवीर, शासक, प्रशासक, अर्थशास्त्री, उद्योगपति आदि विविध क्षेत्रों से जुड़े विशिष्टजन हुए हैं। इन विशिष्ठजनों ने समाज,देश और दुनिया को किसी न किसी रूप में प्रभावित किया। ऐसे ही प्रभावित करने वाले महानुभावों में जैन धर्म-दर्शन के विद्वान श्री वीरचन्द राघवजी गांधी भी हैं। यह एक तथ्य है कि जैन धर्म के अनेक ऐतिहासिक महापुरुषों के व्यक्तित्व और कृतित्व पर आज भी समय और उपेक्षा की धुंध छाई हुई है। वीरचन्द राघवजी गांधी के जीवन के बारे में भी यही स्थिति थी, लेकिन कुछ जागरूक सन्तों और लेखकों के प्रयासों से उनका प्रेरणास्पद जीवन विषेष रूप से उजागर हुआ। 25 अगस्त 1864 में गुजरात के भावनगर जिले के महुवा में जन्मे श्री वीरचन्द बचपन से ही मेधावी थे। कहते हैं कि उनके जन्म से पूर्व ही उनके पिता राघवजी को भगवान पार्श्वनाथ की उपासिका पद्मावती देवी ने स्वप्न में आकर ऐसे प्रतिभाशाली पुत्र के होने की सूचना दे दी थी। साथ ही घर के आंगन में भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा गड़ी होने की सूचना भी दी। देवी की दोनों ही बातें सही साबित हुईं। वीरचन्द ने कानून की शिक्षा अर्जित करने के साथ ही जैन दर्शन और अन्य भारतीय दर्शनों का अध्ययन किया। उन्होंने 14 भाषाएँ सीखीं। सितम्बर-1893 में शिकागो में विश्व धर्म संसद में दुनिया के विभिन्न धर्मों और देशों के लगभग 3000 प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। उसी धर्म संसद में स्वामी विवेकानन्द अपने बहुत ही प्रभावशाली व्याख्यान से इतिहास में अमर हो गये। उस विश्व धर्म संसद में जैन धर्म के प्रतिनिधि थे 29 वर्षीय युवा विद्वान वीरचन्द राघवजी गांधी। आचार्य विजयानन्दसूरिजी ( आत्मारामजी महाराज ) ने वीरचन्द को इस धर्म संसद में अपना प्रतिनिधि बनाकर भेजा था। धर्म संसद में विवेकानन्द के साथी वीरचन्द का व्याख्यान भी बहुत प्रभावषाली रहा। उपस्थित प्रतिनिधियों तथा अमेरिका के समाचार पत्रों ने वीरचन्द के व्याख्यान की बहुत तारीफ की। अखबारों में उनके व्याख्यान तथा व्याख्यान-अंश प्रक्राशित हुए। उनकी तारीफ सिर्फ उनकी वक्तृत्व-कला के कारण ही नहीं, अपितु उनकी विद्वत्ता तथा सिद्धान्तों की निष्पक्ष व प्रभावी प्रस्तुति के कारण भी हुई। एक अमेरिकन अखबार ने लिखा कि जैन धर्म और जीवनषैली पर भारत के युवा विद्वान वीरचन्द का व्याख्यान सर्वाधिक एकाग्रता और रुचि से सुना गया।

अमेरिका में उनके व्याख्यान इतने पसन्द किये गये कि उन्हें और व्याख्यान देने के लिए अमेरिका में ठहरने का निवेदन किया गया। वे कुछ वर्षों तक अमेरिका में रहे और जैन धर्म, भारत और भारतीय संस्कृति पर अनेक व्याख्यान दिये। जैन धर्म, दर्शन, इतिहास तथा भारतीय संस्कृति के बारे में व्याप्त अनेक भ्रान्तियों का उन्होंने निराकरण किया। एक अमेरिकी सज्जन ने आश्चर्य करते हुए लिखा कि एक उपदेशक या मुनि नहीं होते हुए भी वीरचन्द की प्रस्तुति बेहद प्रभावशाली है। अमेरिका में वीरचन्द ने प्राच्यविद्या और जैनविद्या को समर्पित दो संस्थाएँ स्थापित कीं। अमेरिका के अलावा यूरोपीय देशों में भी उन्होंने व्याख्यान दिये। कहते हैं कि उन्होंने कुल 535 व्याख्यान दिये। उन्हें स्वर्ण पदक, रजत पदक और अन्य अनेक सम्मान प्राप्त हुए। शिकागो में आज भी वीरचन्द की प्रतिमा लगी हुई है। जिस प्रकार विवेकानन्द से भगिनी निवेदिता प्रभावित हुई, उसी प्रकार वीरचन्द से श्रीमती होवार्ड प्रभावित हुई। वीरचन्द से प्रेरित होकर होवार्ड ने पूर्ण शाकाहार और जैन जीवनशैली अपना ली। शिकागो में वीरचन्द ने भारतीय महिलाओं की शिक्षा के लिए जो संस्था बनाई, उसकी सचिव श्रीमती होवार्ड बनी। इस संस्था के माध्यम से अनेक भारतीय महिलाओं को अमेरिका में उच्च शिक्षा के अवसर मिले। इससे वीरचन्द का शिक्षा और नारी शिक्षा के प्रति लगाव व्यक्त होता है। वीरचन्द के व्यक्तित्व और व्याख्यानों से प्रभावित होकर अनेक विदेशियों ने सदा-सदा के लिए पूर्ण शाकाहार अपना लिया था। वीरचन्द को मानवसेवा, जीवदया और संस्कृति की रक्षा में बहुत रुचि थी। जब 1896-97 में भारत में भयंकर अकाल पड़ा तो वीरचन्द ने लोगों से सहयोग प्राप्त करके अमेरिका से चालीस हजार रुपये और एक जहाज भरकर अनाज भिजवाया। जब उन्हें पता चला कि सम्मेद शिखर में सुअर मारने का कत्लखाना खोला गया है तो वीरचन्द ने लोगों के सहयोग से कत्लखाना बन्द करवाया। इस कत्लखाने को बन्द करवाने में उनके कानूनी ज्ञान का भी उपयोग हुआ। जब भाषा की अड़चन आई तो उन्होंने कलकत्ता जाकर बंगाली भाषा सीखी। एक और घटना उनके संस्कृति प्रेम को दर्शाती है। पालीताना जैन तीर्थ पर तीर्थयात्रियों से व्यक्तिगत कर-वसूला जाता था। वीरचन्द ने बहुत संघर्ष करके वह व्यक्तिगत तीर्थयात्रा कर ( टैक्स ) बन्द करवाया। 1890 में जब उनके पिता राघवजी का देहान्त हुआ तो वीरचन्द ने विलाप करने तथा छाती पीटकर रोने की प्रथा का विरोध किया। बहुआयामी प्रतिभा के धनी वीरचन्द का कहना था कि सिर्फ प्राकृत और संस्कृत भाषा का ज्ञान हो जाने मात्र से धर्म, दर्शन और संस्कृति को समग्र रूप में नहीं समझा जा सकता है। इतिहास, परम्परा और अन्य बातों का ज्ञान भीआवश्यक है। अक्टूबर-1893 में शिकागो में उन्होंने विशव अचल सम्पत्ति सम्मेलन में भी भाग लिया और भारत में अचल सम्पत्तियों कानून विषय पर प्रभावी व्याख्यान दिया। इसी प्रकार अक्टूबर-1899 में अमेरिका में हुए तीसरे अन्तरराष्ट्रीय वाणिज्यिक सम्मेलन में भाग लेने वाले वे अकेले भारतीय थे। वहाँ उन्होंने 'अमेरिका और भारत के व्यापारिक सम्बन्ध' विषय पर व्याख्यान दिया और छाप छोड़ी। देशभक्त वीरचन्द के मन में भारत को पूर्ण स्वतंत्र देखने की गहरी भावना थी। वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से भी जुड़े।

विश्व धर्म संसद में श्री वीरचन्द्र गांधी का मुख्य भाषण 25 सितम्बर को हुआ था। वे जैन धर्म का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। श्री वीरचन्द गांधी ने अपने व्याख्यान का प्रारम्भ करते हुए कहा— मैं जैन धर्म का प्रतिनिधि हूँ, यह धर्म बुद्ध से अति प्राचीन है। इसका आचार शास्त्र बुद्ध धर्म के समान है। किन्तु आध्यमिक तत्त्वों की दृष्टि से यह उससे भिन्न है इस समय भारत में इसके पन्द्रह लाख अनुयायी हैं, जो शान्तिप्रिय और नियमानुसार व्यवहार करने वाले समझे जाते हैं।'

उन्होंने जैन धर्म के मौलिक सिद्धान्तों और इसके तत्त्व ज्ञान, सत्य अहिंसा, अपरिग्रह की परिभाषा से जैन दर्शन के मूलतत्त्वों पर प्रकाश डाला तथा जैन साधुओं की जीवन चर्या एवं जीवन दर्शन, आचार और परम्पराओं से अवगत कराया। जैन दर्शन में कर्मवाद और योगवाद पर उनकी व्याख्या पर गहन चर्चा हुई। अनेकान्त दर्शन की व्याख्या करते हुए जब उन्होंने सात अन्धों और हाथी वाली लोक कथा का दृष्टांत रखा तो कई श्रोताओं ने यह अनुभव किया कि अनेकान्त के विचार से जैसे उनके दिव्य—चक्षु खुल गये हैं। उन्होंने अपने व्याख्यान में जिन महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला तथा इनके समर्थन में जो मुख्य तत्त्व प्रस्तुत किये उनका सार इस प्रकार है—

भारत की आत्मा क्षमाशील है। प्रतिशोध इनके स्वभाव में नहीं है।

जैन धर्म में संचित कर्मों को क्षय करने का सर्वाधिक महत्व है।

किसी भी जीव को, किसी भी प्रकार की पीड़ा पहूँचाना अधर्म है।

सभी प्राणियों से समान रूप से मैत्री का पाठ ही तीर्थंकरों ने पढ़ाया है।

सृष्टि के सभी प्राणी मेरे मित्र हैं, मेरा कोई बैरी नहीं है।

प्रायश्चित से, भीतर का मैल घुल जाता है। निर्मलता का भाव उभरता है। यद्यपि भारत में अनेक वर्ग, अनेक रंग, उनके मत और सम्प्रदाय हैं, पर अहिंसा भारतीय जीवन दर्शन की धुरी है।

विदेशी शासकों ने भारत के उज्ज्वल इतिहास और गौरव की गाथाओं को नष्ट कर देने का पूरा यत्न किया, यहाँ तक कि ब्रिटिश कूटनीतिज्ञों ने भारतवाषियों की दासता और दु—र्बलता का लाभ उठाकर हमारी संस्कृति का विकृत रूप ही दुनिया के समाने रखा है।

भयानक उपद्रवों के बावजूद भारतीय संस्कृति पूर्णतः सजीव है और कश्मीर से कन्याकुमारी तक पूरा राष्ट्र एक सूत्र में बद्ध है।

वीरचन्द्रजी, यों भले ही जैन धर्म के प्रतिनिधि के रूप में इस सम्मलेन में भाग ले रहे थे, किन्तु वस्तुतः वे सारे देश के प्रतिनिधि थे। जब कभी किसी भी अवसर पर, किसी भी वक्ता ने भारत के किसी भी धर्म या यहाँ की सभ्यता, संस्कृति अथवा रीति—रवाज पर अनुचित आक्रमण किया तो आपकी देशभक्त आत्मा तड़प उठी और आपने उसका युक्ति—युक्त खंडन किया।

मोहनदास करमचन्द गांधी ( महात्मा गांधी ) ने वीरचन्द को अपना भाई स्वरूप मित्र माना। गांधीजी ने अपनी आत्मकथा में भी वीरचन्द का गौरवपूर्ण उल्लेख किया। वीरचन्द स्वामी विवेकानन्द के भी मित्र थे। जूनागढ़ के दीवान हरिदास देसाई को विवेकानन्द ने अमेरिका से एक पत्र में लिखा - ''..अब यहाँ वीरचन्द गांधी है। एक जैन जिसे आप बॉम्बे से जानते हैं। वे इस भयंकर ठण्डी में भी शाकाहारी भाजी और तरकारी के सिवाय कुछ नहीं खाते हैं। इनके नख व दाँत हमेशा देश व धर्म की सुरक्षा के लिए प्रयत्नशील रहते हैं। अमेरिका की जनता वीरचन्द को खूब पसन्द करती है।'' गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए नरेन्द्र मोदी ( अब भारत के प्रधानमंत्री ) ने वीरचन्द राघवजी के सम्बन्ध में बोलते हुए कहा था कि वीरचन्द राघवजी बड़े विद्वान थे। उन्होंने कई वर्षों तक अमेरिका में रहकर भारतीय संस्कृति का प्रचार किया। इतिहास के ऐसे पन्नों के उजागर होने से प्रेरणा मिलती है। श्री मोदी ने इसे दुःखद संयोग बताया कि स्वामी विवेकानन्द का मात्र 39 वर्ष की आयु में स्वर्गवास हो गया तो वीरचन्द राघवजी का मात्र 37 वर्ष की आयु में स्वर्गवास हो गया।

7 अगस्त 1901 को दिवंगत होने से पूर्व अपने अल्प जीवनकाल में भी वीरचन्द राघवजी गांधी ने जैन धर्म, भारतीय समाज और संस्कृति के लिए अद्भुत प्रेरक कार्य किये। पुष्करवाणी ग्रुप ने बताया कि देश के इस महान सपूत के सम्मान में 8 नवम्बर 2009 को भारत सरकार ने पाँच रुपये मूल्यवर्ग का बहुरंगी डाक टिकट जारी किया। समाज यदि जैनविद्या के विकास, विद्वत-निर्माण और विद्वानों के मान-मूल्यांकन पर कारगर कार्य कर सके तो श्री वीरचन्द राघवजी की सार्द्ध शताब्दी ( 154 वीं जयन्ती ) मनाना वास्तविक रूप से सार्थक हो पायेगा। ऐसे अद्वितीय प्रतिभा के धनी बैरिस्टर वीरचंद राघव जी गाँधी की 25 अगस्त 2019 की 154 वी जन्मतिथि मानने का अपूर्व सौभाग्य हमें प्राप्त हुआ हैं। उनको शतशत नमन।

# क्या सिंधिया को भाजपा में जाने का पछतावा है.. ?

ओमप्रकाश मेहता

मध्यप्रदेश के मध्यभारत क्षेत्र पर कभी 'एकछत्र' राज करने वाला ग्वालियर के सिंधिया राज घराने के मौजूदा वारिस ज्योतिरादित्य सिंधिया को भारतीय जनता पार्टी में जाने का पछतावा है? क्या उनके इस कदम ने सिंधिया घराने की बरसों पुरानी प्रतिष्ठा को आघात पहुंचाई है? क्या इसी आशंका के चलते स्व. माधवराव सिंधिया अपनी माँ स्व. विजियाराजे सिंधिया ( राजमाता ) उनके पुरजोर आग्रह व दबाव के बावजूद भारतीय जनता पार्टी में नहीं आए थे? क्या ज्योतिरादित्य के इस कदम से सिंधिया राज परिवार की छवि धुमिल हुई है? ये कुछ अहम् सवाल है जो आज मध्यप्रदेश की राजनीति में उठाए जा रहे है और सिंधिया परिवार इन प्रश्नों के उत्तर को लेकर मौन साधे हुए है।

ग्वालियर पूर्व मध्यप्रदेश की राजनीति का प्रमुख गढ़ रहा है, यहाँ की पूर्व महारानी राजमाता विजयाराजे सिंधिया बरसों तक कांग्रेस की पोषक रही, बाद में राज्य के प्रभावी राजनेता व पूर्व मुख्यमंत्री द्वारिका प्रसाद मिश्र से राजनीतिक खटपट के बाद राजमाताजी ने ही पुरानी जनसंघ पार्टी को भारतीय जनता पार्टी के रूप में अवतरित किया था, उनकी दिली तमन्ना थी कि भाजपा पर सिंधिया खानदान का ही वर्चस्व रहे, किंतु उनके अथक चौतरफा प्रयासों के बाद भी उनके पुत्र माधवराव सिंधिया ने भाजपा में प्रवेश नहीं किया और वे कांग्रेस के नेता स्व. राजीव गांधी व उनकी माँ इंदिरा जी के साथ रहे, इसी कारण राजमाता की लाख कौशिशों के बावजूद तत्कालीन मध्य भारत क्षेत्र में भाजपा पनप नहीं सकी और माधवराव जी के रहने तक इस क्षेत्र पर कांग्रेस का ही वर्चस्व रहा, किंतु राजमाता जी की आत्मा को शायद तब शांति मिली होगी जब उनका पौत्र ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की, यद्यपि सिंधिया जी द्वारा तत्कालीन कमलनाथ सरकार को गिराकर सत्ता का सिंहासन पुनः शिवराज जी को सौंपने का कदम उनकी राजनीतिक मजबूरी मानी जा रही है, इसका कारण मध्यप्रदेश की सत्ता सिंधिया की उपेक्षा कर कमलनाथ को सौंपना माना जा रहा है, सिंधिया उस समय अपने दो दर्जन समर्थक विधायकों को लेकर भाजपा में आए थे और इससे भाजपा बहुमत में आ गई और शिवराज जी पुनः मुख्यमंत्री बन गए, और सिंधिया जी को इसके बदले में उनके कुछ समर्थकों को मंत्री पद तथा स्वयं सिंधिया को केन्द्र में मंत्री पद दे दिया गया था। किंतु अब इस परिदृष्य के करीब साढ़े तीन साल बाद केन्द्र तथा मध्यप्रदेश की राजनीति में जिस तरह कथित रूप से सिंधिया जी की उपेक्षा की जा रही है और ग्वालियर-चम्बल क्षेत्र में वरिष्ठ नेता व केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर को विशेष अहमियत दी जा रही है, उससे मध्यप्रदेश के राजनीतिक क्षेत्रों में यह चर्चा आम हो रही है कि सिंधिया का वर्चस्व कम करने के भाजपा में अन्दरूनी प्रयास शुरू हो गए है, जिसका असर एक सौ दिन बाद होने वाले विधानसभा चुनावों व अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों में देखा जा सकता है

# भारत माता के महान सपूत वीरचंद राघव जी गांधी

विजय कुमार जैन

भारत के स्वाधीनता आन्दोलन एवं देश की आजादी में अगस्त माह का विशेष महत्व है। 9 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारत छोड़ो आन्दोलन का शुभारंभ हुआ। इस अहिंसक आन्दोलन का सुखद परिणाम यह निकला कि हमारा भारत सदियों की गुलामी से मुक्त होकर 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ। यह भी सुखद संयोग है अगस्त माह में ऐसी विभूति ने जन्म लिया, जिन्होंने ने देश और दुनिया में अपने विलक्षण कार्यों से नाम रोशन किया। भारत के एवं जैन समाज के गौरव पुरुष वीरचंद राघव जी गाँधी का जन्म गुजरात में भावनगर के निकट महुआ में 25 अगस्त 1864 को नगर सेठ राघव जी तेजपाल गाँधी के यहाँ हुआ। वे वचपन से ही वहुत प्रतिभाशाली और तीक्ष्ण बुद्धि बाले थे। हाईस्कूल परीक्षा में उन्होंने ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उन्हें श्री जसबंत सिंह स्मृति छात्रवृत्ति भी मिली थी। आपका विवाह सन 1879 में जीवाबेन से हुआ। विवाह के बाद उन्होंने पढ़ाई जारी रखी और पारिवारिक व्यवसाय से अलग हटकर लाँ की पढ़ाई की और बैरिस्टर के रूप में प्रतिष्ठित हुए। गुजराती, हिन्दी, अंग्रेजी,प्राकृत, संस्कृत, फ्रेंच आदि 14 भाषाओं का उन्हें ज्ञान था। वीरचंद राघव जी गाँधी, स्वामी विवेकानंद और महात्मा गाँधी के समकालीन एवं अभिन्न मित्रों में थे। आप महात्मा गाँधी द्वारा आयोजित शाकाहारी कार्यक्रमों में उत्साह से भाग लेते थे। वीरचंद राघव जी गाँधी का राजनीति व सामाजिक कार्यों में विशेष योगदान रहा। 1895 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के अधिवेशन में उन्होंने ने बम्बई प्रांत का प्रतिनिधित्व किया था। 18 दिसंबर 1898 में विलियम साइंस बिल्डिंग के बड़े हाल में भारतीय राजनीति और इण्डस्ट्री विषय पर उन्होंने ने अपना व्यक्तव्य दिया था जिसकी सर्वत्र सराहना हुई थी।

वीरचंद गाँधी ने 1899 में **inter national confrence of commerce** में एशिया का प्रतिनिधित्व किया था। सन 1893 में शिकागो में आयोजित पहली धर्म संसद में, जिसमें स्वामी विवेकानंद जी विश्व प्रसिद्ध हो गये थे, उसमें वीरचंद राघव जी गाँधी ने जैन धर्म के प्रतिनिधि के रूप में भाग लिया था जहाँ पर उनके व्यक्तव्य व प्रस्तुति को इतना पसंद किया गया कि बाद में एक के बाद एक उनके अनेक व्यक्तव्य सुने गये। वे दो वर्ष तक अमेरिका में और एक वर्ष इंग्लैंड में रुके। इसके बाद दो बार और विदेश गये। आपने विदेश प्रवास के दौरान अपने व्यक्तव्यों के माध्यम से जैन धर्म का व्यापक प्रचार प्रसार किया। आपने विदेशियों को जैन धर्म की ओर आकर्षित किया। उनके द्वारा दिये गये व्यक्तव्यों के लिये उनको बहुत सारे मेडल, पुरस्कार और सम्मान भी दिये गये। स्वामी विवेकानंद और वीरचंद गाँधी समकालीन थे वे दोनों एक दूसरे का सम्मान करते थे। एक पुरानी कहाबत है पूत के लक्षण पालने में दिख जाते है। इस कहाबत को वीरचंद गाँधी ने चरितार्थ किया।उनकी प्रतिभा का पता तो युवावस्था से ही चलने लगा था। सन 1885 में मात्र 18 वर्ष की आयु में वीरचंद गाँधी जैन एसोसिएशन आँफ इण्डियाके पहले अवैतनिक मंत्री बने। आपने विश्व प्रसिद्ध जैन तीर्थ शत्रुंजय पालीताना पर यात्रियों से बसूला जाने बाला टेक्स हटवाया। जैन तीर्थ सम्मेद शिखर के पास खुलने बाले कत्लखानों को बंद कराया।भारत माता के महान सपूत देश और दुनिया में भारत का नाम ऊंचा करने बाले वीरचंद राघवजी गाँधी युवा अवस्था में ही फेफड़ों की बीमारी से पीड़ित हो गये। मात्र 37 वर्ष की अल्पायु में 7 अगस्त 1901 को बम्बई के निकट महुआ में उनका असामयिक स्वर्गवास हो गया। अपने 37 वर्ष के जीवनकाल में देश-विदेश की सभी धार्मिक जैन अजैन संस्थाओं में उन्होंने वहुत सम्मान पाया। उनके स्वर्गवास के उपरांत स्वतंत्र भारत में 1964 में उनकी स्मृति में महुआ में एक म्यूजियम की स्थापना की गई।सन 1990 में उनकी एक मूर्ति शिकागो में और दूसरी महुआ में स्थापित की गई। उनके जीवन पर आधारित एक नाटक तैयार किया गया जिसका नाम द्दुट्ठस्त्रब्द्धद्व ड्डद्गद्धश्चह्द्ग द्दुट्ठस्त्रब्द्धद्व रखा। इस नाटक का मंचन दुनिया के विभिन्न देशों में अभी तक 200 बार हो चुका है। 8 नवंबर 2002 को भारतीय डाक सेवा ने उनके सम्मान में डाक टिकट जारी किया। हम 25 अगस्त जन्मदिन के अवसर पर विलक्षण प्रतिभा के धनी वीरचंद राघव जी गाँधी का स्मरण कर विनम्र श्रृद्धांजली अर्पित करते है।

# संक्षिप्त समाचार

## बदमाशों में झांसे में आए ओएनजीसी अधिकारी, हॉलीडे पैकेज के नाम पर लाखों की चपत के हो गए शिकार

देहरादून। बदमाशों के बिछाए जाल में फंसकर ओएनजीसी के अधिकारियों पर लाखों रुपये की चपत लग गई। परेशान अधिकारी कई बार फोन कर चुके हैं, लेकिन अब वह फोन भी नहीं उठा रहे। हॉलीडे पैकेज के नाम पर ओएनजीसी के दो अधिकारियों से ठगी हो गई। ठगों ने उनसे कुल 3.37 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने उनकी शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसएचओ वसंत विहार होशियार सिंह ने बताया कि रियाजउद्दीन निवासी कांवली रोड ओएनजीसी में प्रबंधक सुरक्षा के पद पर तैनात हैं। उन्हें एक कंपनी के कस्टमर केयर अधिकारी का फोन आया। फोन करने वाले ने खुद का नाम मेमन बताया और उसने एक हॉलीडे पैकेज देने की बात कही। यह पैकेज लेकर वह गत 14 अगस्त को उनके घर आया। उसके साथ शोएब नाम का युवक भी था। मेमन का कहना था कि उसने ओएनजीसी के कई अधिकारियों को पैकेज दिया है। अधिकारी ने यह पैकेज ले लिया, जिसके लिए उनसे 1.62 लाख रुपये लिए गए। यह रकम उन्होंने क्रेडिट कार्ड के माध्यम से दी, लेकिन उन्हें कोई रसीद नहीं दी। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार दो युवक अखिल और हर्ष उनके साथ दूसरे अधिकारी वाई सुब्बाराव के घर गए और उनसे 1.75 लाख रुपये ले लिए। आरोप है कि अब युवक उनका फोन नहीं उठा रहे हैं।

## बस कुछ पलों का इंतजार, उत्तराखंड में पूजा-पाठ का दौरा जारी, उत्साह की देखें ये तस्वीरें

देहरादून। उत्तराखंड में पहाड़ से लेकर मैदान तक चंद्रयान-3 की सफलता के लिए विशेष पूजा-अनुष्ठान का दौर जारी है। लोगों को इस घड़ी का बेसब्री से इंतजार है। गंगा घाटों पर विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। चंद्रयान की सफलता के लिए विधायक,मंत्रियों सहित पुरोहित सभी पूजा-पाठ में लगे हैं। वहीं सीएम धामी जहां इस अवसर को लाने के लिए इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी। आइए देखिए एक नजर में देवभूमि में कहां कैसे है उल्लास
चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 के उतरने को लेकर देश भर में गर्व और रोमांच का माहौल है। इसे लेकर मंदिर में प्रार्थना और हवन किए जा रहे हैं। चंद्रयान-3 का लैंडर मॉड्यूल ( एलएम ) शाम को चंद्रमा की सतह पर उतरेगा। ऐसा होने पर भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला दुनिया का पहला देश बन जाएगा। सिर्फ भारतवर्ष ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया इस ऐतिहासिक पल का टकटकी लगाए इंतजार कर रही है। हरिद्वार में चंद्रयान की सफलता की लिए तीर्थ पुरोहितों ने किया हनुमान चालीसा पाठ।

## एक दिन में आठ हजार जगहों पर मिला डेंगू का लार्वा नष्ट कराया, बारिश बढ़ने के साथ ही बढ़ी मुश्किल

देहरादून। पैथेलॉजी लैब में एलाइजा व रैपिड जांच की मानक अनुसार गुणवत्ता और शुल्क की जांच की गई। इस दौरान पता चला कि लैब में मानक से अधिक शुल्क वसूला जा रहा है। आईएमए ब्लड बैंक में प्लेटलेट्स की उपलब्धता, वॉलेंटियरी ब्लड डोनर सूची, आउटरीच ब्लड डोनेशन कैंपों का विवरण जांचा गया। बारिश बढ़ने के साथ ही डेंगू मरीज भी बढ़ते जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के निरीक्षण में मंगलवार को जिले में आठ हजार जगहों पर डेंगू का लार्वा पाया गया। टीम ने मौके पर ही लार्वा नष्ट करवाया। जानकारी के मुताबिक स्वास्थ्य विभाग की ओर से बनाई गई वॉलेंटियर्स की टीम ने शिवलोक कॉलोनी, बद्रीश कॉलोनी, ब्राह्मणवाला, श्यामपुर, पुलिस लाइन, भंडारी बाग, आमवाला, देहराखास व रायपुर बस्ती में 857 घरों का भ्रमण कर 1322 साइट्स को चिह्नित कर लार्वा नष्ट किया। वहीं, रायपुर, सहसपुर, डोईवाला और शहरी क्षेत्र में 567 आशा कार्यकर्ताओं ने 20,660 घरों का भ्रमण कर 6,597साइट्स को चिह्नित कर लार्वा नष्ट कराया।

## अधिक शुल्क वसूल रही पैथोलॉजी लैब

देहरादून। डेंगू बचाव अभियान के तहत जिला स्तरीय समिति की ओर से मंगलवार को बौंठियाल पैथोलॉजी लैब और आईएमए ब्लड बैंक का निरीक्षण किया गया। पैथेलॉजी लैब में एलाइजा व रैपिड जांच की मानक अनुसार गुणवत्ता और शुल्क की जांच की गई। इस दौरान पता चला कि लैब में मानक से अधिक शुल्क वसूला जा रहा है। आईएमए ब्लड बैंक में प्लेटलेट्स की उपलब्धता, वॉलेंटियरी ब्लड डोनर सूची, आउटरीच ब्लड डोनेशन कैंपों का विवरण जांचा गया। इसके साथ ही शहरी क्षेत्र के खुड़बुड़ा, मेहूवाला, क्लेमेंटटाउन, बंजारावाला क्षेत्रों में नाट्य दलों ने नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से डेंगू से बचाव का संदेश दिया। पूरी आस्तीन के कपड़े पहनने, मच्छरदारी का उपयोग करने, घरों के आसपास जमा पानी का निस्तारण करने और डेंगू के लक्षण होने पर डॉक्टर से जांच कराने की सलाह दी।

## कीटनाशक स्प्रे करने से 15 बीघा धान की फसल खराब

बुलंदशहर। क्षेत्र के गांव दौलतपुर कलां निवासी किसान की 15 बीघा धान की फसल कीटनाशक स्प्रे से खराब हो गई। पीड़ित किसान ने कीटनाशक विक्रेता के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। किसान ने जमीन पट्टे पर लेकर धान की फसल उगाई है। थाना नरसेना क्षेत्र के दौलतपुर कलां निवासी किसान ननुआ ने बताया कि गांव मवई में 15 बीघा जमीन 7 हजार रुपये प्रति बीघा पट्टे पर ली थी। इसमें उसने धान की फसल की रोपाई कराई थी। धान की फसल को रोगों से बचाने के लिए दौलतपुर कलां स्थित एक कीटनाशक विक्रेता के यहां से पांच दिन पहले दवा ली थी। कीटनाशक का स्प्रे करने के बाद धान की फसल खराब हो गई। किसान ने इसकी शिकायत विक्रेता से की है। उसने दूसरा कीटनाशक देकर फसल में लगाने की सलाह दी। उसके बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ। किसान का आरोप है कि जब उसने कीटनाशक विक्रेता से विरोध किया तो उसने धमकी देकर दुकान से भगा दिया। जिला कृषि रक्षा अधिकारी प्रेमवीर सिंह का कहना है कि इस तरह की अभी कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर जांच कराई जाएगी। यदि कीटनाशक विक्रेता ने गलत दवा दी है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## बाढ़ के कारण सभी स्कूलों में तीन दिन की छुट्टी घोषित, पांच दिन का येलो अलर्ट भी जारी

चंडीगढ़। मौसम विभाग ने पंजाब में बुधवार से अगले पांच दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी कर दिया है। इसके अनुसार पंजाब में कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश की आशंका है। इस दौरान तापमान में खास बदलाव देखने को नहीं मिलेगा। पंजाब सरकार ने राज्य के विभिन्न जिलों में हो रही तेज बारिश और बाढ़ की स्थिति को देखते हुए सभी स्कूलों में 26 अगस्त तक छुट्टियां घोषित कर दी हैं। यह आदेश शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस की तरफ से जारी किए गए हैं। उक्त आदेश सभी सरकारी, एडेड, मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों पर लागू होंगे वहीं मौसम विभाग ने पंजाब में बुधवार से अगले पांच दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी कर दिया है। इसके अनुसार पंजाब में कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश की आशंका है। इस दौरान तापमान में खास बदलाव देखने को नहीं मिलेगा। सोमवार रात व मंगलवार को कुछ जिलों में बारिश के चलते तापमान में 0.4 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई।

## बद्दोवाल के स्कूल में लंच कर रही टीचर्स पर गिरा लेंटर, एक की मौत, NDRF ने संभाला मोर्चा

चंडीगढ़। जर्जर होने के कारण स्कूल में रेनोवेशन का काम चल रहा था। मौके पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौजूद हैं। वहीं हादसे के बाद एनडीआरएफ की टीम को भी मौके पर बुला लिया गया। स्कूल को चारों तरफ से सील करके रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। लुधियाना के बद्दोवाल में एक सरकारी स्कूल की बिल्डिंग का लेंटर गिर गया। मलबे के नीचे चार टीचर दब गए। सभी को निकाल लिया गया है। इनमें से एक की हालत गंभीर है। हादसा उस समय हुआ, जब सभी अध्यापक लंच कर रहे थे। वहीं सूत्रों के अनुसार, हादसे में एक महिला टीचर रविंदर कौर की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार, ये स्कूल 1960 में बना था। जर्जर होने के कारण स्कूल में रेनोवेशन का काम चल रहा था। मौके पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौजूद हैं। वहीं हादसे के बाद एनडीआरएफ की टीम को भी मौके पर बुला लिया गया। स्कूल को चारों तरफ से सील करके रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

## 11 करोड़ के अतिरिक्त बजट से बदले जाएंगे जर्जर उपकरण

भदोही। जिले में रिवैंप योजना में शासन ने 11 करोड़ और स्वीकृत किया है। इससे अधूरे कार्य को पूर्ण कराने और जर्जर उपकरण को बदलने में मदद मिलेगी। जबकि चार माह से लगभग सौ करोड़ से आरडीएसएस-रिवैंप योजना गतिशील है। कई क्षेत्रों में काम चल रहा है। जिले में दो वितरण खंड सहित 29 उपकेंद्रों से तीन लाख उपभोक्ता जुड़े हैं। एक से दो दशक पूर्व के लगे उपकरण एवं तार जर्जर हो चुके हैं। चार महीने पूर्व रिवैंप योजना के तहत तारों और जर्जर उपकरण को बदलने के लिए जिले को 100 करोड़ स्वीकृत हुआ। अलग-अलग उपकेंद्रो से जुड़े तारों को बदला जा रहा है। बिजली विभाग की मांग पर शासन से 11 करोड़ और सात दिन पूर्व स्वीकृत हुआ। अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार ने बताया कि सौ करोड़ आरडीएसएस-रिवैंप योजना से प्रथम चरण में जर्जर तार-खंभों को बदलने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

# दो चिकित्सक समेत 10 अनुपस्थित कर्मचारियों का रोका वेतन

भदोही। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औराई का औचक निरीक्षण किया। डीएम ने सीएमओ को अनुपस्थित मिले दो चिकित्सक सहित 10 स्वास्थ्यकर्मियों का वेतन रोकने व विभागीय कार्रवाई का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने उपस्थित पंजिका का अवलोकन किया तो चिकित्सक डॉ. सुफिया और डॉ. प्रशांत 15 अगस्त से अनुपस्थित पाए गए। कैलाश नाथ मौर्य ( कनिष्ठ लिपिक ), नीतू पांडेय ( वार्ड आया ), रिफत बानो ( एसएन ), प्रगति पाल ( एलटी ), सुरेंद्र मौर्य ( एलटी ), कृष्ण कुमार ( आयुष्मान मित्र ) रजनीश झा, सीमा उपाध्याय ( काउंसलर ) गैर हाजिर पाए गए। जिलाधिकारी ने इनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने के साथ वेतन भुगतान पर रोक लगाने के लिए सीएमओ को निर्देशित किया। इसके बाद डीएम एमएनसीयू वार्ड का जायजा लेने पहुंचे। यहां जानकारी मिली कि ज्यादातर कर्मी हस्ताक्षर बनाकर गायब रहते हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने चिकित्सा अधीक्षक को हस्ताक्षर बनाकर अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा। डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औराई में सफाई व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने के लिए डॉ. प्रगति कुमार को निर्देश दिया। डीएम ने निरीक्षण के चौकीदार देवेंद्र को दवा पर्ची का वितरण करते पाया, जिस पर उन्होंने निर्देश दिया कि किसी विभागीय व्यक्ति से ही दवा पर्ची वितरण कराया जाए।

सीएचसी के दवा वितरण केंद्र पर फार्मासिस्ट की डयूटी लगाने के लिए कहा। सीएचसी में निरीक्षण के दौरान आयुष्मान कार्ड बनाने वाले कर्मी अनुपस्थित पाए गए। ऑपरेशन थिएटर में एसी खराब मिलने पर डीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने आरोग्य मेला पंजिका व अन्य अभिलेखीय रिकार्ड का अवलोकन किया। चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि कूड़े के ढेर का जल्द से जल्द निस्तारण कराया जाए। इसके बाद डीएम ने आवास, शौचालय, लेबर रूम आदि का निरीक्षण किया। गंदगी मिलने पर डीएम ने नाराजगी जताई और सफाई कराने का निर्देश दिया।

## बाढ़ का खतरा बढ़ा, गंगा में फिर आने लगा उफान, हजारों बीघा फसल बर्बाद

बिजनौर। खतरे के निशान को छूकर बह रही गंगा, बरसाती नदियों का भी बढ़ा जलस्तर भागूवाला में कोटावाली नदी पुल रपटे से बहता पानी। पहाड़ और मैदानी इलाकों में हो रही बारिश से गंगा में फिर उफान आने लगा है। गंगा खतरे के निशान को छूकर बह रही है, इस वजह से अब फिर से बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। बरसाती नदियों में भी काफी पानी बह रहा है। मंगलवार की सुबह बिजनौर बैराज पर गंगा का जलस्तर 219.60 मीटर बना हुआ था, शाम चार बजे तक भी गंगा में उफान आया और जलस्तर 219.80 मीटर पर पहुंच गया। यह खतरे के निशान से महज 0.20 मीटर दूर ही है। उधर, बिजनौर बैराज से गंगा में एक लाख 25 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है, जबकि हरिद्वार के भीमगोड़ा बैराज से सिर्फ एक लाख दो हजार क्यूसेक पानी ही छोड़ा गया था। उधर, मालन और कोटावाली और अन्य सहायक नदियों में पानी आने की वजह से बिजनौर बैराज पर गंगा का जलस्तर बढ़ने लगा। यूं ही बारिश होती रही तो गंगा के खादर में फिर से बाढ़ जाएगी। बता दें कि पिछले सप्ताह गंगा खतरे के निशान को पार कर गई थी, जिसके बाद रविवार आते आते गंगा का जलस्तर कम हुआ

## शादी के तीन माह बाद मौत, ज्योति ने रोते हुए फोन पर कहा- पापा ये लोग मुझे मार देंगे.

बरेली। बरेली में शादी के तीन महीने बाद ही दीवान की बहू की मौत हो गई। उसका घर में शव मिला है। सीतापुर से आए मायके वालों ने आठ लोगों पर रिपोर्ट कराई है। ससुराल वाले दहेज में कार व एसी मांग रहे थे। बरेली के सुभाषनगर थाना इलाके में ब्याही सीतापुर निवासी ज्योति ( 23 ) की शादी के तीन माह बाद ही संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मायके वाले आए तो ससुराल वाले शव छोड़कर भाग गए। ज्योति के पिता ने उसके हेड कांस्टेबल ससुर समेत आठ लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट कराई है। सीतापुर की टेलीफोन कॉलोनी निवासी रिटायर्ड बीएसएनएल कर्मी अवधेश पांडेय ने बताया कि उन्होंने बेटी ज्योति की शादी तीन माह पहले सुभाषनगर के रामचंद्रपुरम कॉलोनी निवासी शुभम पुत्र रवींद्र शुक्ला से की थी। रवींद्र शुक्ला बदायूं में हेड कांस्टेबल हैं। ससुराल वाले दहेज में कार व एसी मांग रहे थे। इसको लेकर वे बेटी को परेशान करने लगे तो वह उसे मायके ले गए। 21 अगस्त को ये लोग उसे दोबारा बुला ले गए। ज्योति ने रोते हुए कहा था कि पापा ये लोग मुझे मार देंगे। मंगलवार को उन्होंने ज्योति को कॉल की पर रिसीव नहीं हुई। सुबह 10 बजे उसकी सास को कॉल की तो पता लगा कि बेटी की मौत हो चुकी है। सुभाषनगर थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि अवधेश पांडेय की तहरीर पर शुभम, रवींद्र शुक्ला समेत आठ लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। हालांकि, ज्योति के शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं हैं। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद स्थिति साफ होगी।

दूसरी युवती से संबंध के भी आरोप

अवधेश पांडेय ने एक युवती को भी आरोपी बनाया है। बताया कि उससे शुभम के अवैध संबंध थे।

## टिहरी के पार्थ का राष्ट्रीय वॉलीबॉल में हुआ चयन, उत्तराखंड-यूपी की टीम से करेंगे प्रतिभाग

नई टिहरी। पार्थ के शानदार खेल को देखते हुए यूपी-उत्तराखंड की टीम में उनका चयन हुआ है। अब वह अगले माह तमिलनाडु में प्रस्तावित राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में जौहर दिखाएंगे। ऑल सेंट्स कान्वेंट स्कूल के छात्र व नई टिहरी निवासी पार्थ सेमवाल का चयन उत्तराखंड-यूपी की टीम से अंडर-17 राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। उनके चयन पर परिजनों सहित उनके विद्यालय के स्टाफ और टिहरी के लोगों ने खुशी जताई है। पार्थ इससे पहले भी खेल महाकुंभ में टिहरी जिले की टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। अब वे अगले माह प्रस्तावित राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे। नई टिहरी निवासी समाजसेवी रविंद्र सेमवाल और शिक्षिका गीता सेमवाल के पुत्र पार्थ सेमवाल ने शानदार खेल के दम पर यूपी-उत्तराखंड की टीम में स्थान बनाया है। इसी माह 9 और 10 अगस्त को ऑल सेंट्स कान्वेंट स्कूल नई टिहरी की टीम ने जोनल टूर्नामेंट में कप्तानी करते हुए हरिद्वार की टीम को हराकर खिताब जीता। 19 और 20 अगस्त को रीजनल प्रतियोगिता में यूपी के मिर्जापुर में उत्तराखंड की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए सेमीफाइनल तक पहुंचे। यहां उनकी अगुवाई में टीम ने तीसरा स्थान हासिल करते हुए कांस्य पदक जीता। पार्थ के शानदार खेल को देखते हुए यूपी-उत्तराखंड की टीम में उनका चयन हुआ है। अब वह अगले माह तमिलनाडु में प्रस्तावित राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में जौहर दिखाएंगे। पिता रविंद्र सेमवाल ने बताया कि पार्थ को बचपन से ही खेलों में रूचि रही है। उनकी सफलता पर कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक सीबी सेबस्टियन, प्रधानाचार्य सिस्टर मारिया, शिक्षक विक्रम सिंह कठैत, पीटीआई सुषमा बलूनी, सोनू आदि ने खुशी जताई है।

## सात नामजद और 60 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

पीडीडीयू नगर। जागेश्वरनाथ विद्युत उपकेंद्र पर सोमवार की देर शाम ताला बंद करने, उपकेंद्र अधिकारी ईश्वरचंद्र मौर्य के साथ दुर्व्यवहार और तोड़फोड़ करने के मामले में मंगलवार को चकिया कोतवाली में सात नामजद और 60 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई उपकेंद्र अधिकारी की तहरीर पर की गई। बिजली कटौती के विरोध में सोमवार की शाम ग्रामीणों ने जागेश्वरनाथ उपकेंद्र पर धावा बोल दिया था। उन्होंने कर्मचारियों को बाहर निकालकर उपकेंद्र पर ताला जड़ दिया था। यही नहीं, इसका विरोध करने पर उपकेंद्र अधिकारी ईश्वरचंद मौर्य के साथ दुर्व्यवहार करने के साथ कार्यालय में तोड़फोड़ भी की थी।

इस मामले में उपकेंद्र अधिकारी ईश्वरचंद्र मौर्य की तहरीर पर मंगलवार को पुलिस ने सात नामजद और 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## फर्जी दस्तावेज पर जीडीएस बनी संजना की सेवा समाप्त

बुलंदशहर। डाक विभाग में फर्जी दस्तावेज पर जीडीएस की नौकरी करने वालों की संख्या नौ हो गई है। आठ पर पूर्व में कार्रवाई की जा चुकी है। अब नगर के टांडा क्षेत्र निवासी संजना के दस्तावेज फर्जी मिलने पर सेवा समाप्त करने की कार्रवाई की गई है।

जीडीएस के इस्तीफा न दिए जाने पर डाक अधीक्षक ने सेवा समाप्ति का पत्र घर पर भेज दिया है। अब पुलिस कार्रवाई के लिए पत्र लिखा जा रहा है। डाक विभाग में समय-समय पर ग्रामीण डाक सेवक की भर्ती होती रहती है। भारतीय डाक विभाग ने जनवरी माह में अन्य जनपदों के साथ बुलंदशहर में भी ग्रामीण डाक सेवकों की भर्ती निकाली। इसमें जिले के डाक विभाग में 130 जीडीएस के पद दिए गए। जिले में जीडीएस पद की तैनाती के लिए कुछ लोगों ने फर्जी दस्तावेज लगा दिए। ऑनलाइन आवेदन करने पर इसमें करीब 70 फर्जी दस्तावेज वाले जीडीएस चयन भी हो गए। चयन होने के बाद 60 आवेदक बायोमेट्रिक जांच में बाहर हो गए तो आठ आवेदक दस्तावेज जांच में पकड़े गए। एक अन्य जीडीएस के दस्तावेज फर्जी होने की संभावना पर टीम को भोपाल तक जाना पड़ा। विभागीय अफसरों के अनुसार नगर निवासी संजना ने भोपाल निवासी एक छात्रा के दस्तावेज पर नौकरी पा ली। जबकि जिसके दस्तावेज हैं, वह इस समय बीएससी एग्रीकल्चर की छात्रा है और वर्ष 2020 की परीक्षा में टॉप टेन में शामिल रही। असली संजना ने अभी तक पैनकार्ड को आवेदन भी नहीं किया है। उसके परिवार के लोग खेती कर जीवन यापन कर रहे हैं और नौकरी के लिए भी अभी तक कोई आवेदन नहीं किया।

पुलिस की मदद लेगा विभाग

डाक विभाग में फर्जी जीडीएस का मामला सामने आने पर दूसरे के दस्तावेज पर नौकरी कर रही संजना की तलाश में विभाग जुटा हुआ है। जो जहांगीराबाद के जखैता में जीडीएस के पद पर तैनात थी। संबंधित ने अभी तक सामान भी जमा नहीं किया है और न ही इस्तीफा दिया है।

ऐसे में विभाग ने उसके घर पर सेवा समाप्ति का नोटिस भेजा है। जिसमें उसे एक माह की टीआरसीए और महंगाई भत्ते की राशि दी जाएगी। इसके साथ ही संबंधित पर पुलिस कार्रवाई के लिए पत्र लिखा जा रहा है। भोपाल की जिस छात्रा के दस्तावेज पर एक जीडीएस नौकरी कर रही थी। वह फर्जी निकली है। उसने दूसरे के दस्तावेज पर नौकरी पाई। जांच रिपोर्ट मिलने पर संबंधित जीडीएस की सेवा समाप्त कर दी गई है। इसके लिए उसके द्वारा इस्तीफा न दिए जाने पर घर पर नोटिस भेज दिया है। जल्द ही पुलिस कार्रवाई भी की जाएगी। - त्रिभुवन सिंह, डाक अधीक्षक बुलंदशहर मंडल

# 41 किलो हेरोइन के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार, रावी दरिया के रास्ते मंगवाते थे नशा, STF ने पकड़ा

चंडीगढ़। एसटीएफ को मंगलवार रात रावी दरिया के रास्ते 41 किलो हेरोइन भारत पहुंचने की सूचना मिली। जिसके तुरंत बाद एसटीएफ के एआईजी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इस टीम ने मंगलवार रात को ही रमदास सेक्टर में छापेमारी कर युवकों को पकड़ लिया। अमृतसर एसटीएफ ने भारत-पाक सीमा पर रमदास सेक्टर में बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन तस्करों को 41 किलो हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने रावी दरिया के रास्ते नशे की खेप मंगवाई थी, जिसे आगे सप्लाई किया जाना था। लेकिन इससे पहले ही एसटीएफ ने सूचना के आधार पर उन्हें धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आज्ञापाल सिंह निवासी घुमराए, रणजोध सिंह उर्फ राणा निवासी रमदास थानातंर्गत गांव महिमद मंदरावाला तथा संदीप सिंह उर्फ शेरा निवासी पंज गराइयां के रूप में हुई है।

हेरोइन की खेप यह रणजोध सिंह के घर महिमद मंदरावाला गांव में दबा कर रखी गई थी। आरोपियों को हेरोइन की यह खेप रावी दरिया के रास्ते पाकिस्तानी तस्करों ने भेजी थी। बरामद मोबाइल में से पाकिस्तानी तस्करों के संपर्क मिले हैं। एसटीएफ के एआईजी मुख्तयार राय ने बताया कि सूचना थी कि आज्ञापाल के पास पाकिस्तान के तस्करों द्वारा भेजी गई हेरोइन की खेप मौजूद है। जिसके तुरंत बाद ही डीएसपी वविंदर महाजन के नेतृत्व में एसटीएफ की टीम ने रमदास क्षेत्र में ट्रैप लगा कर पहले आज्ञापाल सिंह और इसके बाद उसके अन्य दोनों साथियों रणजोध राणा और संदीप सिंह को भी काबू कर लिया। उन्होंने बताया कि एसटीएफ की टीम ने रणजोध सिंह उर्फ घर में दबा कर रखी गई 41 किलो हेरोइन बरामद कर ली। पूछताछ के दौरान सामने आया कि पाकिस्तानी तस्करों ने उक्त हेरोइन को 5-6 दिन पहले ही रावी दरिया के रास्ते भारत भेजा, जहां से आरोपियों ने इसे बरामद किया। एआईजी मुख्तियार राय ने बताया कि आरोपी आज्ञापाल गिरोह का किंगपिन है, जिसके पाकिस्तान के तस्करों के साथ संबंध हैं। इसके कब्जे से मिले मोबाइल फोन में पाकिस्तान के तस्करों के संपर्क हैं। यह पाक तस्करों द्वारा भारत भेजी गई हेरोइन को आगे सप्लाई करता है। राय ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से चार मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं, जिन्हें फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जा रहा है।

## ट्रक की चपेट में आने से मोपेड सवार युवक की मौत

पीडीडीयू नगर। अलीनगर थाना के सिरसी गांव के समीप पीडीडीयू नगर चकिया मार्ग पर मंगलवार की सुबह ट्रक की चपेट में आने से मोपेड सवार घूरेलाल ( 18 ) गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। मिर्जापुर जिले के जमालपुर थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव निवासी हीरालाल के पुत्र घूरेलाल नियामताबाद गांव स्थित अपने ननिहाल में रहता था। मंगलवार की सुबह अपने गांव शिवपुर से वह मोपेड से नियामताबाद जा रहा था। जैसे ही वह सिरसी गांव के समीप पहुंचा कि सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गया इसमें घूरेलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में लोगों ने उसे नजदीक के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान शाम को उसकी मौत हो गई।

## उमरा करने नहीं जा पाएगा बांग्लादेशी, कोर्ट ने खारिज की याचिका

बुलंदशहर। बांग्लादेश से नगर के मुस्तफागढ़ी में आकर बसे व्यक्ति ने उमरा पर पत्नी के साथ जाने के लिए न्यायालय में शार्ट टर्म पासपोर्ट के लिए याचिका दायर की थी। जिसे पूर्व में सीजेएम न्यायालय ने खारिज कर दिया। वहीं अब एफटीसी प्रथम ज्ञान प्रकाश तिवारी द्वितीय के न्यायालय ने भी उसकी याचिका को खारिज कर दिया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी केडी शर्मा ने बताया कि मोहल्ला मुस्तफागढ़ी धमैड़ा अड्डा में वर्तमान में रह रहे 52 वर्षीय हकीम मौलाना इदरीश पर बिना दस्तावेज भारत में रहने का आरोप है। वर्ष 2003 में तत्कालीन एलआईयू प्रभारी ने आरोपी को गिरफ्तार कर नगर कोतवाली में रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। जिसमें बताया गया था कि वह मूल रूप से बांग्लादेश के जनपद टुंगी थाना उत्तरा गांव दिक्खन खन का निवासी है। छह मार्च 2023 को उसने अपनी पत्नी शमा परवीन के साथ उमरा-हज करने के लिए सऊदी अरब जाने के लिए शॉर्ट वेलिडिटी पासपोर्ट बनवाए जाने के लिए याचिका सीजेएम कोर्ट में दाखिल की थी।

जिसे न्यायालय ने गत 22 मई को खारिज कर दिया था। जिस पर अब हकीम मौलाना इदरीश ने जिला जज के न्यायालय में आदेश के खिलाफ रिविजन दायर किया है। साथ ही मांग की है कि गत 22 मई को अवर न्यायालय के आदेश को निरस्त कर शॉर्ट वेलिडिटी पासपोर्ट बनवाए जाने की अनुमति प्रदान की जाए। इस याचिका पर एफटीसी प्रथम के न्यायालय में सुनवाई हुई। जिसपर न्यायालय ने सीजेएम न्यायालय के आदेश को ही मानते हुए याचिका को खारिज कर दिया है।

## सड़कों पर बेसहारा गोवंश घूमते मिले तो होगी कार्रवाई

बुलंदशहर। सड़कों पर घूम रहे गोवंशों को आश्रय स्थलों या कान्हा गोशालाओं में संरक्षित करने के लिए निकायों में अभियान चलेगा। इसके बाद यदि कोई गोवंश सड़कों पर घूमते पाए जाते हैं तो संबंधित ईओ के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई के लिए डीएम के माध्यम से शासन को लिखा जाएगा। एडीएम प्रशासन की ओर से सभी एसडीएम और अधिशासी अधिकारियों को आदेश जारी किए गए हैं। इसमें कहा गया है कि सभी निकायों में स्थायी व अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल, कान्हा गोशाला संचालित हैं। इनमें बेसहारा गोवंशों को संरक्षित करने की व्यवस्था की गई है। इसके बावजूद अधिकारियों के भ्रमण के दौरान सड़कों पर आवारा गोवंशों को विचरण करते हुए देखा जा रहा है। इसको लेकर कई बैठकों में अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आवारा गोवंशों को आश्रय स्थलों में संरक्षित किया जाए। एडीएम प्रशासन ने सभी ईओ को निर्देश दिए हैं कि 23 से 30 अगस्त 2023 तक विशेष अभियान चलाकर बेसहारा गोवंश को तत्काल पकड़कर निकाय के स्वामित्व में संचालित गोवंश आश्रय स्थल, कान्हा गौशाला में संरक्षित करें। साथ ही निकाय सीमा अन्तर्गत पशुपालकों द्वारा छोड़े गये गोवंशों के संबंध में पशुपालकों पर भारी से भारी जुर्माना अधिरोपित किया जाए। विशेष अभियान के बाद यदि किसी भी निकाय में कोई भी बेसहारा गोवंश सड़कों पर विचरण करता हुए पाया जाता है तो संबंधित अधिशासी अधिकारी के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई के लिए डीएम के माध्यम से आख्या शासन, निदेशालय को भेजी जाएगी।

## ट्रेन की चपेट में आने से पोस्टमैन की मौत

बुलंदशहर। क्षेत्र के उसरी गांव के पास मंगलवार की शाम ट्रेन की चपेट में आने से पोस्टमैन की मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। धीना थाना क्षेत्र के इमलिया धोसवा गांव निवासी सतीश चंद्र ( 55 ) सकलडीहा कस्बे के टिमिलपुर मुहल्ले में घर बनवाकर रह रहे थे। वह बबुरी में पोस्टमैन के पद पर तैनात थे। मंगलवार को बाइक से कहीं जा रहे थे। उसरी गांव के पास वह बाइक खड़ी कर रेलवे लाइन पार करने लगे। इसी दौरान ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौत हो गई। उनकी मौत के बाद पत्नी सफलता देवी, पुत्र अमित, अमरेश, विनोद व पुत्री सुमन का रो-रोकर बुरा हाल था।

## ऑनलाइन मंगवाया कड़ा, शातिरों ने Any Desk डाउनलोड करवा ठगे डेढ़ लाख रुपये

चंडीगढ़। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि वह पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में कार्यरत है। बीते 2 अप्रैल को उन्होंने फेसबुक पर बवासीर का एक विज्ञापन देखा था। इसमें कड़े को पहनने का नुस्खा दिया गया था, जिससे बवासीर की बीमारी ठीक होने का दावा किया था। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के एक सरकारी कर्मी को फेसबुक पर विज्ञापन देखकर बवासीर के इलाज के रूप में ऑनलाइन कड़ा बुक करवाना काफी महंगा पड़ गया। ठगों ने उन्हें ऑनलाइन आर्डर के नाम पर एनी डेस्क डाउनलोड करवाकर उनके दो बैंक खातों से कुल 1,58,093 रुपये निकाल लिए। साइबर अपराध पुलिस थाने ने सेक्टर-28 सी के रहने वाले इस व्यक्ति की शिकायत पर धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश रचने की धाराओं के तहत यह मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता के मुताबिक उन्हें फेसबुक पर अज्ञात व्यक्ति ने एनी डेस्क डाउनलोड करने को कहा ताकि वह कड़े की बुकिंग और उसकी डिलिवरी ले सके। डिलिवरी के नाम पर आरोपी ने उसे चूना लगा दिया। शिकायतकर्ता के खाते से यह रकम बीते 3 अप्रैल को निकली थी।

बवासीर ठीक होने का किया था दावा

शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि वह पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में कार्यरत है। बीते 2 अप्रैल को उन्होंने फेसबुक पर बवासीर का एक विज्ञापन देखा था। इसमें कड़े को पहनने का नुस्खा दिया गया था, जिससे बवासीर की बीमारी ठीक होने का दावा किया था। शिकायतकर्ता ने विज्ञापन पर दिए नंबर पर कॉल की और अज्ञात व्यक्ति ने कड़े की बुकिंग करते हुए एक नंबर दिया और कहा कि आर्डर प्राप्त करने के लिए इस नंबर पर कॉल करें। शिकायतकर्ता द्वारा कॉल करने पर कॉलर ने प्लेस्टोर से एनी डेस्क एप डाउनलोड करने को कहा। फिर नंबर पर आया कोड भेजने को कहा, जो आगे भेजा गया। फिर कहा कि संबंधित नंबर पर फोन पे से 2 रुपये भेज दें। शाम तक आर्डर आ जाएगा। एक अन्य नंबर भी उसे दिया और कहा कि शाम 5.30 बजे तक आर्डर न आए तो इस पर कॉल कर लें। अगले दिन शिकायतकर्ता के बैंक खातों से पैसे कटने के संदेश आने लगे। उनके एसबीआई खाते से 49,993 रुपये और इंडियन बैंक से 1,08100 रुपये निकल लिए गए।

# पहले दून में मकान दिलाया फिर उसी घर से चोरी कर लिए 2.60 करोड़ रुपये, शातिर ने ऐसे रचा था खेल

देहरादून। रायपुर निवासी मीनू गोयल ने गत 19 अगस्त को अपने घर हुई चोरी के संबंध में शिकायत की थी। इस शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। लेकिन, मीनू ने यह नहीं बताया था कि उनके घर से कितने रुपये चोरी हुए हैं। दिल्ली में प्रॉपर्टी बेचकर देहरादून आई महिला के घर से 2.60 करोड़ रुपये से ज्यादा चोरी हो गए। चोरी को अंजाम महिला को प्रॉपर्टी दिलाने वाले बिचौलिया ने दिया था। उसके पास से 2.60 करोड़ रुपये बरामद कर लिए गए हैं। जबकि, उसका एक साथी फरार है, जिसके पास रुपयों से भरा एक बैग और है। पुलिस ने दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए भी टीमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए रवाना कर दी हैं।

एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने बताया कि न्यू डिफेंस कॉलोनी, विश्वनाथ एन्क्लेव रायपुर निवासी मीनू गोयल ने गत 19 अगस्त को अपने घर हुई चोरी के संबंध में शिकायत की थी। इस शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। लेकिन, मीनू ने यह नहीं बताया था कि उनके घर से कितने रुपये चोरी हुए हैं। इसके बाद पुलिस ने तीन टीमें गठित की। इनमें से एक ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक कीं। दूसरी टीम ने क्षेत्र में सक्रिय पूर्व के चोरों का डाटा खंगाला। जबकि, तीसरी टीम ने मीनू के रिश्तेदारों और संपर्क के लोगों से जानकारी ली। इस बीच पता चला कि मीनू गोयल का परिवार दिल्ली में रहता था। उनके पति की 2011 में मौत हो गई थी। इसके बाद उनके घर में उनकी मां और बेटी थी।

13 करोड़ में बेची थी दिल्ली की संपत्ति

पिछले दिनों वह देहरादून बसने की तैयारी करने लगीं। इसके लिए उन्होंने दिल्ली में अपनी पैतृक संपत्ति को करीब 13 करोड़ रुपये में बेच दिया। इस रकम में से कुछ उनके खाते में आई जबकि बाकी रकम वह देहरादून लेकर आ गईं। यहां उन्होंने प्रॉपर्टी ब्रोकर सन्नी से संपर्क किया। उसने दो करोड़ रुपये में उन्हें डिफेंस कॉलोनी का यह मकान दिलवाया। बाकी रकम अब भी उनके घर पर ही बैगों में भरी रखी हुई थी। सन्नी को इस बात की पूरी जानकारी थी कि उनके घर पर कैश रखा है। 18 अगस्त को मीनू अपने पार्टनर प्रदीप के जन्मदिन की पार्टी में परिवार के साथ एक रेस्टोरेंट में गई थीं। यहां उन्होंने सन्नी को भी बुलाया था। लेकिन, सन्नी काफी देर बाद वहां पहुंचा। अगले दिन पता चला कि उनके घर से कैश चोरी हो गया।

सीसीटीवी फुटेज में दिखी सफेद कार

इस पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज चेक की तो पता चला कि रात साढ़े आठ बजे उनके घर के पास एक सफेद कार आई थी। यह 15 मिनट बाद वापस गई। पुलिस ने कार के नंबर से पता लगाया कि यह सन्नी की है। इसी आधार पर पुलिस ने सन्नी की निगरानी शुरू कर दी। इस बीच सोमवार को पुलिस को जानकारी मिली कि सन्नी अपने परिचित की कार से कहीं जा रहा है। पुलिस ने उसे वंसुधरा एन्क्लेव से कार समेत पकड़ लिया। कार की तलाशी ली गई तो उसमें 20 लाख रुपये नकद बरामद हुए। सन्नी से सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने 2.40 करोड़ रुपये से भरे दो बैग शिप्रा एन्क्लेव स्थित एक हॉस्टल से बरामद कराए। सन्नी कंकरखेड़ा मेरठ के तेजपुर फाजलपुर का रहने वाला है। उसका एक साथी धीरज फरार है, जिसके पास एक और रुपयों से भरा बैग है।

मेरठ से बुलाया था धीरज को

सन्नी ने पुलिस को बताया कि मीनू गोयल अपने पैसे निवेश करना चाहती थीं। उन्हें यह मकान दिलाने के बाद वह दूसरी जगहों पर भी संपत्तियां खोज रहा था। इसी बीच उसने रुपयों से भरे ये तीन बैग उनके घर पर देख लिए थे। एक माह पहले उसने ये बैग चोरी करने की योजना बनाई थी। लेकिन, वह सफल नहीं हो पाया।

अब घटना से तीन दिन पहले उसने धीरज नाम के युवक को मेरठ से बुलवाया। उसने घर से तीन बैग लिए और एक हल्का वाला बैग धीरज को देकर घंटाघर के पास छोड़ दिया। वह टैंपो में बैठकर आईएसबीटी होते हुए अपने घर चला गया। इसके बाद वह पार्टी में पहुंच गया।

डीवीआर भी ले गए थे घर से

महिला के घर के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। सन्नी ने धीरज के साथ मिलकर कैश चोरी करने के बाद कैमरों की डीवीआर भी चोरी कर ली। यह डीवीआर भी उसने धीरज को ही दे दी थी। एसएसपी ने घटना का खुलासा करने वाली टीम को 25 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की है।

## पाकिस्तानी महिला को राष्ट्रपति ने आवंटित की जमीन, भूमाफिया कब्जाने में जुटे, खुलासों ने चौंकाया

देहरादून। पाकिस्तान से माइग्रेट होकर आने पर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद यहां महिला को जमीन दी गई। इस जमीन पर विगत कई सालों से एक बुजुर्ग महिला अपने भाई के साथ रहती हैं। लेकिन अब इस जमीन पर भूमाफिया की नजरें गढ़ी हैं। भूमाफिया महिला की अनुपस्थिति में कई बार इस पर कब्जे का प्रयास कर चुके हैं। प्रेमनगर में सरकारी जमीनों को कब्जाने का खेल जमकर चल रहा है। हैरत की बात तो यह है कि कैंट बोर्ड भी इस पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहा है। भूमाफिया के हौंसले इतने बुलंद है कि राष्ट्रपति द्वारा आवंटित जमीन को भी कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। अब जिला प्रशासन की इसकी जांच शुरू कर दी है। तहसीलदार ने जांच कर रिपोर्ट एसडीएम को सौंप दी है। दरअसल, प्रेमनगर में रहने वाले एक परिवार का कहना है कि पाकिस्तान से माइग्रेट होकर आने पर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद यहां उनको जमीन दी गई। इस जमीन पर विगत कई सालों से एक बुजुर्ग महिला अपने भाई के साथ रहती हैं। लेकिन अब इस जमीन पर भूमाफिया की नजरें गढ़ी हैं। भूमाफिया महिला की अनुपस्थिति में कई बार इस पर कब्जे का प्रयास कर चुके हैं।

भूमाफिया ने बनाई दीवार

महिला की अनुपस्थिति में जमीन पर खुलेआम ईंट, रेत और बजरी तक गिरा दिए जाते हैं। महिला कई बार इसकी शिकायत मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, एसएसपी और कैंट से कर चुकी हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। एक बार कैंट बोर्ड ने यहां पर कब्जा के प्रयास को रोक दिया।

लेकिन 15 अगस्त को भूमाफिया ने यहां दीवार बनानी शुरू कर दी। हालांकि सूचना पर तहसीलदार ने दीवार के निर्माण को रोक दिया। बताया जा रहा है भूमाफिया प्रेमनगर क्षेत्र के ही हैं। तहसीलदार मोहम्मद शादाब ने बताया कि मामले में रिपोर्ट एसडीएम को सौंप दी गई है।

# संक्षिप्त समाचार

## नौ लाख का गबन, वीडीओ निलंबित

भदोही। डीघ ब्लॉक के सुधवैं गांव में विकास कार्य के नाम पर बड़ी धांधली सामने आई है। बिना काम कराए सचिव ने नौ लाख से अधिक सरकारी रुपये निकाल लिए। सीडीओ के निरीक्षण में अनियमितता सामने आने पर वीडीओ को निलंबित कर दिया। महीने भर पूर्व सुधवैं के ग्रामीणों ने मुख्य विकास अधिकारी को पत्रक देकर विकास कार्य में धांधली का आरोप लगाया था। जिसको संज्ञान में लेते हुए सीडीओ यशवंत कुमार सिंह ने तकनीकी टीम के साथ गांव का निरीक्षण किया। जहां अमृत सरोवर का निर्माण कराए बिना ही पांच लाख 13 हजार 187 रूपये, कंपोजिट विद्यालय वहिदानगर के दिव्यांग शौचालय का निर्माण कराए बिना 63 हजार 748 रुपये, प्राथमिक विद्यालय सुधवैं में दिव्यांग शौचालय का 75 हजार 616 और प्राथमिक विद्यालय सुधवैं में सोलर वाटर पंप लगाए बिना ही दो लाख 49 हजार रुपये निकाल लिए गए। प्रथम दृष्ट्या गांव में विकास कार्य में अनियमितता एवं गबन की पुष्टि हुई। इसे संज्ञान में लेते हुए सीडीओ ने तत्कालीन सचिव सुधवैं एवं ग्राम विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार त्यागी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबित वीडीओ को औराई ब्लॉक पर अटैच किया गया है। उन्होंने डीडीओ को निर्देश दिया कि निलंबित सचिव के स्थान पर किसी दूसरे सचिव को भेजा जाए।

## कालागढ़-कार्बेट पार्क में 129 मगरमच्छ, 102 घड़ियाल व 183 उदबिलाव

बिजनौर। कालागढ़ बांध व टाइगर रिजर्व की नदी में जलीय जीवों की गणना के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। ये परिणाम जलीय जीव प्रेमियों के लिए खुश कर देने वाले हैं। बिजनौर कालागढ़ के रामगंगा बांध, सैडिल बांध व टाइगर रिजर्व की नदियों में जलीय जीवों की गणना के परिणाम कार्बेट प्रशासन ने घोषित किए। कार्बेट टाइगर रिजर्व/नेशनल पार्क में जीवों की गणना के अनुसार जलीय जीवों के कुनबे बढ़ रहे हैं। कार्बेट टाइगर रिजर्व/नेशनल पार्क में 15 से 17 मार्च के बीच कालागढ़ बांध व टाइगर रिजर्व की नदियों में जलीय जीवों की गणना की गई थी। जिसके परिणाम मंगलवार को पार्क प्रशासन ने जारी किए हैं। पार्क के निदेशक डॉ. धीरज पांडेय के अनुसार कालागढ़ बांध व पार्क की नदियों में 129 मगरमच्छ, 102 घड़ियाल व 183 उदबिलाव देखे गए। यह कार्बेट टाइगर रिजर्व के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। वन्यजीवों के सरंक्षण के साथ साथ जलीय जीवों के संरक्षण में पार्क के अधिकारियों व कर्मियों की भूमिका का उत्साहजनक नतीजा है।

## बिजनौर - रूट डायवर्जन होने से बंद हुई ऑनलाइन टिकटिंग की सुविधा

बिजनौर। कांवड़ यात्रा को लेकर अभी भी तीन रूट डायवर्ट रहता है। जिसका असर परिवहन विभाग पर पड़ रहा है। रूट डायवर्जन की वजह से बसों में ऑनलाइन टिकटिंग की सुविधा बंद कर दी गई है। जिसके चलते अब ऑनलाइन टिकट बुक नहीं हो रहे हैं। बिजनौर डिपो से लंबे रूट पर तीन बसों का संचालन किया जाता है। ये बस बिजनौर से सुबह के समय पीलीभीत, लखनऊ और गोरखपुर के लिए संचालित होती है। लंबे रूट पर चलने वाली बसों में ऑनलाइन टिकट की सुविधा परिवहन विभाग ने शुरू की थी। मगर अब रूट डायवर्जन की वजह से इस सुविधा को बंद कर दिया गया है। क्योंकि सप्ताह में तीन दिन शुक्रवार, शनिवार और रविवार ये बस संचालित नहीं होती है। अगर यात्रियों ने टिकट ऑनलाइन बुक कर दी और बस संचालित नहीं हुई तो यात्री परेशान रहेगा, इसलिए फिलहाल ऑनलाइन टिकटिंग सेवा परिवहन विभाग ने बंद कर रखी है। जिसकी वजह से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं परिवहन विभाग को भी राजस्व की हानि हो रही है।

## पश्चिमी यूपी में बारिश ने दी गर्मी से राहत, सड़कें हुई जलमग्न, भारी वर्षा और बिजली गिरने का अलर्ट

बिजनौर। मेरठ समेत पश्चिमी यूपी में देर रात शुरू हुई बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी है। बुधवार दोपहर तक रुक-रुक कर बारिश होती रही। खबर लिखे जाने तक 42 मिली मीटर बारिश दर्ज की गई है। बारिश की वजह से सड़कें जलमग्न हो गई हैं। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में भारी बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर यूपी शाही का कहना है कि अभी मौसम ऐसे ही बना रहेगा और तापमान में भी गिरावट आएगी। वहीं वेस्ट यूपी के ज्यादातर जिलों में बारिश के चलते जगह शहर में जनजीवन प्रभावित हो गया, जिस कारण से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो यह बारिश फसलों के लिए भी लाभदायक होगी। आगे तस्वीरों में जानें पश्चिमी यूपी के जिलों का हाल। मेरठ में रात से ही हो रही बारिश से लोगों को गर्मी से निजात तो मिली है लेकिन जगह-जगह जलभराव होने के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। नगर पालिका के साफ-सफाई के दावों की भी पोल खुल गई है।

## 500 गांवों में 40 करोड़ से बनेंगी सड़क व नाली

बुलंदशहर। जिले के 500 गांव के लोगों के लिए अच्छी खबर है। इन गांव में 40 करोड़ रुपये से जल्द ही सड़क और नाली निर्माण कराया जाएगा। साथ ही स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। इससे लोगों को क्षतिग्रस्त सड़क और अंधेरे से निजात मिलेगी। जिले में 946 ग्राम पंचायतों के अधीन 1170 राजस्व गांव हैं। इनमें से 500 से अधिक गांव ऐसे हैं, जहां की सड़के क्षतिग्रस्त हो गई हैं। गांव में बिजली आने के बाद भी अंधेरा रहता है। बरसात में लोगों को घरों से बाहर निकलने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। अब इन लोगों को परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगी। शासन ने गांव में सड़क निर्माण, नाली निर्माण और स्ट्रीट लाइट के लिए 40 करोड़ रुपये बजट जिला पंचायत को जारी किया है। जिला पंचायत सितंबर माह में टेंडर प्रक्रिया पूरी करेगा। अक्तूबर माह से निर्माण कार्य शुरू हो जाएंगे। गांव में पानी निकासी की समस्या भी दूर की जाएगी।

## सोता रहा परिवार, चोरों ने लाखों का माल कर दिया साफ

बीबीनगर। थाना क्षेत्र के कुचेसर किला के माजरे नगला उग्रसेन में अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर लाखों का सामान व नकदी चोरी कर ली। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। लेकिन, पुलिस चोरी की घटना को संदिग्ध मान रही है। मामले की जांच की जा रही है। थाना क्षेत्र के गांव नगला उग्रसेन निवासी जीत सिंह ने बताया कि उसका परिवार रविवार की रात लगभग 12 बजे तक टीवी देखने के बाद सोने गए थे। घर की बहुएं अपने कमरों में चली गईं। सुबह उठने पर कमरों के दरवाजे खुले देख शक हुआ। कमरों के अंदर देखा तो सेफ खुली पड़ी थी, जिसमें से चांदी के चार सेंपल, पांच सिक्के व 5 बर्तन, सोने के तीन जोड़ी कुंडल, दो अंगूठी, दो चैन, एक कंठी सहित बच्चों के नजरिया व सेंपल सहित दस हजार रुपये की नकदी गायब थे। पीड़ित की सूचना पर थाना पुलिस व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची व आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घटना प्रथम दृष्ट्या संदिग्ध प्रतीत हो रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अभिशाप को बनाएंगे वरदान, गाजर घास से बनेगा खाद

बिजनौर। गाजर घास यानी पार्थेनियम पिछले कई वर्षों से फसलों एवं बागों में प्रकोप के साथ-साथ मनुष्य की त्वचा संबंधी बीमारियों, एग्जिमा, एलर्जी, बुखार तथा दमा जैसी बीमारियों का प्रमुख कारण है। वर्षा ऋतु में इसका अधिक अंकुरण होता है। अब इस घास से जिले में खाद बनाए जाने की तैयारी है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी मनोज रावत ने किसान को बताया कि गाजर घास को विभिन्न नामों से जाना जाता है। भारत में पहली बार 1950 के दशक में यह घास आई थी। इसमें एक पौधे से 5000 से 25000 पौधे तैयार हो जाते हैं। बीजों का प्रकीर्णन हवा द्वारा होता है, जिससे इनकी संख्या में बढ़ोत्तरी तेजी से होती है। उन्होंने बताया कि किसानों को बीज आने से पहले इसे उखाड़कर इसका कंपोस्ट एवं वर्मी कंपोस्ट खाद बनाना चाहिए। साथ ही शीघ्र बढ़ने वाली फसलें जैसे- ज्वार, बाजरा, मक्का आदि में इसका प्रयोग किया जा सकता है।

## हर दो घंटे बाद आधा घंटे गुल हो रही बिजली, लो वोल्टेज से जूझ रहे लोग

बुलंदशहर। शहर में हर दो घंटे में आधा घंटे की बिजली गुल हो रही है। इससे शहरवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के कारण रात में लोग सो भी नहीं पा रहे हैं। वहीं स्याना अड्डा, धमेड़ा अड्डा, टांडा और अनूपशहर अड्डा क्षेत्र में लोगों को शाम पांच बजे से रात्रि 12 बजे तक लो वोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ रहा है। साठा, राधानगर, चांदपुर रोड, देवीपुरा, शास्त्रीनगर, रामविहार के लोगों को भारी बिजली कटौती से जूझना पड़ रहा है। रहीश, फारुख, सलीम और मोहन ने बताया कि पिछले कई दिन से अनूपशहर बस अड्डा और टांडा बिजली घर से शाम पांच बजते ही लो वोल्टेज की समस्या बन जाती है, जो रात 12 बजे तक जारी रहती है। इससे करीब पांच हजार परिवारों को परेशानी हो रही है।

# दो दिन के बुखार में घट रही प्लेटलेट्स

बिजनौर। भले ही दो दिन के बुखार में मरीजों की प्लेटलेट्स घट रही हैं, लेकिन जांच में डेंगू नहीं आ रहा है। लक्षणों के आधार पर मरीजों का इलाज किया जा रहा है। अस्पतालों में इस समय बुखार के मरीजों की काफी संख्या है। मेडिकल अस्पताल में रोजाना बुखार के 70 मरीज पहुंच रहे हैं। मौसम बदलने के साथ बीमारियां बढ़ गई हैं। इन दिनों डेंगू, मलेरिया का सबसे ज्यादा जोर रहता है। मौसम में बदलाव होने से वायरल बुखार लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। मगर दो दिन बुखार आने के बाद ही मरीजों की प्लेटलेट्स घट रही हैं। कुछ मरीजों की प्लेटलेट्स 30 हजार तक पहुंच गई हैं। जबकि प्लेटलेट्स एक लाख 20 के आसपास होनी चाहिए। एलाइजा जांच में भी मरीजों को डेंगू की पुष्टि नहीं हो रही है। अस्पताल में इस समय बुखार के पांच मरीज भर्ती हैं। जिन्हें बुखार के अलावा, खांसी, जुकाम, सांस लेने की समस्या है। मंगलवार को बुखार के तीन मरीजों को घर भेज दिया गया है। बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी इस समय बुखार की चपेट में आ रहे हैं। चिकित्सक मरीजों को मच्छरदानी का प्रयोग करने की सलाह दे रहे हैं।

इन लक्षणों वाले आ रहे मरीज

- तेज बुखार होना
- तेज सिर दर्द की समस्या होना
- आंखों में दर्द होना
- पूरे शरीर में दर्द होना
- अधिक कमजोरी महसूस होना
- पेट दर्द की समस्या होना

बुखार से ऐसे करें बचाव

- अधिक मात्रा में पानी पीएं
- अपने आसपास सफाई का ध्यान रखें
- मच्छरदानी का प्रयोग करें
- फलों, हरी सब्जियों और पौष्टिक आहार लें
- बुखार होने पर जांच कराएं
- चिकित्सक से परामर्श लें

## गांव के चौराहों व धार्मिक स्थलों पर लगाई जाएंगी तीन हजार हाईमास्क लाइटें

बुलंदशहर। जिले के ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। जिला पंचायत उनके लिए एक अच्छी पहल करने जा रही है। इसके तहत गांव के चौराहों और धार्मिक स्थलों पर तीन हजार हाईमास्क लाइटें लगेंगी। लाइट खरीदने की अनुमति लेने के लिए जिला पंचायत की ओर से शासन को पत्र भी लिखा गया है। बुलंदशहर जिले में धार्मिक स्थलों की कमी नहीं है। जिले में कई ऐसे धार्मिक स्थल हैं, जो महाभारतकाल से भी जुड़े हैं। इनमें सबसे पहले नाम अहार में अवंतिका देवी मंदिर, इसी क्षेत्र में सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के अलावा अनूपशहर, कर्णवास और नरौरा क्षेत्र स्थित गांव बैलोन में देवी मंदिर समेत अन्य धार्मिक स्थल शामिल हैं। इन धार्मिक स्थलों की पहचान और ख्याति तो दूर-दूर तक है, लेकिन इनके विकास और संरक्षण के लिए कोई खास प्रयास नहीं किए गए। पर्यटन की दृष्टि से भी इन प्रमुख स्थानों की अभी तक उपेक्षा ही होती आई है। हालांकि जिला प्रशासन की ओर से कई बार प्रयास किए गए। बावजूद इसके कोई सफलता नहीं मिल सकी। कुछ ही स्थानों पर कुछ जरूरी सुविधाएं हो सकी हैं। वहीं, गांव के प्रमुख चौराहों पर प्रकाश व्यवस्था न होने के कारण रात के समय अंधेरा रहता है। लेकिन अब जिला पंचायत की ओर से गांव के प्रमुख चौराहों और धार्मिक स्थलों पर प्रकाश व्यवस्था करने के लिए तीन हजार हाईमास्क लाइट लगाने की पहल की गई है। अधिकारियों ने बताया कि इसके लिए शासन से अनुमति लेने के लिए पत्र लिख दिया गया है। जिला पंचायत ने 500 गांवों में सड़क व नाली बनाने की तैयारी पूरी हो चुकी है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही काम शुरू करा दिया जाएगा।

## संदिग्ध हाल में विवाहिता की मौत

पीडीडीयू नगर। आंबेडकर बस्ती की 27 वर्षीय गर्भवती विवाहिता की रविवार की देर रात संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। मायकेवालों ने ससुराल पक्ष पर विवाहिता को प्रताड़ित करने और जान से मारने का आरोप लगाकर कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मुकदमा दर्ज करने की बात कही है। इससे मायका पक्ष में नाराजगी है। बलुआ थाना के तिरगांवा जमालपुर निवासी राजाराम की पुत्री कुसुम की शादी आंबेडकर बस्ती निवासी श्रीनाथ के पुत्र राहुल से 27 नवंबर 2022 को हुई थी। मायका पक्ष के लोगों का आरोप है कि शादी के बाद से ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर कुसुम को प्रताड़ित करते थे। इसको लेकर कई बार पंचायत भी हुई थी। कुछ दिनों पूर्व भी पंचायत के बाद कुसुम की विदाई हुई थी। आरोप है कि ससुराल में गर्भावस्था में भी उसे प्रताड़ित किया जाता था। रविवार की देर रात ससुराल पक्ष के लोगों ने कुसुम की हत्या कर दी है। वहीं ससुराल पक्ष के लोगों का कहना था कि प्रसव पीड़ा होने पर कुसुम को इलाज के लिए ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। कोतवाल विमलेश कुमार मौर्या ने बताया कि पीड़ित परिवार की ओर से तहरीर मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## चंडीगढ़ में तेज बरसात, सड़कों पर भरा पानी, सुखना लेक का एक फ्लड गेट खोला गया

चंडीगढ़। मौसम विभाग ने बताया कि एक जून से मंगलवार शाम 5=30 बजे तक कुल 987.5 एमएम बारिश हुई है। यह इस सीजन में सामान्य से 52.3 फीसदी ज्यादा बारिश है। सोमवार सुबह 8.30 बजे से मंगलवार सुबह 8.30 बजे के बीच 0.6 एमएम और सोमवार को सुबह 8.30 बजे से शाम 5.30 के बीच 1.1 एमएम बारिश हुई है। चंडीगढ़ में बुधवार सुबह से झमाझम बारिश हो रही है। मंगलवार रात करीब 10=30 बजे ही बारिश शुरू हो गई थी। सुबह बरसात बंद हो गई लेकिन कुछ ही समय बाद लगभग 9=30 बजे से तेज बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग के अनुसार सुबह साढ़े आठ बजे तक शहर में 84 एमएम पानी बरसा है। यह पंजाब और हरियाणा के सभी जिलों से ज्यादा बारिश है। बरसात से लोगों को चिपचिपी गर्मी से राहत मिली। इससे पहले मंगलवार शाम को ठंडी हवाएं चलने से मौसम खुशगवार हो गया था। वहीं तेज बरसात के बाद सुखना लेक पर लगा एक फ्लड गेट खोल दिया गया है। गेट खोले जाने के कारण किशनगढ़ गांव और सुखना लेक के पिछले हिस्से की तरफ बनी पुलिया पर यातायात बंद कर दिया गया। ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी जारी की। मंगलवार को शहर का अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम दर्ज किया गया। ऐसा कई दिनों बाद हुआ, क्योंकि पिछले कुछ दिनों से शहर का मौसम सामान्य से अधिक दर्ज किया जा रहा था। शहर का अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 28.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा रहा।

मंगलवार को भी मौसम विभाग ने बारिश का पूर्वानुमान जारी किया था लेकिन ज्यादातर हिस्सों में बारिश नहीं हुई। हालांकि कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हुई है। विभाग के अनुसार इस दौरान 1.1 एमएम पानी बरसा। बुधवार को तेज बारिश का पूर्वानुमान जारी किया गया था। इस दौरान शहर का अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा सकता है।

अब तक सामान्य से 52.3 फीसदी ज्यादा हुई बारिश

मौसम विभाग ने बताया कि एक जून से मंगलवार शाम 5=30 बजे तक कुल 987.5 एमएम बारिश हुई है। यह इस सीजन में सामान्य से 52.3 फीसदी ज्यादा बारिश है। सोमवार सुबह 8.30 बजे से मंगलवार सुबह 8.30 बजे के बीच 0.6 एमएम और सोमवार को सुबह 8.30 बजे से शाम 5.30 के बीच 1.1 एमएम बारिश हुई है।

## संयुक्त टीम ने चौराकला माइनर से हटवाया अवरोधक

भदोही। सदर तहसील क्षेत्र के चौराकला माइनर से सोमवार को अवरोधक हटाया गया। छह किमी वाले इस माइनर को पुल के पास कुछ किसानों ने अवैध तरीके से बांध दिया था। शिकायत के बाद पहुंची पुलिस व नहर विभाग की टीम ने अवैध अवरोधक हटवा कर माइनर को चालू कराया। बारिश न होने से धान की सिंचाई के लिए पानी की मांग बढ़ी है। सिंचाई की जरूरत को देखते हुए नहर विभाग की ओर से केन्हुई पंप कैनाल से पानी भी छोड़ा गया है। मुख्य नहर समेत छह रजबाहा, 12 माइनरों से होते हुए पानी किसानों के खेतों तक पहुंचता है। इस बीच कुछ ऐसे भी किसान हैं जो अवैध तरीके से रजबाहा व माइनरों को बांध कर पानी रोक दे रहे हैं। सदर तहसील क्षेत्र के चौराकला माइनरों को बीते दिनों कुछ किसानों ने अवैध तरीके से बांध दिया। माइनर बांधने के कारण निचले खेतों तक पानी पहुंच गया, लेकिन जिन किसानों के खेत ऊंचे स्तर पर थे। वहां पानी नहीं पहुंच पाया।

इससे किसानों की सिंचाई प्रभावित हो रही थी। ऐसे में किसानों ने जिलाधिकारी सहित अन्य सक्षम अधिकारियों से इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत को संज्ञान में लेकर समस्या के निस्तारण का निर्देश दिया गया। सोमवार को पुलिस सहित नहर विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

## कालाबाजारी कर रखा गया 10 क्विंटल चावल बरामद

जहांगीराबाद। कोतवाली क्षेत्र में सरकारी राशन की कालाबाजारी कर एक मकान में रखा गया 10 क्विंटल चावल पकड़ा गया है। आपूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अनूपशहर एसडीएम नवीन कुमार ने बताया कि गांव शेखूपुर रोरा में राशन की कालाबाजारी की सूचना मिली थी। इसके बाद आपूर्ति निरीक्षक को मौके पर भेजा गया।

इसे मंडी सचिव के सुपुर्द कर दिया है। अनूपशहर आपूर्ति निरीक्षक अविनाश कुमार की तहरीर पर जहांगीराबाद कोतवाली में गांव शेखुपुर रोरा निवासी राहुल और मुकेश कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## गांव से गांव तक जाएगी सड़क, मजबूत होंगे संपर्क मार्ग

### ० सड़कों के निर्माण के प्रस्ताव दिए गए, जल्द जारी होंगे टेंडर

बिजनौर। गांव को पड़ोसी गांव से जोड़ने के लिए इस बार जिला पंचायत 105 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण कराएगी। इनमें 46 मिलोमीटर लंबी 40 सड़कें हॉटमिक्स से बनाने की योजना है, बाकी का निर्माण पुराने ढर्रे पर ही किया जाएगा। इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर लिए गए हैं, जल्द ही टेंडर प्रक्रिया भी हो जाएगी। पिछले वित्तीय वर्ष में जिला पंचायत ने ग्रामीण इलाकों में 37 सड़कों का निर्माण हॉटमिक्स से किया था। बता दें कि हॉटमिक्स से बनने वाली तारकोल सड़क का निर्माण मशीन से किया जाता है। जिसमें कहीं भी दबक देखने को नहीं मिलती। साथ ही सड़क के दोनों ओर सफेद पट्टी बनाई जाती है। जिससे सड़क की सुंदरता ही नहीं बढ़ती, बल्कि रात में सड़क का किनारा भी नजर आता है।

इन सड़कों की गुणवत्ता देखते हुए इस बार शासन ने जिला पंचायतों में सड़क निर्माण का लक्ष्य बढ़ा दिया है। इस बार बिजनौर जिला पंचायत को 46 किलोमीटर लंबी 40 सड़कों का निर्माण हॉटमिक्स से कराने का लक्ष्य दिया गया है। जिसके आधार पर करीब चालीस सड़क बनाई जाएगी। हालांकि जिला पंचायत की ओर से 105 किलोमीटर लंबी सड़कों के निर्माण का खाका तैयार किया है। जिनमें 40 सड़क हॉटमिक्स की शामिल हैं, बाकी सीसी रोड, खडंजा और तारकोल से कुछ सड़क भी बनेंगी। बता दें कि इन सड़कों का निर्माण एक गांव को दूसरे गांव से जोड़ने के लिए किया जाएगा। क्योंकि मुख्य मार्ग से संपर्क मार्ग के सहारे गांव पहले से ही जुड़े हुए हैं। जबकि जिला पंचायत उन जगहों पर सड़क बनाएगी, जो कच्चे रास्ते गांव से पड़ोसी गांव को जोड़ रहे हैं।

हॉटमिक्स से बनाई जाएंगी यह सड़कें = साकेंद्र प्रताप सिंह

जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस बार हॉटमिक्स से बनने वाली सड़कों का लक्ष्य बढ़ाया गया है। पिछले साल बेहतर गुणवत्ता के साथ बनी सड़कों को देखते हुए शासन ने यह कदम उठाया है। जिला पंचायत सदस्यों से उनके क्षेत्रों में निर्माण के लिए प्रस्ताव मांग लिए गए हैं। जल्द ही टेंडर प्रक्रिया भी चालू हो जाएगी।

## कैंसर-शुगर को हराएगी काशी की लाल भिंडी, प्राकृतिक तरीके से दो बीघे में पैदावार; किसानों को फायदे का सौदा

बरेली। बरेली के कृषि विज्ञान केंद्र में प्राकृतिक तरीके से काशी की लाल भिंडी की दो बीघे में पैदावार की गई है। जीवामृत से फसल तैयार की गई है। इसका ट्रायल सफल रहा है। वाराणसी स्थित भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान ने इस प्रजाति को विकसित किया। लाल भिंडी कैंसर-शुगर को हराएगी। भिंडी तो आपने अब तक हरी ही देखी होगी मगर अब लाल भी बाजार में आ जाएगी। बरेली के कृषि विज्ञान केंद्र में ट्रायल के तौर पर दो बीघे में लाल भिंडी की पैदावार की गई है। ट्रायल सफल रहा और पहली तुड़ाई भी हो गई है। यह औषधीय गुणों से भरपूर है। कृषि वैज्ञानिकों का दावा है कि यह भिंडी कैंसर और शुगर जैसी बीमारियों की रोकथाम और उन्हें हराने में मददगार साबित होगी। सब्जी की इस किस्म को विकसित तो वाराणसी स्थित भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान ने किया है। बरेली ने प्राकृतिक तरीके से इसकी पैदावार को आगे बढ़ाया है। इसे काशी लालिमा नाम दिया गया है। मृदा विशेषज्ञ वाणी यादव ने बताया कि इसकी पैदावार पूरी तरह से प्राकृतिक रूप से की गई है। इसमें जीवामृत खाद का प्रयोग किया गया है। यानि बीज डालने के बाद जब पौधा तैयार हुआ तो खाद के तौर पर गाय का गोबर, गोमूत्र, वेसन और पुराने पेड़ के पास से मिट्टी का जीवामृत तैयार कर छिड़काव किया गया है। करीब दो महीने में यह फसल तैयार हुई है। उन्होंने बताया कि यह फसल पूरी तरह से प्राकृतिक रूप से की गई है तो इसका स्वाद भी बहुत अच्छा है।

बीमारियों से लड़ने में है मददगार

कृषि विज्ञान केंद्र के प्रबंधक अमित पिप्पल ने बताया कि काशी लालिमा में एंथोसाइनिन पाया जाता है, जबकि हरे रंग की भिंडी में क्लोरोफिल मौजूद होता है। एंथोसाइनिन लाल भिंडी का कारक होता है। इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स शरीर को स्वस्थ रखने में मददगार हैं। लेक्टिन नाम का स्पेशल प्रोटीन भी पाया जाता है। इससे कैंसर के इलाज में मदद मिल सकती है।

डायबिटीज में भी यह भिंडी ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद करती है। काशी लालिमा भिंडी में आयरन, जिंक, कैल्शियम और प्रोटीन का अच्छा स्रोत है। इसके अलावा काशी लालिमा में फोलिक एसिड पाया जाता है, जो गर्भ में पल रहे बच्चे के मानसिक विकास के लिए बेहद आवश्यक होता है। इस भिंडी का नियमित सेवन करने पर कैंसर, डायबिटीज, हार्ट डिजीज जैसी बीमारियों का खतरा कम होता है।

किसानों के लिए फायदे का सौदा

कृषि विज्ञान केंद्र के प्रबंधक ने बताया कि किसानों के लिए यह फायदे का सौदा है। हर तीसरे दिन इसकी तुड़ाई होती है। हरी भिंडी की तुड़ाई में अगर एक-दो दिन की देर हो जाए तो वह पक जाती है। मगर काशी लालिमा की तुड़ाई में यदि एक-दो दिन की देर होती है तो यह पकती नहीं है। बाजार में किसानों को इसका दाम भी आराम से 80 रुपये किलो तक मिल जाता है। एक हेक्टेयर में करीब 60 क्विंटल तक की पैदावार हो सकती है।

## घर का सामान फेंक कर महिला को किया बाहर

नौगढ़। बटौवा गांव में पुस्तैनी मकान पर कब्जा करने तीन स्कार्पियो से आए 12 से अधिक दबंगों ने महिला को घसीटकर घर से बाहर निकाल दिया और तोड़फोड़ की। विरोध करने पर उसके पुत्र को भी पीटा और घर का सामान बाहर फेंक दिया। महिला की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। नौगढ़ थाना क्षेत्र के बटौआ गांव में सुजान सिंह की मृत्यु हो चुकी है। उनकी पत्नी सरस्वती घर में ही किराने की दुकान चलाती है। मंगलवार को वह घर में बैठी थीं दोपहर दो बजे तीन स्कार्पियो से 12 बदमाश लाठी-डंडे से लैस होकर आए और घर में घुसने लगे। महिला ने आपत्ति जताई तो घसीट कर बाहर कर दिया। घर का सामान बाहर फेंकने लगे।

मां के चिल्लाने की आवाज सुनकर उसका पुत्र प्रवीण पहुंचा तो उसको भी बुरी तरह पीटा और घर में तोड़फोड़ की। गांव के लोग दौड़कर आ गए तो हमलावर घर फूंकने की धमकी देते हुए भाग निकले। सरस्वती कुछ देर बाद हिम्मत कर नौगढ़ थाने पर पहुंची और घटना की जानकारी दी।

## इन फीडरों पर हो रही मात्र चार घंटे आपूर्ति

भदोही। चौरी क्षेत्र के मानिकपुर, चौरी, मई, चौरी बाजार फीडर पर मात्र चार घंटे बिजली मिल रही है। उपभोक्ता प्रेमचंद गुप्ता, राजू सिंह, पवन कुमार, राजबीर सिंह, ओमप्रकाश यादव ने बताया कि उक्त फीडरों का संचालन चौरी उपकेंद्र से होता है। रोस्टर 24 घंटे के लिए निर्धारित है, लेकिन आपूर्ति कब होगी या नहीं कोई समय तय नहीं है। पर्याप्त आपूर्ति न मिलने से उपभोक्ता हवा, पानी, किसान सिंचाई, व्यापारी अपने व्यापार के लिए परेशान रहते हैं। इसी तरह वहिदानगर उपकेंद्र के अरता फीडर उपभोक्ता कमलेश, सुरेश, राहुल, नीला देवी ने बताया कि रात 11 बजे के बाद होने वाली कटौती सबसे अधिक परेशानी बढ़ा रही है। इसी तरह सुरियावां नगर में बाईपास रोड, पेट्रोल पंप के पास खुले में रखे मध्यम वर्गीय ट्रांसफार्मर किसी समय अनहोनी को बढ़ावा दे सकते हैं। नगर निवासी मिथिलेश, सुरेंद, रामलोलारख, हरिओम ने बताया कि इस तरह से कई स्थानों पर भी ट्रांसफार्मर लगे हैं। बार-बार शिकायत होती है कि ऊंचा फाउंडेशन बनवाकर जर्जर हाईटेंशन बदलने से खतरा टलेगा, लेकिन कोई असर विभाग पर नहीं होता। अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार ने कहा कि गर्मी के कारण आपूर्ति खपत अधिक है। मेन आपूर्ति ही रोस्टर ट्रिपिंग होकर सवाल उठा रही है। दो-तीन दिन में समस्या दूर हो जाएगी।

जंगली लतर, हरे पेड़ों की टहनियां बढ़ा रहीं दुश्वारियां

ज्ञानपुर। ग्रामीण और शहरी उपभोक्ता विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में व्यवधान को मुख्य कारण जंगली लतर और हरे पेड़ों की टहनियों को मान रहे हैं। उपभोक्ताओं ने स्पष्ट भी किया कि पुरानी लाइनें आबादी बढ़ने से पूर्व बनी हैं, लेकिन नई लाइनों का निर्माण करते समय विभागीय अधिकारियों की निगरानी को धता बताकर ठेकेदार मनमानी करते हैं। इससे तार और खंभे गलत स्थानों पर लग जाते हैं।

## घर में घुसकर पड़ोसी गांव के युवक ने युवती से किया दुष्कर्म, आरोपी को पुलिस ने दबोचा

भदोही। भदोही जिले के औराई क्षेत्र के एक गांव में युवती से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी फरार होने की फिराक में था।

भदोही जिले के औराई क्षेत्र के एक गांव में युवती से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गांव निवासी एक महिला ने 21 अगस्त को तहरीर देकर आरोप लगाया कि 18-19 अगस्त की रात में पड़ोसी गांव का एक युवक उसके घर में घुस गया। एक कमरे में सो रही उसकी बेटी को अकेले पाकर दुष्कर्म किया। शोर सुनकर जबतक लोग पहुंचते तबतक आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। भदोही एसपी डॉ. मीनाक्षी कात्यायन के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी रामरती बिंद निवासी ठेगीपुर के खिलाफ दुष्कर्म सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने मंगलवार सुबह बाबूसराय के समीप कटरा हाइवे अंडरपास से आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। औराई सीओ उमेश्वर प्रभात सिंह ने कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे न्यायालय से जल्द सजा दिलाने का प्रयास रहेगा।

## एसडीएम ने किया डोर-टू-डोर अभियान का निरीक्षण

भदोही। भदोही तहसील क्षेत्र में चल रहे 15 दिवसीय मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम का सोमवार को एसडीएम शिवप्रकाश यादव ने निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ को जरूरी निर्देश भी दिया। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय हरियांव के बूथ संख्या 240, 241, 242, 243 पर बीएलओ, सभासदों, पूर्व ग्राम प्रधानों के साथ बैठक लेकर पुनरीक्षण कार्यक्रम में सहयोग का आह्वान किया। कहा कि मतदाता सूची में सुधार को लेकर चरणबद्ध तरीके से कार्य करें। नए मतदाताओं को जोड़ें। इसके साथ ही मृतकों का नाम बीएलओ सूची से हटाने का कार्य करें। निरीक्षण के समय हरिशंकर यादव, आशा देवी, सुमन आदि रहे।

## ट्रांसफार्मर जलने से नाराज ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

बुलंदशहर। गांव का सौ केवीए का ट्रांसफार्मर सोमवार की रात जल गया। इससे नाराज होकर ग्रामीणों ने मंगलवार की सुबह ट्रांसफार्मर के समीप खड़े होकर प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि गांव का ट्रांसफार्मर महीने में तीन बार जल गया लेकिन क्षमता वृद्धि नहीं की जा रही है। टांडाकला गांव में सौ केवीए के ट्रांसफार्मर से पूरे गांव में और बाजार में बिजली आपूर्ति होती है। अधिक भार होने के कारण ट्रांसफार्मर अक्सर जल जा रहा है। पिछले साल ग्रामीणों ने चंदौली सांसद और केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्रनाथ पांडेय से शिकायत की। उन्होंने ढाई सौ केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने के लिए पत्र लिखा था, जिसे मंजूरी मिल गई है। इसके बावजूद ट्रांसफार्मर की क्षमता नहीं बढ़ाई गई। सोमवार की रात एक माह में तीसरी बार ट्रांसफार्मर फुंक गया। पूरे गांव की बिजली गुल हो गई और पानी की आपूर्ति भी नहीं हुई। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग के अधिकारी मनमानी पर उतर आए हैं। वर्तमान में 24 घंटे में चार से पांच घंटे बिजली मिल रही है। इससे उपभोक्ताओं को दिक्कत हो रही है। चेतावनी दी कि यदि जल्द ही ट्रांसफार्मर की क्षमता नहीं बढ़ाई गई तो आंदोलन किया जाएगा।

## अनियंत्रित स्कार्पिओ दुकान में घुसी, युवक घायल

बुलंदशहर। अलीनगर थाना क्षेत्र के कोरी गांव के समीप रिंग रोड के पास मंगलवार की शाम स्कार्पियो गुमटी में घुस गई। इससे दुकान पर बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुकान में रखा सामान क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस चालक सहित स्कार्पियो को कब्जे में कर कार्रवाई में जुट गई है। सड़क किनारे बंसी यादव की दुकान गुमटी में है। एक स्कार्पियो अनियंत्रित होकर उनकी दुकान में दुकान घुस गई। दुकान पर बैके कोरी गांव निवासी प्रदीप पासवान ( 32 ) गंभीर रूप से घायल हो गए। पास खड़ी एक बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों ने चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने स्कार्पियो को कब्जे में ले लिया है।

## सिगरेट पीने की लत ने बना दिया चोर, तीन गिरफ्तार

छतारी। पुलिस ने मंगलवार सुबह दुकानों से सिगरेट के बंडल चोरी करने वाले अंतर जनपदीय गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया। सिगरेट पीने की लत ने उनको चोर और ठग बना दिया। इसके बाद यह उनका शौक बन गया।

आरोपियों के पास से 40 हजार रुपये की कीमत के छह सिगरेट के बंडल, पांच हजार रुपये नकदी, एक बाइक और तीन तमंचे बरामद किए गए हैं। क्षेत्राधिकारी डिबाई अजय कुमार ने बताया कि बुलंदशहर और अलीगढ़ क्षेत्र में दुकानों से ठगी करने की शिकायत सामने आ रही थी। इसमें गिरोह के सदस्य सामान खरीदने के बहाने दुकानों पर जाते थे। वहां दुकानदारों का ध्यान भटकाकर उसकी दुकान से सामान चोरी कर लेते थे। देखा गया कि पहासू, छतारी और औरंगाबाद थाना क्षेत्र में एक तरह की घटनाएं हुईं। इसमें आरोपी, दुकानदार से सिगरेट का बंडल लेने जाते थे। इसके बाद वहां से बंडल बदलने और दो लेने के बहाने से एक बंडल ठग लेते थे। सीओ ने बताया कि आरोपियों की तलाश के लिए छतारी पुलिस टीम ने जांच शुरू कर दी। इसमें मंगलवार सुबह तीन बजे गोधा बंबा पुलिस चेकिंग कर रही थी। तभी बाइक सवार तीन युवकों को रोका गया, जिनके पास से जेब में सिगरेट के पैकेट और हाथों में बंडल बरामद हुए। पूछताछ के बाद उन्होंने चोरी व ठगी की घटना को स्वीकार किया।

आरोपियों की पहचान अलीगढ़ के सासनी गेट थाना क्षेत्र में स्थित पठान मोहल्ला निवासी अशरफ, आरिस और जुनैद के रूप में हुई। पूछताछ में बताया कि आरोपी बेरोजगार थे और सिगरेट की लत लग गई थी। शुरूआत में दुकानों से एक या दो डिब्बी चोरी करते थे। पकड़े नहीं गए तो शौक लग गया। इसके बाद बंडल चोरी कर सस्ते दाम में बेचने लगे।

20 दिन में कीं छह वारदात

थाना प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र कुमार ने बताया कि बुलंदशहर और अलीगढ़ जनपद में आरोपी अशरफ के खिलाफ 17, आरिस के खिलाफ नौ और जुनैद के खिलाफ दस मुकदमे चोरी, ठगी, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट में दर्ज हैं। पिछले 20 दिनों में छह घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। दो अगस्त औरंगाबाद, 11 अगस्त छतारी, 14 अगस्त पहासू, 15 अगस्त अलीगढ़ के जवां, 17 अगस्त अलीगढ़ और 19 अगस्त पहासू में चोरी की घटना को अंजाम दिया।

## किशोर का अपरहण कर रहे दो गिरफ्तार

बुलंदशहर। भतीजा रोड स्थित एक कॉलोनी से दो बदमाशों ने सोमवार की रात एक किशोर का अपहरण कर लिया। दोनों बाइक से किशोर को ले जा रहे थे। इसी बीच किशोर दोनों को चकमा देकर भतीजा रोड हाईवे के किनारे भाग निकला। किशोर ने घर पहुंचकर उसने पूरी घटना परिजनों को बताई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसकी शिनाख्त पर कालोनी के ही दीपक कुमार गुप्ता व उसके नाबालिग साथी को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों पर अपहरण का मुकदमा दर्ज पुलिस ने उन्हें कोर्ट में पेश किया। यहां से युवक को जेल और नाबालिग को सुधार गृह भेज दिया गया। कोतवाल संतोष सिंह ने बताया कि नाबालिग के बयान के आधार पर अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है।

## कॉमन सर्विस सेंटर बनेंगी सहकारी समितियां

पीडीडीयू नगर। सभी 83 साधन सहकारी समितियां को अब कॉमन सर्विस सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां किसानों को सभी सुविधाएं ऑनलाइन मिलेंगी। उनको बी-पैक्स नाम दिया गया है। योजना के पहले चरण में 21 समितियों का चयन किया गया है जिसमें चार साधन समितियों पर ये सुविधाएं शुरू भी हो गई हैं। वहीं जनपद में छह साधन सहकारी समितियों पर जन औषधि केंद्र भी खोले जाएंगे। जहां लोगों को काफी कम दाम पर दवाएं मिलेंगी। सहकारिता विभाग की सहकार से समृद्धि योजना के तहत सहकारी समितियों की कार्यप्रणाली में बदलाव को लेकर कार्य शुरू हो गए हैं। सरकार ने पहले ही साधन सहकारी समिति का नाम बदलकर बहुद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति ( बी पैक्स ) कर दिया है। अब उनको कॉमन सर्विस सेंटर के रूप में विकसित करने की तैयारी है। कुल 83 में से 21 समितियां का चयन कॉमन सर्विस सेंटर बनाने के लिए किया गया है। चंदौली की कांटा, बबुरी, धानापुर विकासखंड की अवही और चहनिया के कैलावर समितियों को कॉमन सर्विस सेंटर के रूप में विकसित किया जा चुका है। सेवाएं शुरू भी हो गई हैं। शेष 17 समितियों में भी जल्द से यह सुविधा शुरू हो जाएगी। जन औषधि केंद्र खोलने के लिए छह साधन सहकारी समितियों को चयनित किया गया है। जिनमें बबुरी, नियामताबाद विकासखंड की व्यासपुर, धानापुर की अवहीं, सकलडीहा की नोनार और धूस और चकिया साधन सहकारी समितियां हैं। अन्य साधन सहकारी समितियों के लिए जल्द ही शासन की ओर से प्रस्ताव आने की उम्मीद है।

### जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में 37 बिंदुओं पर समीक्षा बैठक संपन्न

# सड़कों पर ना दिखे छुट्टा जानवर, अभियान चलाकर गोवंश संरक्षण केंद्रों में करें संरक्षित -जिलाधिकारी




अमरेन्द्र त्रिपाठी

बलरामपुर। जिलाधिकारी श्री अरविंद सिंह की अध्यक्षता में 37 बिंदुओं पर विकास कार्यों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा नहरों में टेल तक पानी, नेहरो की सिल्ट सफाई, नई सड़कों का निर्माण, चौड़ीकरण,सुदृणीकरण, ओडीआर, एमडीआर राज्य मार्गो का अनुरक्षण, सेतुओ का निर्माण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, गोवंश संरक्षण, चिकित्सकों की उपलब्धता, गोल्डन कार्ड, परिवार नियोजन, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की स्थिति, दावाओ की उपलब्धता, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, नेशनल एंबुलेंस सेवा, मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम, जननी सुरक्षा योजना, टीकाकरण, सामुदायिक शौचालय, हैंडपंप रिबोर, 15वे वित्त आयोग में खर्च की स्थिति, अपशिष्ट प्रबंधन, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, एनआरएलएम समूह का गठन की स्थिति, मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, मत्स्य पालन हेतु तालाबों का आवंटन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, सामूहिक विवाह योजना, सामाजिक पेंशन योजना, छात्रवृत्ति की स्थिति, कन्या सुमंगला योजना, पोषण अभियान ,सामाजिक वनीकरण, दुग्ध समितियां के गठन की स्थिति, गन्ना मूल्य भुगतान, ऑपरेशन कायाकल्प, स्वरोजगार योजना, श्रम विभाग द्वारा संचालित योजना, प्रधानमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार सृजन कार्यक्रम, सहकारिता विभाग द्वारा समितियां का गठन आदि की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। इस दौरान उन्होंने नहरों की सिल्ट सफाई का क्रॉस वेरिफिकेशन समिति बनाकर कराए जाने का निर्देश दिया। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा सड़कों के निर्माण हेतु अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष कम प्रगति पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई, उन्होंने प्राप्त बजट के सापेक्ष खर्चे में तेजी लाए जाने का निवेश दिया। कृषि विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को विकासखंड स्तर पर कृषि विभाग के साथ-साथ विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की नियमित एवं गहनता के साथ समीक्षा किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की खंड विकास अधिकारी आवास योजना, मनरेगा के कार्यों के साथ-साथ कृषि विभाग की योजनाएं, गोवंश संरक्षण आदि योजनाओं में रूचि दिखाएं एवं विकासखंड स्तर पर इनका सफल क्रियान्वयन करें।

जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि सड़कों पर कोई भी छुट्टा गोवंश ना दिखे, इसके लिए गोवंश संरक्षण केंद्रों की क्षमता में वृद्धि की जाए तथा अभियान चलाकर छुट्टा जानवरों को गोवंश संरक्षण केंद्र में संरक्षित किया जाए। गोवंश संरक्षण केंद्र में संरक्षित गोवंश के लिए पेयजल, हरा चारा, चिकित्सीय सुविधा आदि की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने नेशनल एंबुलेंस सेवा की एंबुलेंस का सत्यापन कराए जाने एवं सत्यापन रिपोर्ट के अनुसार भुगतान किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने सामुदायिक शौचायलयों का प्रयोग आमजनमानस करें इसके लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने तथा स्वयं सहायता समूहों द्वारा इनका संचालन प्रभावी ढंग से कराए जाने का निर्देश दिया।

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के समीक्षा के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि इसमें किसी भी प्रकार की अनियमित ना हो इसका ध्यान रखा जाए वरना संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दिव्यांगजन पेंशन में अभियान चलाकर पात्रों को चिन्हित करते हुए पेंशन योजना का लाभ दिए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए विकासखंड स्तर तहसील स्तर पर मेगा कैंप पर लगाया जाए। कन्या सुमंगला योजना में प्रगति लाए जाने का निर्देश दिया, उन्होंने कहा कि इसमें प्रोबेशन विभाग के साथ-साथ बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग भी शामिल है । सभी संबंधित अधिकारी आपस में समन्वय करते हुए पात्रों को योजना का लाभ दें। दुग्ध समितियां के गठन की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा इसके लिए महिला स्वयं सहायता समूह को आगे लाया जाए। श्रम विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि श्रम विभाग का कार्य एनफोर्समेंट के साथ साथ विकास का भी है। उन्होंने श्रम विभाग की विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण के लिए जिला विकास अधिकारी एवं परियोजना निदेशक डीआरडीए की दो सदस्य टीम में बनाए जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि सभी संबंधी विभागों के अधिकारी विकास कार्यों में तेजी लाए। लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचे यह सुनिश्चित करें। विकास कार्यों से संबंधित अधिकारी नवाचार करने का प्रयास करें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुशील कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए सीपी श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी गिरीश चंद्र पाठक, जिला पंचायत राज अधिकारी निलेश प्रताप सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी, उपनिदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड, निर्माण खंड, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## जिले में बनेंगे 75अन्न पूर्णा स्टोर -जिलाधिकारी

अंबेडकर नगर । सरकार के निर्देशानुसार जिलाधिकारी अविनाश सिंह के प्रयास से जनपद अंबेडकर नगर में 75 दुकानों का निर्माण 75 ग्राम पंचायत में मॉडल शाप( अन्न पूर्णा स्टोर ) के रूप में निर्माण कराया जाएगा।राज्य सरकार लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अधीन वितरित खाद्यान्नों और अन्य अनुसूचित वस्तुओं से भिन्न अन्य वस्तुओं के विक्रय को उचित मूल्य की दुकान की उचित दर दुकान के संचालन की व्यवहार्यता में सुधार लाने के लिये अनुज्ञा प्रदान करेगी।卐 उक्त व्यवस्था के आलोक में उक्त आदेश की अनुसूची ( खण्ड 1-2 ( फ )] में उल्लिखित अनुसूचित वस्तुओं ( 1-गेहूं 2- चावल 3- दाल 4-आटा 5-चीनी 6-खाय तेल 7-मिट्टी तेल 8 मोटा अनाज 9 -नमक ) के अतिरिक्त अन्य वस्तुओं ( 1-जनोपयोगी रोजमर्रा की वस्तुएं यथा साबुन, शैम्पू, टूथपेस्ट, चाय, पेन, कॉपी आदि 2- स्वास्थ्य सुरक्षा सम्बंधी वस्तुएं यथा- ओ0आर0एस0टैबलेट/ घोल, निरोध, सेनेटरी नैपकीन आदि ) के विक्रय की अनुमति शासनादेश संख्या- 8/2019/1687/29-6-2019-135सा0/2015 दिनांक 11-11-2019 द्वारा सशर्त प्रदान की गयी है।

प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि मॉडल शाप मनरेगा के माध्यम से बनाया जाएगा। 75 ग्राम पंचायतो की जमीन का चयन हो गया है।

## जिलाधिकारी ने बृहद गोवंश संरक्षण केंद्र अखलासपुर का किया निरीक्षण

अंबेडकर नगर-। जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा बृहद गोवंश संरक्षण केंद्र चहोड़ा घाट विकासखंड रामनगर का निरीक्षण करने पहुंचे परंतु स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया कि चहोडा घाट में कोई जानवर नहीं रहते हैं यह वृहद गोवंश संरक्षण केंद्र अखलासपुर विकासखंड रामनगर में स्थानांतरित कर दिया गया है। चहोड़ा घाट गोवंश संरक्षण केंद्र के स्थानांतरण की सूचना पशुपालन विभाग द्वारा नहीं दी गई। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया।

इसके उपरांत जिलाधिकारी गोवंश संरक्षण केंद्र अखलासपुर विकासखंड रामनगर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान परियोजना निदेशक दिलीप सोनकर, खंड विकास अधिकारी रामनगर, संयुक्त खंड विकास अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान मौके पर कुल 317 गोवंश पाए गए जिसमें से 187 नर तथा 130 मादा। निरीक्षण के दौरान मौके पर हरा चारा, भूसा ,5 बोरी पशु आहार, विद्युत कनेक्शन, सोलर कनेक्शन, जनरेटर तथा सीसीटीवी कैमरा उपलब्ध पाया गया तथा साफ सफाई व्यवस्था ठीक नहीं पाई गई। गोबर का ढेर भी मिला। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा वर्मी कंपोस्ट खाद बनाकर जरूरतमंद किसानों को देने , वृक्षारोपण करने, नाली, खड़ंजा ठीक करने, बाउंड्री पेंट तथा नियमित साफ सफाई के लिए निर्देशित किया गया।गौशाला में एक गाय हाल ही में बच्चा दिए हुए पाई गई।सहभागिता योजना अंतर्गत दूध देने वाली गायों को कुपोषित बच्चों के परिवारों को देने के निर्देश दिए गए।

जल जीवन मिशन अंतर्गत हथनाराज में निर्माणाधीन पानी की टंकी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। तथा निर्देशित किया गया कि कार्य समय से पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।रास्ते में जिलाधिकारी ने कुछ बकरी पालकों से वार्ता की और प्रदेश सरकार द्वारा पशुपालन विभाग के माध्यम से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी तथा जनपद में आयोजित होने वाली बकरी मेले में आने के लिए प्रेरित किया। साथ ही साथ जिलाधिकारी महोदय ने देसी बकरियों के अतिरिक्त अन्य प्रजातियों बरबरी तथा जमुनापारी आदि बकरियों के पालने के सुझाव दिया गया। बकरी से मीट, दूध, घी तथा अन्य उत्पादन को निर्मित करने के लिए प्रेरित किया गया।

# चन्द्रयान-3 की सफल लैंडिंग पर भारत माता की जय घोष के साथ सभागार गूंज उठा

### अवध विवि में कुलपति की मौजूदगी में चन्द्रयान-3 की सफल लैंडिंग का सजीव प्रसारण दिखाया गया



डा0 नरेन्द्र बहादुर सिंह

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में बुधवार को सायं चन्द्रयान-3 की लैंडिंग का सजीव प्रसारण दिखाया गया।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल की मौजूदगी में शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने चन्द्रयान-3 की सफल लैंडिंग का सीधा प्रसारण देखा। सजीव प्रसारण के उत्साह में छात्र-छात्राओं ने भारत माता के जय घोष के साथ सभागार गुज उठा। कुलपति प्रो0 गोयल ने बताया कि चन्द्रयान-3 की सफल लैंडिंग कर भारत दुनिया का पहला ऐसा देश बन गया जिसने चन्द्रमा के उत्तरी ध्रुव पर साफ्ट लैंडिंग करने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि भारत के इस सफल अन्तरिक्ष अभियान से भारतीयों का सिर गौरव से ऊँचा उठा है। वहीं दूसरी ओर कुलपति प्रो0 गोयल ने फाइन आर्ट्स विभाग द्वारा निर्मित चन्द्रयान-3 रमणीक कलाकृति का लोकार्पण किया। इसके लिए कुलपति ने विभाग की शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को बधाई दी। सजीव प्रसारण के समय अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो0 नीलम पाठक, प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह, प्रो0 चयन कुमार मिश्र, प्रो0 एसएस मिश्र, प्रो0 आशुतोष सिन्हा, प्रो0 विनोद श्रीवास्तव, प्रो0 आरके सिंह, प्रो0 शैलेन्द्र वर्मा, सहित विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# भाजपा ने वोटर महाचेतना अभियान का आगाज किया- विजय प्रताप सिंह




( सत्य प्रकाश पांडेय )

अंबेडकर नगर_आसन्न लोकसभा चुनाव की दृष्टि से मतदाताओं में जनजागृति के लिए भाजपा ने वोटर चेतना महा अभियान की जिला कार्यशाला भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में आयोजित किया।मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री जिला प्रभारी विजय प्रताप सिंह और अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने किया।

जिला प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कार्यशाला में शामिल पदाधिकारियों के उपस्थिति की वृत्त लेने के बाद बुधवार को चंद्रयान 3 के चंद्रमा की दक्षिणी ध्रुव पर सफलता पूर्वक लैंडिंग पर इसरो वैज्ञानिकों और कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि देश की जनता चंद्रयान की सफल लैंडिंग का श्रेय इसरो वैज्ञानिकों को देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का वैज्ञानिकों के मनोबल को बढ़ाने के लिए आभार प्रकट कर रही है।कहा कि चंद्रयान की सफलता से देश का मस्तक ऊंचा हुआ है।वोटर चेतना महाअभियान लोक सभा चुनाव की तैयारी का ही अंश है।कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा है प्रत्येक अवसर पर हमें अपनी क्षमता का उपयोग करना चाहिए।कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में जनता पुनः प्रचण्ड बहुमत से केंद्र में भाजपा की सरकार बनायेगी।

भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि सहित उपस्थित कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए वोटर चेतना महा अभियान के जलालपुर विधान सभा संयोजक धीरेंद्र भारती,आलापुर का आनन्द जायसवाल,अकबरपुर का मनोज गुप्ता गुड्डू,टांडा का अनुराग त्रिपाठी,कटेहरी का डाक्टर अमित त्रिपाठी को बनाए जाने की घोषणा करते हुए कहा कि प्रत्येक जिम्मेदार कार्यकर्ता नव मतदाता बनाने में महत्त्व पूर्ण भूमिका का निर्वहन करने के साथ ही मतदाताओं को सहेजने का भी कार्य करते रहें।संचालन जिला मंत्री पंकज वर्मा ने किया। आभार महा अभियान जिला संयोजक विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू ने व्यक्त किया।

कार्यशाला में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री धर्म राज निषाद,जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा,पूर्व विधायक त्रिवेणी राम,सुभाष राय,विधान सभा पूर्व प्रत्याशी अवधेश द्विवेदी,जिला उपाध्यक्ष मनोज मिश्र,सुमन पाण्डेय, रफत एजाज,डाक्टर रजनीश सिंह,जिला महामंत्री अमरेंद्र कांत सिंह,बाबा राम शब्द यादव,सुरेश कन्नौजिया,दिलीप पटेल देव,लोक सभा विस्तारक राकेश गुप्ता,जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, जिला पदाधिकारी,मण्डल अध्यक्ष गण आदि शामिल रहे।

## जिलाधिकारी द्वारा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को दिए गए कड़े निर्देश

अंबेडकर नगर ।जनपद में गोवंश संरक्षण एवं सरकार द्वारा संचालित गोवंश आश्रय स्थलों / गौ-शालाओं की उचित देखभाल माननीय मुख्य मंत्री जी की सर्वोच्च प्राथमिकता में है और इस सन्दर्भ में जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा बारम्बार निर्देश दिये गये हैं कि समस्त संबंधित अधिकारी अपने-अपने तैनाती क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली समस्त गौशालाओं / गोवंश आश्रय स्थलों का नियमित रूप से निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे।परन्तु माननीय मुख्य मंत्री जी के सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदत्त उक्त कार्यक्रम के प्रति घोर उदासीनता एवं लापरवाही बरती जा रही है और जनपद स्तर पर बैठे जिम्मेदार / नोडल अधिकारियों द्वारा भी इसका अनुश्रवण नहीं किया जा रहा है।

जिलाधिकारी द्वारा सूचना दिनांक 21.08.2023 को पूर्वान्ह में तहसील भीटी विकासखण्ड कटेहरी अन्तर्गत ग्राम खड़्हरा में बनी / संचालित वृहद गौशाला का निरीक्षण किया गया। उक्त के बावजूद इसे पशुओं को समय से न खिलाया जाना संबंधित अधिकारियों / कार्मिकों की गम्भीर लापरवाही एवं उदासीनता का द्योतक है। प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा 15 दिवस में एक बार गौशाला का निरीक्षण किया जाता है। जिलाधिकारी द्वारा दिनांक 21.08.2023 को कड़े निर्देश दिये जाने के बावजूद दिनांक 22.08.2023 को पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किये जाने पर मध्यान्ह 12~11 बजे तक उक्त गौशाला में पशुओं को चारा नहीं दिये जाने का तथ्य संज्ञान में आया है। यहस्थिति अत्यन्त खेदजनक है।स्पष्टहै कि गाय हमारी माता है इस पवित्र बात को यह लोग सिर्फ कागजों में ही मानते हैं, जमीनी हकीकत कुछ और हैं।गोवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित पशुओं के समुचित एवं सुरक्षित रख-रखाव के संबंध में शासन स्तर से प्राप्त दिशा निर्देशों एवं तद्क्रम में जनपद स्तर पर जिलाधिकारी द्वारा बार-बार निर्देशित किये जाने के बाद भी गोवंशों की देखभाल एवं रख-रखाव में उपरोक्तानुसार बरती गयी / बरती जा रही अक्षम्य लापरवाही के लिए संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों / कार्मिकों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम-1960 की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कराकर आवश्यक कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता महसूस हो रही है ताकि उक्त शीर्ष प्राथमिकता के कार्यक्रम में इस प्रकार की घोर लापरवाही / अवांछित प्रवृत्ति को रोका जा सके।

# शिक्षण संकुल करशाला में जिलाधिकारी बोले,शिक्षकों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा जिलाधिकारी

( सत्य प्रकाश पांडेय )

अंबेडकर नगर ।जनपद स्तरीय शिक्षक संकुल कार्यशाला के द्वितीय दिवस में जिलाधिकारी अविनाश सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।अतिथियों के स्वागत की औपचारिकताओं के उपरांत कार्यशाला के संबंध में संक्षिप्त परिचय दिया गया।संचालिका महोदय द्वारा बताया गया कि पूरे एक दिवसीय कार्यशाला में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शिक्षक संकुल द्वारा किए गए प्रयास, निपुण भारत मिशन में दीक्षा एप के महत्व,सामुदायिक सहभागिता, प्रेरणादायक शिक्षण संस्कृति विषय पर चर्चा की जाएगी एवं शिक्षकों द्वारा अपने विद्यालय को निपुण बनाने की दिशा में किए गए प्रयास से संबंधित प्रस्तुतीकरण भी किया जाएगा। शिक्षा क्षेत्र टांडा के विद्यालय चिंतौरा एवं प्राथमिक विद्यालय एनटीपीसी के प्रधानाध्यापक द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया।मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा अपने उद्बोधन में शिक्षकों के द्वारा किए गए प्रयास की सराहना की गई। साथ ही अपेक्षा की गई कि शत प्रतिशत प्रयास करते हुए माह दिसंबर तक अपने विद्यालयों को निपुण बनाएंगे।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा निपुण भारत मिशन के अंतर्गत शिक्षक संकुल को दिए गए दायित्वों को सफलतापूर्वक निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया एवं शिक्षकों से उनके दायित्वों को याद दिलाते हुए कहा कि सभी शिक्षकों का यह दायित्व है कि वह अपने विद्यालय के बच्चों को नैतिक शिक्षा, संस्कृति एवं सभ्यता की शिक्षा भी दें।महोदय ने सभी शिक्षकों से कहा कि वह अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करें ,जो कार्य कर रहे हैं उसे सेवा समझ कर पूरे मनोभाव से करें। इसके अतिरिक्त यदि उन्हें किसी प्रकार की समस्या है तो उचित माध्यम के द्वारा अपनी बात मुझ तक पहुंचा सकते हैं एवं आश्वासन दिया कि आपकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन में जिलाधिकारी महोदय एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदय को आश्वस्त किया गया कि सभी शिक्षक आपकी अपेक्षाओं पर खरा उतारने का प्रयास करेंगे एवं अपने विद्यालय को समय सीमा के अंतर्गत ही निपुण बना लेंगे तथा पूरे राज्य में जनपद अंबेडकरनगर अच्छा स्थान प्राप्त करेगा। इस अवसर पर डायट प्राचार्य ब्रजेश उपाध्याय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अंबेडकरनगर भोलेंद्र प्रताप सिंह ,कार्यक्रम प्रभारी शुचि राय एवं डॉ0 सुरेश कुमार प्रवक्ता डायट एवं डायट प्रवक्ता वीना चौधरी ,दिनेश मौर्य , नित्येश प्रसाद तिवारी, अखिलेश कुमार वर्मा, वीरेंद्र कुमार वर्मा,मोहम्मद अफजल, श्याम बिहारी बिंद, शशिकांत तथा अन्य लोग मौके पर उपस्थित रहे।

## प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त को दिलाई गई सजा

अम्बेडकरनगर, जिला पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना व अभियोजन विभाग से समन्वय कर प्रभावी पैरवी के उपरान्त पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्वेंशन के तहत चिन्हित थाना भीटी पर पंजीकृत मु.अ0.सं0 81/2021 धारा 363,366,376 भादवि व धारा 5/6 पॉस्को एक्ट बनाम सलमान पुत्र पीरु उर्फ पीर मोहम्मद निवासी उमरांवा थाना भीटी जनपद अम्बेडकरनगर को उपरोक्त धाराओं में मा0 न्या0 अपर सत्र न्यायाधीश, ( पॉक्सो-प्रथम ) जनपद अम्बेडकरनगर द्वारा दोषसिद्ध करते हुये अभियुक्त को 20 वर्ष के सश्रम कारावास व 25,000 रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### अखिल भारतीय वैश्य कसौधन महासभा एवं राष्ट्रीय पदाधिकारी सम्मेलन सम्पन्न

# कसौधन समाज को राजनीति सहित अन्य क्षेत्रो में आगे ले जाने का ले संकल्प-कमलापति



डा0 कल्पराम त्रिपाठी

गोण्डा। जिले में अखिल भारतीय वैश्य कसौधन महासभा तथा राष्ट्रीय पदाधिकारी सम्मेलन एवं सम्मान सभा का आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष राजू गुप्ता एवं कमलापति गुप्ता जिलाध्यक्ष गोंडा द्वारा किया गया। बताते चलें कि कार्यक्रम राष्ट्रीय पदाधिकारी सम्मेलन एवं सम्मान समारोह गोण्डा नगर के बड़गाँव स्थित अखिल भारतीय वैश्य कसौधन महासभा ट्रस्ट द्वारा मंगलम मैरिज लॉन में आयोजित हुआ जो राष्ट्रीय अध्यक्ष कसौधन राजू गुप्ता के स्वगौरवमयी उपस्थिति में पदाधिकारी सम्मेलन एवं सम्मान समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस कार्यक्रम में कई जिलों के जिलाध्यक्ष सहित अन्य क्षेत्रों से आये हुए नवनियुक्त पदाधिकारियो एवं संगठन पदाधिकारी,मण्डल पदाधिकारी तथा जिला संगठन के द्वारा सभी पदाधिकारियों को मनोनयन प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कसौधन समाज के उच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्रों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में समाज के निर्धन एवं असहाय वर्ग के बच्चों को पठन-पाठन सामग्री वितरण किया गया। संगठन के द्वारा कसौधन समाज के आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों को फ्री में बढ़ाने का संकल्प लिया। मंच का संचालन कर रहे कसौधन समाज के अनिल कुमार गुप्ता,विनोद गुप्ता के आग्रह पर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजू गुप्ता ने कहा कि दानवरूपी दहेज प्रथा हमारे समाज व समाज के लिए अभिशाप है। आप सभी कसौधन/वैश्य समाज के पुत्र-पुत्रियो का विवाह बिना दहेज के करने का संकल्प लें। जिलाध्यक्ष गोंडा कमलापति गुप्ता ने कहा कि कसौधन समाज को आर्थिक,सामाजिक और राजनैतिक उत्थान के लिए संगठित हो जाना चाहिए। उच्च शिक्षा के लिए समाज को प्रेरित करें क्योंकि शिक्षा हमारे समाज के विकास में सहायक सिद्ध होगी। समाज को पूर्ण रूप से साक्षर बनाना होगा। समाज के लोगो को राजनैतिक गतिविधियों मे अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए बड़े जोश के साथ उत्साह वर्धन किया। जिलाध्यक्ष गोंडा कमलापति गुप्ता ने समाज की माताओ-बहनों को आत्मनिर्भर होने और घर से बाहर निकल कर समाज का नेतृत्व करने का आग्रह किया।

कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए कमलापति गुप्ता ने समाज के युवाओ एवं बुजुर्गो और महिलाओं से आगे बढ़ चढ़ कर समाज को ऊंचाइयों तक ले जाने का आग्रह किया। इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम मोहन वैश्य, प्रेम कुमार वैश्य, दुर्गा प्रसाद कसौधन,सत्य प्रकाश कसौधन,कृष्ण गोपाल कसौधन,मंजीत कसौधन, शिवनाथ कसौधन,रमेश कसौधन रितेश कसौधन,पवन कसौधन और प्रदेश के अनेक जिलों से आये हुए हजारों की संख्या मे वैश्य/कसौधन समाज के लोग उपस्थित रहे।

# सरकार ने बुजुर्गों के लिए कई योजनाएं एवं नीतियां बनाई है- कमलेश कुमार मौर्य

( सत्य प्रकाश पांडेय )

अंबेडकरनगर,उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्रेषित प्लान ऑफ एक्शन 2023-24 के अनुपालन में श्री राम सुलीन सिंह, माननीय जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बेडकरनगर के निर्देशानुसार, वृद्धाश्रम, अकबरपुर, में वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण एवं अधिकार के सम्बन्ध में श्री कमलेश कुमार मौर्य, अपर जिला जज / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बेडकरनगर द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कोविट 19 महामारी को दृष्टिगत रखते हुए जारी दिशा-निर्देशों के अन्तर्गत किया गया। इस विधिक साक्षरता शिविर में वृद्धाश्रम अकबरपुर से श्री सत्यप्रकाश, प्रबन्धक, वृद्धाश्रम, अकबरपुर, एवं वृद्धजन द्वारा प्रतिभाग किया गया।

शिविर को सम्बोधित करते हुये श्री कमलेश कुमार मौर्य, अपर जिला जज / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरणअम्बेडकरनगर द्वारा वृद्धाश्रम में वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण विषय पर जानकारी देते हुये बताया कि बुजुर्ग किसी भी परिवार के हो, वो गहरी जड होते है, जिस पर पूरा परिवार टिका होता है। जिस तरह किसी पेड़ को मजबूत होने के लिये उसका जमीन में गहरी जड़ होना जरूरी है, जैसे किसी घर या बिल्डिंग को ऊंचाई में पंहुचाने के लिये गहरी नींव जरूरी है, उसी तरह परिवार को फलने-फूलने व एक साथ रहने के लिये बुजुर्ग की जरूरत है। वरिष्ठ नागरिकों को उनके जीवन की इस अवस्था में देखरेख करने तथा उन्हें विशेष महसूस कराये जाने की आवश्यकता है वे हमारे समाज का खजाना है उनके कठिन परिश्रम ने राष्ट्र के विकास में सहायता की है आज के युवा उनके अनुभव से सीखकर राष्ट्र को उन्नत बना सकते हैं। सरकार ने बुजुर्गों के लिये कई योजनायें तथा नीतियां शुरू की है इन योजनाओं का उद्देश्य देश भर में वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य, कल्याण तथा उनकी स्वतंत्रता को बढ़ावा देना है। देश में वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण को बढ़ावा देने के लिये केन्द्र सरकार वर्ष 1999 में बुजुर्गों के लिये राष्ट्रीय नीति लेकर आई इस नीति के अनुसार 60 वर्ष तथा उससे अधिक आयु के व्यक्ति को वरिष्ठ नागरिक माना गया है। यह नीति परिवार के बुजुर्ग सदस्यों की देखभाल के लिये परिवारों को प्रोत्साहित करने का प्रयास करती है।

इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में श्री राम सुलीन सिंह, माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बेडकरनगर के निर्देशानुसार दिनांक 09.09.2023 दिन शनिवार को जनपद न्यायालय, अम्बेडकरनगर में कोवित 19 महामारी के अन्तर्गत शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु आज दिनांक 24.08.2023 को श्री रत्नेश मणि त्रिपाठी, माननीय अपर जिला जज प्रथम / नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत की अध्यक्षता में एवं श्री कमलेश कुमार सिंह, अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बेडकरनगर की उपस्थिति में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक प्री-लिटिगेशन वाद नियत कर निस्तारित करवाने हेतु एवं नोटिस के अधिकाधिक तामीला हेतु जनपद के विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया।

इस बैठक में डा0 श्रीकांत शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अम्बेडकरनगर श्री राम बहादुर सिंह, क्षेत्राधिकारी आलापुर, श्री रामसेवक प्रसाद, जिला समन्वयक उपायुक्त राज्य कर श्री प्रमोद कुमार, परिवहन विभाग श्री देवेन्द्र कुमार मौर्य, क्षेत्राधिकारी जलालपुर श्री अविनाश पाण्डेय, स्टाम्प विभाग, श्री संतराम वर्मा, सबरजिस्ट्रार जलालपुर, श्री सुनील कुमार, उपजिलाधिकारी, जलालपुर श्री मोहन लाल गुप्ता, अपरउपजिलाधिकारी / नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, श्री सारभ शुक्ला, उपजिलाधिकारी, आलापुर, श्री सोहन यादव, उपजिलाधिकारी ( न्यायिक ) श्री संजय नाथ तिवारी, क्षेत्राधिकारी, टाण्डा, श्री डी0एस0 पाठक, उपजिलाधिकारी, नीटी उपस्थित आये। बैठक में माननीय अपर जिला जज, प्रथम / नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत, अम्बेडकरनगर द्वारा उपस्थित अधिकारीगण को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में प्री-लिटिगेशन वादों को नियत कर निस्तारित करवाने एवं अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया एवं समस्त क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे समस्त थानों के परोकारों को निर्देशित कर कि वे नोटिसों का तामीला अधिक से अधिक संख्या में करवाने का प्रयास करें जिससे पक्षकारों को उनके वादों की सूचना मिल सके एवं अधिक से अधिक वादों के सुलह समझौता के माध्यम से निस्तारित करवाकर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। सभी उपस्थित अधिकारियों द्वारा निर्देशानुसार कार्य करने एवं राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गई

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2017 अनुक्रमांक 2162385 का अंकपत्र व प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

मो0 मुजम्मिल पुत्र कलीम खान
मोहल्ला-मेवातियान शहर, गोण्डा
पर0तह0 व जिला-गोण्डा

**RNI No. 46071/85**

स्वत्वाधिकारी मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक **टी.रजा रिज़वी** ने विकास प्रिन्टिंग प्रेस, मालवीयनगर, गोण्डा से मुद्रण करवाकर 568, मालवीयनगर गोण्डा (उ0प्र0) 271001 से प्रकाशित किया।

गोण्डा कार्यालय

फोन/फैक्स-05262-230683
मो0- 09415120085

लखनऊ कार्यालय-
फोन- 0522-4028445
मो0- 09415249085

:- E-mail :-
trigutdainik@gmail.com